राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 युवा खिलाड़ियों को मौका देना जारी रखेंगे: रोहित

अमेरिकी ड्रोन हमले में अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी ढेर 12

वर्ष : 10 | अंक : 79 | पटना, बुधवार, 03 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 30.0°C

न्यूनतम तापमान 20.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

पोल

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

हां	40%
नहीं	40%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	53,191
चांदी	55,400
सेंसेक्स	54,308
निफ्टी	18,503

पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी पर महिला ने फेंकी चप्पल

कहा- लुटेरों को एसी कार में अस्पताल लाया जा रहा, इन्हें तो घसीटकर लाना चाहिए था

● पार्थ चटर्जी को मंगलवार को जब मेडिकल जांच के लिए ले जाया जा रहा था, तभी महिला ने उन पर चप्पल फेंकी।

कोलकाता, एजेंसी

बंगाल के चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले में आरोपी ममता बनर्जी सरकार के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी पर एक महिला ने चप्पल फेंकी है। पार्थ पर उस समय चप्पल फेंकी गई, जब उन्हें मेडिकल के लिए कोलकाता के एरक्ष हॉस्पिटल में लाया गया था। महिला यहां अपने परिजन का इलाज करवा रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान गुस्साई महिला ने कहा कि पार्थ चटर्जी जैसे लोग जनता का करोड़ों रुपए लूटकर अपने घर की तिजोरी भर रहे हैं। ऐसे भ्रष्टाचारी को अउ कार में अस्पताल लाया जाता है। इन्हें तो गले में रस्सी बांधकर घसीटकर लाना चाहिए। मैं अपने मरीज के लिए दवा लाने गई थी, लेकिन पार्थ को देखकर मुझे गुस्सा आया और मैंने उसे चप्पल फेंककर मारी। ये चप्पल उसके गंजे सिर पर जाकर लगती तो मुझे ज्यादा खुशी होती। मैं तो नंगे पांव चल लूंगी, लेकिन ऐसे लुटेरों को कब तक सरकारी सुविधा मिलती रहेगी। बता दें कि पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को हर 48 घंटे में एरक्ष हॉस्पिटल में मेडिकल टेस्ट के लिए लाया जाता है। इसके पहले आज सुबह अर्पिता ने एऊको बयान दिया है कि जो भी पैसा उसके फ्लैट से बरामद हुआ है, वह उसका नहीं है और उसे इस पैसे का सोर्स भी नहीं पता। जबकि पार्थ चटर्जी ने कहा कि उन्हें षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है। पार्थ और अर्पिता से जुड़ी 6 प्रॉपर्टी पर आज सुबह से ही एऊ की रेड चल रही है। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सोमवार रात अर्पिता मुखर्जी के बेलघरिया के फ्लैट पर छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, एऊने यहां अपार्टमेंट के CCTV फुटेज खंगाले और एंट्री डायरी भी देखी। जांच-पड़ताल के बाद अधिकारियों ने एंट्री डायरी और माई गेट ऐप का डेटा जब्त कर लिया। अपार्टमेंट के सचिव अमित चौरसिया ने मीडिया को बताया कि टेक्निकल वजहों से CCTV फुटेज नहीं निकाला जा सका है।

ईडी की पूछताछ में पार्थ-अर्पिता ने अब तक क्या-क्या कहा है?

1. **पार्थ चटर्जी:** अर्पिता के फ्लैट से मिले पैसे किसके हैं, मुझे नहीं पता। शिक्षा विभाग में नेताओं की सिफारिश पर नौकरियां दी गईं।
2. **अर्पिता मुखर्जी:** जो पैसा मिला है, वो पार्थ का है। मुझे फ्लैट पर जाने की इजाजत नहीं थी। पार्थ के लोग फ्लैट पर कैश रखने आते थे।

11 बैंकों में दोनों का जॉइंट अकाउंट, 8 करोड़ रुपए रखे

एऊ सूत्रों के मुताबिक 11 बैंकों में पार्थ-अर्पिता के जॉइंट अकाउंट होने की जानकारी मिली है। इनमें 8 करोड़ रुपए होने का सबूत मिला है। एजेंसी जल्द ही इन खातों को सीज करने की तैयारी में है। वहीं, एऊपार्थ के करीब 15 और ठिकानों पर छापा मारने की तैयारी में है।

पेंटहाउस के बारे में जानकारी मिली, 2 फ्लैट भी

एऊसूत्रों को अर्पिता के जिस फ्लैट से 22 करोड़ रुपए कैश मिले थे, उस सोसाइटी में पार्थ ने अलग-अलग नामों से एक पेंटहाउस और दो फ्लैट्स खरीद रखे हैं। छापेमारी के बाद सोसाइटी के ऐप से इन फ्लैट्स के बारे में जानकारी हटा दी गई है।

नेशनल हेराल्ड के 16 ठिकानों पर छापे

सोनिया-राहुल से पूछताछ के बाद कार्रवाई, राहुल बोले- तानाशाह के हर फरमान से हम लड़ेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने मंगलवार सुबह नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापे मारे हैं। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई है। इस कार्रवाई के कुछ देर बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि कांग्रेस आप लोगों की है और आप कांग्रेस की ताकत हैं। हमें तानाशाह के हर फरमान से लड़ना है। इधर, छापेमारी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इन्होंने सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए।

राहुल ने कहा- जनता की आवाज दबाने की कोशिश

ईडी की कार्रवाई के दौरान ही राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपके लिए, मैं और कांग्रेस पार्टी लड़ते आ रहे हैं और आगे भी लड़ेंगे। आज देश में किन मुद्दों पर विचार-विमर्श होना चाहिए, ये आप अच्छे से जानते हैं, क्योंकि सरकार की हर गलत नीति का असर आपके जीवन पर पड़ रहा है। ये सरकार चाहती है कि आप बिना सवाल किए तानाशाह की हर बात को स्वीकार करें। मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूं, इनसे डरने की और तानाशाही सहने की जरूरत नहीं है। ये डरपोक हैं, आपकी ताकत और एकता से डरते हैं, इसलिए उस पर लगातार हमला कर रहे हैं। अगर आप एकजुट हो कर इनका सामना करेंगे।

राज्य में पहली बार कंप्यूटराइज्ड ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से कर्मियों की पोस्टिंग

पटना, प्रात : किरण

राज्य में पहली बार कंप्यूटराइज्ड ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से कर्मियों की पोस्टिंग की गयी है। इसके लिए एनआईसी के द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर का सहारा लिया गया। राज्य के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री रामसूरत राय ने मंगलवार को विभाग के 4353 कर्मियों को जिलों के आवंटन के लिए कंप्यूटराइज्ड ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम का तरीका अपनाया। इसी सिस्टम से कर्मियों की पोस्टिंग की गयी है। इसके लिए एनआईसी के द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर का सहारा लिया गया। कुल 14 राउंड के रैंडमाइजेशन के बाद इन कर्मचारियों की पोस्टिंग का जिला तय किया गया। विभागीय मंत्री रामसूरत राय ने बताया कि कर्मचारियों की सूची जिला आवंटन के बाद विभाग के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। मंत्री रामसूरत राय ने बताया कि राज्य में फिलहाल 8463 राजस्व कर्मचारियों के पद हैं। उनके स्थान पर मात्र 17 सौ कर्मचारी काम कर रहे हैं। इस वजह से राजस्व कर्मचारियों पर काम का लोड ज्यादा था और वे अवैध सहायक रखते थे। इसकी शिकायत जनता के द्वारा मिल रही थी कि अवैध सहायक अवैध वसूली करते हैं। इस नई बहाली और पोस्टिंग से कर्मचारियों का बोझ कम होगा और जनता का काम तेजी से होगा। लोगों को उगाही से भी छुटकारा मिल जाएगा। सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि कर्मियों की पोस्टिंग में पूरी पारदर्शिता बरतने के लिए कंप्यूटर से लॉटरी सिस्टम का सहारा लिया गया है। इसमें किसी की पैरवी नहीं सुनी गई है और न जात-पात के आधार पर जगह दी गई है। जिनके भाग्य में जो जिला मिला, वहां उन्हें जाना पड़ेगा। फिलहाल इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

●4353 कर्मियों के जिला आवंटन में राजस्व विभाग ने अपनाया यह तरीका

●पारदर्शिता बरतने के लिए लॉटरी सिस्टम का लिया गया सहारा : रामसूरत राय

संक्षिप्त खबर

मंकीपॉक्स से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं: सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत में अभी तक मंकीपॉक्स के आठ मामले सामने आए हैं और इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए हरसंभव निगरानी की जा रही है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंकीपॉक्स से जुड़े पूरक सवालों का जवाब देते हुए मांडविया ने यह भी कहा कि इससे घबराने या डरने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह कोविड-19 बीमारी की तरह तेजी से नहीं फैलती है बल्कि बहुत नजदीकी संपर्क में आने पर ही यह संक्रमण फैलता है। उन्होंने बताया कि मंकीपॉक्स के संक्रमण की जांच के लिए देश के 15 संस्थानों को चिह्नित किया गया है और आवश्यकता पड़ी तो इसमें अन्य संस्थानों को भी शामिल किया जा सकता है।

ढांचागत विकास में आयुष मंत्रालय तेजी से कर रहा है काम : सवार्नंद सोनोवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय आयुष मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने मंगलवार को कहा आयुष क्रांति के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मंत्रालय देशभर में विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचा के विकास के लिए काम कर रहा है। करीब 41 आयुष आधारभूत परियोजनाएं जिनमें कि नए भवनों के निर्माण के साथ ही वर्तमान राष्ट्रीय संस्थाओं को आधुनिक करने के लिए करीब 1955.45 करोड़ रुपए व्यय किया जाना है। मंगलवार को राष्ट्रीय संस्थाओं के भवन निर्माण और केंद्र की परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में करीब दो हजार करोड़ की ढांचागत परियोजनाओं को समय से पूरा करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर आयुष मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने कहा कि समय सीमा में राष्ट्रीय संस्थानों के भवन निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। जिससे आयुष अपनी सेवाएं बेहतर तरीके से प्रदान कर सके।

पशुपालन प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार तत्पर : तारकिशोर प्रसाद

●उपमुख्यमंत्री बोलें- पशु चिकित्सालय और कार्यालय भवनों के अनुरक्षण हेतु 732 लाख की योजना स्वीकृत

पटना, प्रात : किरण

पशुपालन क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण एवं विकास हेतु बिहार सरकार प्रतिबद्ध और तत्पर है। राज्य सरकार ने वर्ष 2022-23 में 732 लाख के अनुमानित लागत पर राज्य स्कीम के अंतर्गत पशु चिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य की योजना के तहत पशु चिकित्सालय, औषधालय और कार्यालय भवनों के अनुरक्षण एवं रख-रखाव की योजना की स्वीकृति प्रदान की है। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस स्कीम का उद्देश्य पशुपालन क्षेत्र के तहत पूर्व से निर्मित पशु चिकित्सालयों, औषधालयों, कार्यालय भवनों का अनुरक्षण एवं रखरखाव करना है, ताकि पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 350 पशु चिकित्सालयों, औषधालय और कार्यालय भवनों का अनुरक्षण एवं रखरखाव का कार्य होना है। इस योजना के अंतर्गत संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा मत्स्य निदेशालय के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता अथवा कनीय अभियंता या जिला स्तर पर भवन निर्माण विभाग या अन्य का सरकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता अथवा कनीय अभियंता के माध्यम से अनुरक्षण एवं रख-रखाव का प्राक्कलन तैयार कराया जाएगा। इसके लिए प्रति पशु चिकित्सालय, औषधालय, कार्यालय भवन के लिए अधिकतम ढाई लाख रुपया आकलित है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य स्कीम अंतर्गत सामान्य घटक के तहत 500 लाख रुपए, अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक के तहत 217 लाख रुपए तथा जनजातीय क्षेत्र उप योजना के तहत 15 लाख रुपए सहित कुल 732 लाख रुपए अनुमानित लागत व्यय की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन और मत्स्य पालक हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी हैं। बिहार सरकार पशुपालकों के जीवन में खुशहाली एवं उन्हें बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से इस योजना की स्वीकृति प्रदान की है।

ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए अक्षय ऊर्जा का करना होगा उपयोग : बिजेन्द्र यादव

पटना, प्रात : किरण

ऊर्जा विभाग में जल जीवन हरियाली मिशन दिवस मनाया गया। साथ ही सौर ऊर्जा उपयोग का प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत विषय पर परिचर्चा भी की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत बिहार के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि जल और हरियाली, जीवन के आवश्यक तत्व हैं। आज ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जल जीवन हरियाली मिशन का परिणाम काफी सकारात्मक है। हम अपने विकास के लिए प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते आ रहे हैं। हालांकि अब समय की यह मांग है कि हम सतत विकास का रास्ता अपनाएं। आज रिन्यूअल एनर्जी समय की मांग है। हमें हर हाल में कार्बन उत्सर्जन को घटाना होगा नहीं तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। ग्लोबल वार्मिंग एवं प्रदूषण से बचना है, तो हमें अक्षय ऊर्जा का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। वहीं बीएसपीएचसील के सीएमडी संजीव हंस ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 14 लाख लाइट लगायी जाएंगी, जिससे गांव समृद्ध होंगे। कहा कि हमें गैर जीवाश्म ईंधन को बढ़ावा देना होगा। राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर 24 घंटे हरित ऊर्जा के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा ऊर्जा विभाग परिवहन विभाग के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक वाहन के चार्जिंग प्वाइंट के लिए आधारभूत संरचना के निर्माण में सहयोग कर रहा है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के द्वारा जिस बिल्डिंग में 100 किलो वाट बिजली की खपत है, उस परिसर को हरित बिल्डिंग बनाने का कार्य किया जा रहा है। इको निवास संहिता पर भी काम हो रहा है, जिसका फायदा बिहार के लोगों को मिलेगा। जल-जीवन हरियाली मिशन के निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत जल-जीवन-हरियाली मिशन का दसवां कंपोनेंट है। राज्य की भागौलिक संरचना के कारण यहां अक्षय ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। सभी विभागों को ऊर्जा बचाने के लिए मिलकर काम करना होगा। एनबीपीडीसीएल के एमडी प्रभाकर ने कहा कि बिहार में बिलिंग क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। हर घर बिजली लगाने का शत फीसदी लक्ष्य पूरा हो गया है। एसबीपीडीसीएल के एमडी महेंद्र कुमार ने कहा कि ऊर्जा बचत की दिशा में ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर तेजी से काम हो रहा है। हम स्मार्ट मीटर से स्मार्ट ग्रिड की ओर बढ़ रहे हैं। हम साइबर सिक्योरिटी सिस्टम को मजबूत बनाने पर भी काम कर रहे हैं। बिहार में अब तक कुल 9.50 लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए हम समय समय पर वर्कशॉप का आयोजन तो करते ही हैं। कई जगहों पर हमनें पारंपरिक मीटर एवं स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ताओं को यह दिखाया है कि दोनों मीटर के रीडिंग में कोई फर्क नहीं है।

●जल जीवन हरियाली दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलें ऊर्जा मंत्री

अगले माह में सातवें चरण के नियुक्ति की प्रक्रिया होगी शुरू : विजय चौधरी

पटना, प्रातः किरण। शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि छठे चरण की चल रही शिक्षक नियोजन प्रक्रिया इस माह के अंत तक पुरी हो जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अगले माह सभी जिलों से रिक्तियों की सूची मंगाकर सातवें चरण के नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को जदयू कार्यालय में आयोजित कार्यकताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद उक्त बातें कही। एक सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि जातीय जनगणना का पेपर वर्क चल रहा है।

सामाजिक एवं आर्थिक सारी जानकारियां इसके माध्यम से सामने आएंगी। त्रुटि रहित जातीय जनगणना के लिए आवश्यक फॉर्म तैयार किए जा रहे हैं तथा सभी कर्मचारी को प्रशिक्षण भी देना होगा। सीमांचल के कुछ स्कूलों में शुक्रवार को हो रही छुट्टी के संदर्भ में एक सवाल का जवाब देते हुए श्री चैधरी ने कहा की जिलों से विस्तृत प्रतिवेदन आने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने परिवारवाद के आधार पर चल रही पार्टियों के संदर्भ में आए बयानों के सवाल पर कहा की जदयू शुरू से इस परिवारवाद की परंपरा के विरुद्ध रही है।

व्यवस्था डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिसिंग के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की...

फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें : डीजीपी

पटना, प्रात : किरण

प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए डीजीपी एसके सिंघल लगातार मॉनिरिंग कर रहे हैं। इस कड़ी में डीजीपी ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ पुलिसिंग के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। सबसे पहले उन्होंने लंबित कांडों के निष्पादन और गिरफ्तारी को लेकर दिए गए निदेशों के अनुपालन की जिलावार समीक्षा की। विशेषकर थानों में उपलब्ध मानव संसाधन के अनुपात में कांडों के निष्पादन और गिरफ्तारी के अनुपात पर बातचीत की। बैठक में उन्होंने जिलों के एसपी को उनके क्षेत्र के प्रत्येक थाने के पुलिस अधिकारियों से नियमित बात करने और उनके लिए दायित्वों निर्धारित करने का टास्क सौंपा। निर्देश दिया कि एसपी प्रत्येक थाने तक अपना संपर्क रखें। साथ ही जिला पुलिस के पास उपलब्ध हर संसाधन पर एसपी की मजबूत पकड़ होनी चाहिए। ताकि उसका भरपूर इस्तेमाल आमलोगों के लिए किया जा सके। डीजीपी ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वह अपने अधीन सभी थानों के पुलिस अधिकारियों से नियमित बात करें। इस दौरान उनके लिए दायित्व भी निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस के प्रत्येक आयाम का आधार ससमय कांडों का निष्पादन और अपराधियों की गिरफ्तारी से जुड़ा है। इससे न सिर्फ अपराधियों में भय बनता है बल्कि गिरफ्तारी व कायदे-कानून से पुलिस भी सुदृढ़ होगी। बैठक के दौरान एडीजी मुख्यालय जेएस गंगवार ने कहा कि लंबित कांडों के अनुपात में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने रोको-टोको और फोटो खींचो अभियान को उदाहरण के तौर पर रखा। कहा कि एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर अपने अधीन प्रत्येक थाने की गिरफ्तारी की रोजाना मॉनिटरिंग करें। वहीं एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यों की एसपी को रोज समीक्षा करनी चाहिए। इसके आधार पर चेतावनी या पुरस्कार भी दें। एडीजी मख्यालय ने फील्ड के अफसरों को उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में लोक अभियोजकों को समय पर केस डायरी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, पुलिस गवाह को ट्रायल में खासकर जिसकी मॉनिटरिंग अदालत द्वारा की जा रही है उसमें समय पर उपस्थित कराने के भी निर्देश उन्होंने दिए। एडीजी ने कहा कि पुलिस बल की पैदल मूवमेंट कराएं और टारगेट तय कर गिरफ्तारी की जाए। बैठक के दौरान आईजी मद्यनिषेध ने एंटी लीकर टास्क फोर्स की सराहना करते हुए इसे बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं एडीजी सीआईडी जितेन्द्र कुमार ने रेंज आईजी-डीआईजी व एसपी के साथ डकैती व लूट के मामलों की वृहद समीक्षा की।

●गिरफ्तारी और कायदे-कानून से ही सुदृढ़ होगी पुलिस

संक्षिप्त खबरें

बीडीओ ने बनमनखी एवं रुपौली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के साथ किया बैठक, दिये कई आवश्यक निर्देश

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी। प्रखंड सभा कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में बारी बारी से बनमनखी विधानसभा एवं रुपौली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ के साथ बैठक आहूत की गई। आहूत बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्वनी कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं निर्वाचन विभाग बिहार पटना के निदेशानुसार एक अगस्त से वर्तमान मतदाता पंजीकरण से संबंधित प्रपत्र 6, 6 क, 7, 8 एवं प्रपत्र 8क में संशोधन संबंधी सूचना प्राप्त है। उन्होंने बताया कि अब नए प्रपत्र के माध्यम से निर्वाचक सूची से संबंधित सभी कार्य किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। साथ ही सभी निर्वाचकों के आधार संख्या को इपिक से लिंक करने हेतु प्रपत्र 6ख के माध्यम से आधार संख्या संग्रहण का कार्य किया जाना है। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी अपने अपने क्षेत्रों के निर्वाचकों से आधार संख्या संग्रह कर इसे इपिक से लिंक करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को महाअभियान का रूप देकर जल्द पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर कार्य का विस्तृत प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को आधार संख्या से इपिक को जोड़ने के लिए जागरूक करते हुए इस कार्य को पूर्ण करें। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्वनी कुमार बीएलओ राजेश विश्वास, चंदन जायसवाल, रामचंद साह, संतोष पासवान, अरुण साह सहित दोनों विधानसभा क्षेत्र के अन्य बीएलओ उपस्थित हुए।

वाहन जांच अभियान से अवैध वाहन चालकों में मचा हडकंप

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी। प्रखंड क्षेत्र में बड़हरा थाना पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वाहन जांच अभियान से अवैध वाहन चालकों में हड़कंप व्याप्त हो गया है। बड़हरा थाना में पदस्थ एएसआई राशिद अंसारी के नेतृत्व में श्यामा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटोत्तर के निकट वाहन जांच किया गया। जांच के क्रम में हेलमेट, जूता, ड्राइविंग लाइसेंस सहित वाहन संबंधित अन्य दस्तावेजों का जांच किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आवश्यक दस्तावेज नही रहने के कारण कई वाहन चालकों से आवश्यक दस्तावेज का मांग किया गया है। खबर लिखे जाने तक जांच जारी है।

जदयू नेता वसीम कमाली अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत, कार्यकताओं में खुशी

पूर्णिया। पूर्णिया जिला अन्तर्गत धमदाहा अनुमंडल के कुकरौन अमारी गांव के मो अख्तर कमाली उर्फ मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार मनोनीत किया गया है। मो वसीम कमाली ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के लिए मुख्यमंत्री बिहार के नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू सह सासंद मुन्गेर लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू ससंदीय बोर्ड सह विधान परिषद् बिहार उपेन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव जदयू सह विधान परिषद् बिहार मो आफाक अहमद खान, वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह, बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार सह पूर्व उपसभापति विधान परिषद् बिहार मो सलीम प्रवेज, मंत्री लेशी सिंह, बीमा भारती पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्णिया लोकसभा सासंद संतोष कुशवाहा को मुबारकबाद और शुक्रिया अदा किया। वसीम कमाली ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 अक्तूबर 1994 ईस्वी से निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ, जुझारू और संघर्षशील सिपाही हैं। जनता दल जार्ज से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की। समता पार्टी के पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न पद पर रहें। छात्र, युवा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जैसे अनेक प्रकोष्ठ में रहें। मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार बनने पर पूर्णिया जिला समेत समस्त बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अन्य समुदाय में काफी खुशी है।

भाजपा जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

गया, प्रात : किरण संवाददाता

गया जिला आज अपना कार्यलय उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के द्वारा विडीयों कांनफ्रेसिग के माध्यम से किया गया हैपहले भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा के द्वारा गौमाता का पूजन कर भाजपा कार्यालय में विधिवत प्रवेश कराया गया है। इसके बाद हवन पूजन किया गया है , हवन पूजन के बाद कार्यकताओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया है।

नये कार्यलय मे कार्यकताओं को विडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संबोधित करते हुए कहा बिहार में 16 जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया है और 6 जिला कार्यालय का शिलान्यास किया गया है संगठन को सुदृढ़ करने के लिए कार्यकता, कार्यालय और कार्यक्रम की आवश्यकता होती है। भारतीय जनता पार्टी के पास कार्यकता है कार्यालय भी हो गया और पार्टी के पास कार्यक्रम तो जारी ही है। हमारी पार्टी का कार्यक्रम विकास का ऐजेंडा है, जो भारत के जनप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी जिसमें लाखों कार्यकता का खुन पसीना लगा है तब जाकर देश के आमलोगों तक विकास कि किरण पहूंचने लगा है। हमलोगों को आज खुशी का पल है कि भाजपा तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के सफल निर्णय के कारण पूरे देश में जिला कार्यालय का सपना पूरा हो रहा है। भारत में 724 जिलों में कार्यालय बनाने का निर्णय हुआ था और आज 266 कार्यालय शुरू हो चुका है 400 का निर्माण जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो विचार धारा का आगाज किया था वह पूर्ण हो रहा है। भाजपा उनके विचार धारा को आगे बढ़ाते हुए अपना कार्यक्रम तय कर रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने यह दिखा दिया है कि भारत अब किसी के आंख दिखाने से डरने वाला नहीं बल्कि आंख में आंख डालकर बात करने वाला देश है। यह सब तब संभव हुआ जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और देश वासियों का विश्वास भाजपा के नेता नरेंद्र भाई मोदी पर हुआ है। भाजपा जिला कार्यालय गया में उपस्थित कार्यकताओं ने ताली बजाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिवादन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को उपस्थित कार्यकताओं ने गया जिला कार्यालय का नया भवन मिलने पर बधाई दिया है।

भाजपा गया जिला अध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा आज हम सबों को गर्व है कि नया कार्यालय भवन के उद्घाटन का गवाह बनने का मौका मिला है। भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ता के मन एक नया उल्लास का संचार हुआ है। यह कार्यालय अत्याधुनिक ढंग से बनाया गया है जहाँ पर हमलोग छोटा से बड़ा बैठक कर सकते हैं। इस कार्यालय में दो बड़ा हॉल के साथ साथ 13 कमरा के साथ बाथरूम किचेन भी मौजूद है। अभी कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय और कैलाश पति मिश्रा के चित्रों को पदस्थापित किया गया है। इस अवसर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य क्षितिज मोहन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ललिता सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र राम, नरेश चौधरी, अजय कुमार, प्रेम प्रकाश, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, नरेंद्र सिंह दांगी, डॉ अनुज कुमार, जिला मिडिया प्रभारी युगेश कुमार, जिला महामंत्री गोपाल यादव, प्रशांत कुमार, जिला मंत्री किरण पाण्डेय, व्यकटेश शर्मा, संतोष ठाकुर, सत्येंद्र पाण्डेय, सम्फूल देवी, नीमा कुमारी, विनोद सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना कुमारी, डॉ शालिनी सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा गजेंद्र दास, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कुमार सिंह, भोला मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, कुमार सत्यशील, महेश शर्मा, सरयु ठाकुर, राजेश कुमार, संतोष कुमार छोटे, श्याम सिंह, उपस्थित थे।

सीतयोग के शिवमंदिर का छठा वार्षिकोत्सव का भव्य रुद्राभिषेक संपन्न

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्थापित शिवमंदिर का छठा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव सोमवार से आरंभ हो गया इस आयोजन के तहत शिव मंदिर में 24 घंटे का रामधुन का शुभारंभ हुआ, जो मंगलवार प्रातःकाल तक चलता रहा। राम नाम के इस संगीतमय अखंड कीर्तन से पूरा बियाडा परिसर गुंजायमान हो गया. भक्तगण हरे राम हरे कृष्ण गाते मंदिर परिक्रमा भी कर रहे हैं।संस्थान के सचिव डॉ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थापित शिव मंदिर सीतयोग परिवार के आस्था का केंद्र है। मंगलवार को रुद्राभिषेक आयोजन के बाद प्रसा वितरण और गणमान्यों की उपस्थिति में भजन कीर्तन कार्यक्रम संपन्न किये जायेंगे। इधर, सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कोविड बूस्टर डोज क टीकाकरण शिविर लगाया गया तथा लोगों ने बढ़-चढ़कर बूस्टर का डोज भी लगवाया। यह संदेश देते हुए की यकीनन हम तकनीक में विश्वास रखते हैं लेकिन हम अपनी आस्था के प्रति भी सचेत है।

दो मुहर्रम की रात्रि सासाराम मोहर्रम की मिट्टी के जुलूस में रही काफी भीड़

मुहर्रम की 8 से 10 तारीख को ताजियादारी, नाल व कर्बला के शहीदों की याद में शोक व अन्य रस्मों में भी रहेगी भीड़

सासाराम, प्रात : किरण संवाददाता

शहर और कस्बे के मुहर्रम ताजियादारी और उसके मेल, नाल साहिब गश्त, मिट्टी लाने जुलूस, अखाड़ा, कर्बला के शहीदों की याद, कुरान पाठ, फातिहा फतुह और अन्य रसूमात ने शहर को लंबे समय तकके लिए प्रसिद्ध बना दिया है।

लखनऊ के साथ-साथ भारत के दो-चार जगहों में सासाराम का नाम भी बच्चों, बूढ़ों, नौजवानों के जज्बा और हौसला को देखकर लिया जाता है, मोहर्रम के सभी रीति-रिवाजों को देखने, दूर-दूर रहने वाले शहर के लोग भी आ जाते हैं। इस अवसर पर सासाराम या जिला के लोग ही नहीं, यहां तक कि कई अन्य प्रांतों, जिलों और क्षेत्रों के लोग भी मोहर्रम देखने के लिए सासाराम आते हैं। मुहर्रम की पहली तिथि से हरबा, शरबत फातिहा, कुरान का पाठ, फातिहा फतुह का सिलसिला शुरू होता है, इमामबाड़ा के लिए मिट्टी लाने का सिलसिला दिनांक दो मुहर्रम को मियां महल, किरण सराय, कबीरगंज, कंपनी सराय, चोखंडी, कबीर कॉलोनी की मिट्टी भारी जुलूस भीड़ और उत्साह के साथ आती है जो आई एवं चार और पांच मोहर्रम को लगभग सभी इमामबाड़ों की मिट्टी आती है जो स्थनीय कर्बला से आती है जिसके जलूस की भीड़ देखते बनता है मुहर्रम की 8 और 9 तारीख को काफी कुछ होता है महल्ला करनसराय रोशनी गली, छोटा और बड़ा शेखपुरा, शाह जलाल पीर, खानकाह अब्दाली शाहजुमां और अन्य स्थानों पर कर्बला के शहीदों की याद में रोशनी व ज़िक्रे शोहदाए कर्बला का होना मशहूर है जहां स्थानीय और भारतीय कवियों, वक्ताओं की प्रस्तुति और भागीदारी होती है। मुहर्रम की 8 और 9 तारीख को नाल, ताज़िया गश्त, अखाड़ा शहर को एक संदेश देते हैं कि यहां की धर्म जाति सामुदायिक एकता काफी स्वक्ष है, और दस दिनों तक मोहर्रम में शहर में रहने के बाद सभी एक संदेश लेकर जाते है, मुहर्रम की 10 तारीख को आने वाले वर्ष तक के लिए शहीदान ए कर्बला का ज़िक्र उनके नाम फातिहा, नाल और ताजिया श्रृंखला की अगले वर्ष तक के लिए समाप्ति होती है। लेकिन इसका चालीसवाँ मोहर्रम समाप्ति के चालीस दिन बाद होता है, इसमें भी कुछ उसी तरह से कई कार्य होते हैं जिस प्रकार मोहर्रम में होते हैं। प्रशासनिक व्यवस्था भी चूस्त दुरूस्त रहती है।

पूर्णिया नगर निगम के लोगों की मेयर के रुप में पहली पसंद हैं राजकुमार चौधरी

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

अभी नगर निगम चुनाव के तिथि की घोषणा विधिवत रुप से हुई भी नहीं है किंतु पूर्णिया में नगर निगम में सियासी ताना-बाना दिखना आरंभ हो गया है। मेयर प्रत्याशी के रूप में कई नाम सामने आने लगे हैं. इन नामों में कई पुराने और चर्चित चेहरे हैं तो कई नए चेहरे भी। मेयर प्रत्याशी के रूप में अलग-अलग नामों को लेकर मतदाताओं की बीच चचाओं का दौर भी तेज हो गया है। इन नामों के बीच एक नाम ऐसे भी हैं जो आम मतदाताओं के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है और वह नाम है शहर के जाने-माने हस्ती कुशल बिजनेसमैन राजकुमार चौधरी का। इन दिनों शहर का ऐसा कोई चौक चौराहा नहीं जहां नगर निगम चुनाव की बात हो और राजकुमार चौधरी के नाम की चर्चा न हो। पूर्णिया नगर निगम में मेयर पद के होने वाले चुनाव में आखिर ऐसी क्या विवशता है कि मेयर प्रत्याशी के अलग-अलग नामों के बीच मतदाताओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है राजकुमार चौधरी। पत्रकारों की एक टीम जब भावी प्रत्याशी को लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग उम्र के महिला पुरुष और युवा पीढ़ी के मतदाताओं से इस विषय को लेकर चर्चा की कि आखिर ऐसी क्या विवशता है कि आज पूर्णिया नगर निगम में मेयर पद के लिए एक ऐसे व्यक्ति का नाम खासा चर्चा का विषय बना हुआ है जो शुद्ध रूप से कुशल व्यापारी हैं जबकि पूर्णिया नगर निगम को विकास की राह पर लेकर चलने वाला कई राजनीतिक व्यक्ति का भी नाम सामने आ रहा है। इन सारे प्रश्नों के जवाब में लोगों के बीच से एक ही तथ्य सामने आया कि आज पूर्णिया नगर निगम में मेयर पद के लिए एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जिनमें सच्चाई के मार्ग पर कुशल नेतृत्व की क्षमता हो, साथ ही उनमें नगर निगम के विकास को लेकर दूरदृष्टि की सोच हो। उनका इरादा पक्का हो और इच्छा शक्ति दृढ हो और यह सारे गुण राजकुमार चौधरी में दिख रहे हैं।

टीबी हारेगा, देश जीतेगा के संकल्प के साथ मरीजों की खोज के साथ किया जा रहा जागरूक

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

वर्ष 2025 तक देश से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी को जड़ से मिटाना है। ह्लटीबी हारेगा देश जीतेगाह्व संकल्प के साथ जिले में टीबी बीमारी से संक्रमित मरीजों की खोज करते हुए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत टीबी बीमारी के लक्षण और इससे बचाव की जानकारी दी जा रही है। जिले में टीबी बीमारी को हराने के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र अपने स्तर से लगातार प्रयासरत है। स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा लागार प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

डोर टू डोर भ्रमण कर टीबी चैंपियन करते हैं जागरूक : - डॉ मोहम्मद साबिर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मोहम्मद साबिर ने बताया कि जिले में हर माह के अंतिम सप्ताह में जिला यक्ष्मा केंद्र या किसी अन्य सभागार में टीबी चैंपियनों के साथ समीक्षात्मक बैठक की जाती है। डोर टू डोर भ्रमण कर उन्हें जागरूक करने का काम किया जाता हैं। मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान यह बताया जाता है कि टीबी मरीजों को जागरूक करने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी करना है कि दवा का सेवन नियमित रूप से करें। दवा खाने के दौरान अगर किसी प्रकार की कोई परेशानी हो रही हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के पास जाकर उपचार करायें। दवा खाने के समय किसी भी तरह की कोई मादक पदार्थ या नशीली दवाओं का सेवन नहीं करें। टीबी के मरीजों को दवा तब तक खानी है जब तक कि चिकित्सक द्वारा बंद करने के लिए सलाह नहीं दी जाती है।

टीबी मरीजों के लिए नियमित रूप से दवा का सेवन करना बेहतर विकल्प: राजेश शर्मा

टीबी एचआइवी समन्वयक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि टीबी चैंपियन अपने-अपने टीबी यूनिट में टीबी मरीजों की जानकारी मिलने पर उनसे मिलते हैं और परामर्श देने के साथ-साथ यह भी बताते हैं कि टीबी संक्रमण के फैलने एवं टीबी के कौन से लक्षण होते हैं। टीबी संक्रमित होने के बाद मरीजों की मानसिक स्थिति को जानना एवं टीबी मरीजों के साथ रहने वाले परिवार के अन्य सदस्यों की स्क्रीनिंग करना भी प्रमुख दायित्व होता है। इसके बाद स्थानीय स्तर पर सामुदायिक स्तर पर बैठक का आयोजन कर पौष्टिक आहार खाने, रहन-सहन, नियमित रूप से दवा सेवन करने, घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करने, खांसने या छींकते समय मुंह को किसी कपड़े या हाथ से ढंकने जैसी जरूरी बातें बताई जाती है।

अपर समाहर्ता ने विभिन्न राजनीतिक दल एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ किया समीक्षा बैठक

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

अपर समाहर्ता कुमार देवेंद्र प्रौज्वल की अध्यक्षता में मतदाता पंजीकरण से संबंधित नए प्रपत्र एवं आधार संख्या संग्रह के बारे में जानकारी से अवगत कराने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव तथा जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधिगण तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता द्वारा जनप्रतिनिधिगण एवं मीडिया प्रतिनिधिगण को गहन जानकारी दी गयी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना और संशोधन करना हुआ आसान स्वैच्छिक रूप से आधार से जोड़ सकेंगे वोटर कार्ड सभी मतदान केंद्रों पर 4 ,18 एवं 25 सितंबर 2022 को प्रथम विशेष कैंप का आयोजन निर्धारित है ताकि अधिक से अधिक नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद यादव द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना और संशोधन करना कब सरल होगया है और स्वैच्छिक रूप से आधार से जोड़ सकेंगे वोटर कार्ड सभी मतदान केंद्रों पर 4 ,18 एवं 25 सितंबर 2022 को तथा 9 एवं 23 अक्टूबर 2022 को तथा 6 एवं 20 नवंबर और 4 एवं 11 दिसंबर 2022 को विशेष कैंप का आयोजन निर्धारित है। अभियान 31 मार्च 2023 तक मतदाता सूची को आधार नंबर से लिंक कराए जाने का अभियान प्रस्तावित है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए भरे जाने वाले प्रपत्रों को सुविधाजनक बनाया गया है। निर्वाचन पंजीकरण संशोधन नियम 2022 के तहत कुल 12 प्रपत्रों में क्रमशः1, 2, 2ए, 3, 6, 7, 8, 11, 11ए, 11बी, 18 एंव 19 में किया गया है। संशोधित सभी प्रपत्र 1 अगस्त 2022 से प्रभावी होंगे। प्रथम अगस्त से ईआरओ नेट और इससे जुड़ी आईटी एप्लीकेशन नेशनल वोटर्स सर्विस पोर्टल (अश्रद) वोटर हेल्पलाइन एवं गरूडा एप में नए आवेदन प्रपत्र और प्रक्रिया सुलभ रहेगी। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नए संशोधन के उपरांत अब निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने के लिए अहर्ता 1 जनवरी के स्थान पर वर्ष में चार बार क्रमश 1 जनवरी, 1 अप्रैल ,1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। मतदाताओं के पंजीकरण हेतु काम आने वाले मुख्य प्रपत्र 6,7 एवं 8 में संशोधन किया गया है।संशोधित प्रपत्र 6 अब केवल नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए कर दिया गया है। तथा इसमें एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरण हेतु आवेदन के प्रावधानों को हटाकर संशोधित प्रपत्र 8 में शामिल किया गया है। प्रपत्र 7 में मतदाता सूची में नाम हटाने के लिए प्रमाण पत्र संलग्न करने का प्रावधान है।

इसी प्रकार एक ही विधानसभा क्षेत्र के भीतर निवास स्थानांतरण के मामले के लिए प्रपत्र 8 ए को समाप्त कर प्रपत्र 8 में ही इसके लिए प्रावधान किया गया है। संशोधित फार्म 8 में मतदाता के निवास स्थानांतरण वर्तमान निर्वाचक नामावलियों की प्रविष्टियों में सुधार प्रतिस्थापन ईपिक एवं दिव्यांगजन के रूप में चिन्हिकरण का प्रावधान किया गया है। मतदाता सूची में प्रविष्टियों को प्रमाणित करने और त्रुटि रहित बनाने के लिए मौजूदा मतदाताओं के आधार संख्या एकत्र करने के लिए एक नया फार्म 6बी अधिसूचित किया गया है। नवीन प्रपत्र 6 बी के माध्यम से मौजूदा मतदाताओं की आधार सूचना एकत्रित संबंधित बीएलओ द्वारा किया जाएगा। जिसका उद्देश्य मतदाताओं की पहचान स्थापित करना और एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में एक ही व्यक्ति के नाम के पंजीकरण अथवा एक से अधिक बार उसी निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण की पहचान करना है, ताकि भविष्य में मतदाताओं को बेहतर चुनावी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार आधार एकत्रीकरण कार्य 1 अगस्त 2022 से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। मतदाता द्वारा आधार नंबर दिया जाना स्वैच्छिक है।

संबंधित ईआरओ को मतदाता सूची में किसी भी प्रविष्टि को आधार संख्या उपलब्ध नहीं कराने पर नहीं हटेगा। फार्म 6 बी में मतदाताओं के आधार प्राप्त करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि को विशेष कैंप का आयोजन निर्धारित है। अपर समाहर्ता द्वारा सभी राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष एवं सचिव तथा जनप्रतिनिधिगण एवं मीडिया प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि फार्म 6बी में आधार की सूचना अद्यतन करने हेतु ऑनलाइन माध्यमों, वोटर हेल्पलाइन का उपयोग करने तथा मतदाताओं को जागरूक करने में आप सबों का सहयोग अपेक्षित है ताकि इसकी जानकारी जन-जन तक सुलभ हो सके। इस मौके पर जदयू, आरजेडी, बीजेपी, सीपीएम (एमएल) एलजेपी एवं कांग्रेस संबंधित सभी राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि तथा मीडिया प्रतिनिधिगण और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मृतक बुजुर्ग व्यवसायी के परिजनों से मिलकर पूर्व विधायक एवं पूर्व जिप अध्यक्ष ने बंधाया ढांढस

पूर्णिया, प्रात : किरण संवाददाता

रूपौली विधानसभा क्षेत्र के लोजपा के पूर्व विधायक शंकर सिंह और जिला परिषद क्षेत्र संख्या 05 की जिप सदस्य सह पूर्व पूर्णिया जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी उर्फ सुनीता सिंह मृतक बुजुर्ग व्यवसायी के परिजनों से मिलने टीकापट्टी पहुंचे। मृतक बुजुर्ग मुक्ति साह की बृद्ध पत्नी और परिजनों से मिल पूर्व विधायक और जिप सदस्य ने ढ़ांढ़स बंधाते हुए दुख में साथ रहने तथा हरसंभव मदद प्रदान करने की बात कही। बता दें कि बीते दिनों राजेश कुमार मंडल उर्फ अमीन दम्पत्ति ने बुजुर्ग मुक्ति की हत्या निर्ममता पूर्वक कर दिया था। टीकापट्टी पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्यारोपी दम्पत्ति को तत्काल ही अपने कब्जे में कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में केन्द्रीय कारागार पूर्णिया भेज दिया था। वहीं जिला परिषद सदस्य प्रतीमा कुमारी उर्फ सुनीता देवी ने टीकापट्टी थाना प्रभारी नरेश कुमार को फोन से बुलाकर घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। वहीं जिला परिषद सदस्य प्रतीमा कुमारी उर्फ सुनीता देवी ने कहा कि आपकी टीकापट्टी थाना की बारे में यहां के जनता बहुत शिकायत कर रहे थे, कि क्षेत्र में गश्ती भी ठीक से नहीं करती हैं। अगर टीकापट्टी पुलिस ठीक ढंग से गश्ती करते तो शायद इस तरह की घटनाएं नहीं होती। वहीं टीकापट्टी थाना प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि हमारे थाना में महिला सिपाही नहीं रहने के कारण महिलाएं की कुछ नहीं कह पाते हैं, जब जरूरत पड़ती है तो रूपौली थाना से महिला सिपाही की मांगवाते हैं। वहीं जिला परिषद सदस्य प्रतीमा कुमारी ने टीकापट्टी थाना अध्यक्ष नरेश कुमार को कहा कि आप पूर्णिया पुलिस अधीक्षक को महिला सिपाही के लिए एक मांग पत्र दीजिए, उसके बाद हम पुर्णिया पुलिस अधीक्षक से मिलकर टीकापट्टी थाना में महिला सिपाही देलवाने की कोशिश करूंगी और जिला पार्षद प्रतीमा कुमारी ने टीकापट्टी थाना प्रभारी नरेश कुमार को क्षेत्र में गश्ती में तेजी लाने को कहा, ताकि आगे चलकर फिर से किसी प्रकार की घटनाएं नहीं हो।

2025 विस चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा : लेसी सिंह

जदयू कार्यालय में आयोजित कार्यकर्त्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षा मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- कहा- एनडीए की सरकार पुरी मजबूती से चलती रहेगी
- जदयू शुरू से परिवारवाद के विरुद्ध है: विजय कुमार चैधरी
- शुक्रवार को स्कूल बंद मामले पर सरकार नियम सम्मत फैसला करेगी : जमा खान

जदयू प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को कार्यकर्त्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम में शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान सम्मिलित हुए। तीनों मंत्रियों ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्त्ताओं एवं लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। कार्यकर्त्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने परिवारवाद के आधार पर चल रही पार्टियों के संदर्भ से जुड़े सवाल पर कहा कि जदयू शुरू से इस परिवारवाद की परंपरा के विरुद्ध रही है। जनसुनवाई के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल पर बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के सर्वमान्य नेता हैं। राज्य की जनता के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबसे भरोसेमंद जनप्रिय नेता हैं। वे एनडीए के स्वाभाविक परखा हुआ नेतृत्वकर्ता हैं। बिहार की जनता को मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ही पहली पसंद हैं। वे एक व्यक्ति मात्र नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। पार्टी के एक कार्यकर्ता होने के नाते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों और उनके पदचिन्हों पर चलने का हम सभी प्रयास करते हैं। मंत्री श्रीमती सिंह ने पत्रकारों को एक अन्य सवाल का जबाब देते हुए कहा कि जिस तरह आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी स्वाभाविक घोषित उम्मीदवार होंगे ठीक उसी तरह आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए के मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक घोषित नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही हैं। इसलिए इसमें किसी प्रकार की आशंका की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा ये आखिरी और अंतिम सत्य है और जब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सेवा करना चाहेंगे राज्य की जनता उन्हें ही ये अवसर प्रदान करती रहेगी। मंत्री सिंह ने कहा कि एक पार्टी कार्यकर्ता होने के नाते ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शतायु स्वस्थ्य जीवन जीकर लम्बे समय तक बिहार का नेतृत्व करते रहें ताकि हमसबों को उनका मार्गदर्शन आशीर्वाद मिलता रहें। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने शुक्रवार को कुछ विद्यालयों के बंद रहने की चर्चा के संदर्भ में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा की कुछ लोग सुर्खियों में बने रहने के लिए बयान देते रहते हैं, व्यक्ति की आदत नहीं बदलती है। इस संदर्भ में जो भी उचित और नियम सम्मत होगा सरकार वह फैसला करेगी। हम लोगों को सिर्फ और सिर्फ विकास पर सोचना है।

सात अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह: मंगल पांडेय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में एक अगस्त से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा नवजात शिशु मृत्युदर में कमी लाने एवं कुपोषण से बचाने में स्तनपान की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य के तहत प्रति वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह मना महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ये सभी अभियान के दौरान अधिक से अधिक माताओं को शिशु के जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान प्रारंभ करने में मां की सहायता करने तथा गर्भवती व धात्री माताओं को छह माह तक केवल स्तनपान कराए जाने के महत्व के बारे में बताएंगे। इसके अलावा उनके साथ बैठक कर स्तनपान से होने वाले लाभ व स्तनपान के सही तरीके के संबंध में भी चर्चा करेंगे। राज्य के प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनान कक्ष (ब्रेस्टफीडिंग कॉर्नर) का स्थापना किया जाएगा। यह स्तनपान कक्ष मुख्यतः ओपीडी के पास स्थापित किया गया है। उक्त स्तनपान कक्ष स्वास्थ्य संस्थान में स्थापित केएमसी (कंगारू मदर केयर) वार्ड के अतिरिक्त होगा। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए कोविड-19 गाइड लाइन का पालन करते हुए जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान पर प्रचार-प्रसार के लिए बैनर लगाकर अभियान के बारे में बताया जा रहा है। स्तनपान सप्ताह के दौरान किसी एक दिन प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य शिशु प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें माताओं को बच्चे के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। जन्म के प्रथम एक घंटे में स्तनपान शुरू करने वाले नवजातों में मृत्यु की संभावना 20 प्रतिशत कम हो जाती है। प्रथम छह माह तक केवल स्तनपान करने वाले शिशुओं में डायरिया एवं निमोनिया से होने वाली मृत्यु की संभावना क्रमशः 11 एवं 15 गुणा कम जाती है।

केंद्र सरकार में खिलाफ 5 अगस्त को कांग्रेस का जेल भरो अभियान

पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने जन मुद्दों पर आगामी 5 अगस्त को प्रखंड से लेकर जिलों और राज्यों तक केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी और अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन 5 अगस्त को आयोजित होने वाली है। इस बाबत प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि देश में आवश्यक वस्तुओं और खाद्य सामग्रियों पर अतिरिक्त जीएसटी का बोझ लगा देना कहीं से तर्कसंगत कार्य नहीं है। पहले से बेरोजगारी की मार झेल रहा देश का युवा सेना बहाली की योजना अग्निपथ का बहिष्कार कर चुका है बावजूद इसके सरकार ने उनके प्रति गंभीर रवैय्या अख्तियार नहीं किया। साथ ही एलपीजी, पेट्रोल व डीजल के बेतहाशा मूल्य बढ़ाएं जा रहे हैं। केंद्र की निरंकुश सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के साथ जेल भरो अभियान भी करेगी। इसके तहत प्रखंड से लेकर सभी जिला और प्रदेश मुख्यालय में यह कार्यक्रम तय किया गया है। प्रदेश कांग्रेस भी सूबे के सभी जिलों में गिरफ्तारी और विरोध प्रदर्शन करेगी। साथ ही 5 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस राजभवन मार्च करेगी जिसके बाद गिरफ्तारी देगी।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्रमंडल खेल : मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को राज्यपाल ने दी बधाई

पटना। राज्यपाल फागू चैहान ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने जूडो में सिल्वर मेडल जीतने पर सुशीला देवी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि सुशीला देवी ने भारत के लिए जूडो में सिल्वर मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, राज्यपाल फागू चैहान ने जूडो में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर विजय कुमार यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विजय कुमार यादव ने भारत के लिए जूडो में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राज्यपाल ने वेटलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर हरजिंदर कौर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी हैं राज्यपाल ने कहा है।

जन अधिकार पार्टी ने अपनी प्रदेश कमिटी का किया विस्तार

पटना। जन अधिकार पार्टी ने आज अपनी प्रदेश कमिटी का विस्तार किया। जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के निदेशार्नुसार 10 राज्यकार्यकारिणी के सदस्य,13 प्रदेश उपाध्यक्ष, 56 प्रदेश महासचिव, और 106 प्रदेश सचिव बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि पार्टी को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने हेतु सूर्यनरायण सहनी,अरविंद कुमार,गोपाल यादव,हरिहर प्रसाद गुप्ता,अशोक यादव,सुरेंद्र त्यागी,प्रेम यादव,राजीव मिश्र,ओम प्रकाश गुप्ता, इजराइल आजाद, नूर आलम और परमेश्वरी यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। जाप प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए बाबू लाल विरोधी, सुरेंद्र चन्द्रवंशी, विजय कुमार यादव, जियाउल हक, महेंद्र सिंह अधिवक्ता , बेसलाल यादव, विजय यादव, विट्टू कुमार, लक्ष्मण सिंह, धीरेंद्र बहादुर सिंह को राज्य कार्यकारणी सदस्य बनाया गया हैं।

विशाल के परिजनों को मिले न्याय : निखिल आनंद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- कहा-भाजपा प्रवक्ता ने परिजनों से की मुलाकात

भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ निखिल आनंद ने दानापुर के स्थानीय भाजपा नेता सनोज यादव के साथ संदेहास्पद स्थिति में दिवंगत हुए पत्रकार विशाल आनंद के खगौल स्थित घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। निखिल आनंद कहा की विशाल के परिजनों से मुलाकात कर उनको सांत्वना देने की कोशिश की है। विशाल के परिवार का स्पष्ट मानना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि एक बड़ी साजिश है जिसका उद्भेदन करके ही विशाल को न्याय मिल सकता है। विशाल की मृत्यु के बाद उनके माता-पिता की स्थिति अत्यंत दयनीय है और इस घटना से पटना ग्रामीण क्षेत्र के सभी पत्रकार बहुत दुखी है। निखिल आनंद ने स्थानीय थाना प्रभारी से बात कर और उच्च अधिकारियों से मिलकर इस घटना की तह तक जाकर विशाल की मृत्यु की हकीकत का पता लगाने और दोषियों को सजा देने की अपील बिहार के मुख्यमंत्री और डीजीपी से की है। निखिल आनंद ने कहा कि इस घटना के बाद से विशाल के परिवार के लोग डरे हुए हैं और उनको उचित सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए। निखिल ने विशाल के परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दानापुर एसपी और पटना एसपी एसएसपी का ध्यान आकृष्ट किया।

लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सुविधा मिले : लोजपा (रा)

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- चिराग पासवान ने इस अशय का केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू को सौंपा पत्र

बिहार के 65 लाख लोहारों को सरकार के संविधान विरोधी फैसले के कारण अनुसूचित जनजाति की सुविधा से वंचित किया गया है। जिसके कारण इनका आर्थिक समाजिक और राजनैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। इसके विरूद्ध मैं और हमारी पार्टी संसद से सड़क तक निर्णायक संघर्ष करेंगी। लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान कल भारत के केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू से मिलकर इस आशय का पत्र सौंपा और कहा कि लोहार जाति 1956 से संविधान के शिड्यूल में अनुसूचित जनजाति के सूची में हिंदी में लोहार व अंग्रेजी में लोहारा अधिसूचित है। 1976 संविधान संशोधन अनुसूचित जाति/जनजाति के सूची में हिंदी में लोहार/लोहरा अनुसूचित जाति की सूची में शामिल है लेकिन इन अधिसूचनाओं का उल्लंघन करते हुए पूर्व की सरकार ने एक्ट 48/2006 लाकर हिंदी में लोहार और अंग्रेजी में देवनागरी लिपि में लोहरा शब्द उच्चारित किया जो असंवैधानिक, गैरकानूनी और निरर्थक है। बिहार में लोहरा नाम की कोई जाति नही है। श्री चिराग ने कानून मंत्री को राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के कमरा नं 11 में लोहार वंश(लोहार डेनसीटी) हिन्दी में लोहार अंग्रेजी में लोहार का अंकित की छायाप्रति दिखाते हुए कहा कि जिन लोगों ने अंग्रेजी शब्द को लोहारा पढ़ा वे साजिश करके लोहार जाति को अनुसूचित जाति के सूची से वंचित करने की साजिश अविद्वतापूर्ण पाप किया है। ऐसे लोगों की खोज करके उन्हें दंडित करने की जरूरत है। इस संबंध में मैंने 2016 में प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा था, जिसके पत्रांक सं 48/20 को भारत सरकार ने रद्द किया था। आगे श्री चिराग ने कहा कि बिहार के लोहार जाति को न्याय मिले, इसके लिए संसद में गैर सरकारी बिल लाने की आवश्यकता है। इस दिशा में मै स्वंय प्रयासरत हूं। इसके लिए संसद से सड़क तक संघर्ष करूंगा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि लोहार संगठन के मुंशीलाल शर्मा, ललन ठाकुर, हरेन्द्र विश्वकर्मा, राजकिशोर ठाकुर, डॉ रामराज शर्मा ने लोहार जाति की लड़ाई लड़ने पर चिराग पासवान के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुन्दन पासवान ने दी।

राजधानी में एयर पॉल्यूशन को कम करेगा एन्टी स्मॉग मशीन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- पटना नगर निगम द्वारा 2 एन्टी स्मॉग मशीन की खरीद की गई

पटना में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पटना नगर निगम द्वारा एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जाएगा। पटना नगर निगम की तरफ से पहले चरण में 2 मशीनों की खरीद की गई है। बता दें कि एंटी स्मॉग गन एक ऐसी मशीन है जो अपनी पानी की फुहार और बौछारों से प्रदूषण स्तर को कम करती है। दिल्ली, जयपुर आदि शहरों में इस मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। पटना नगर निगम द्वारा मशीन की खरीद के साथ ही इसका ट्रायल भी किया जा चुका है। गौरतलब है कि मशीन वायु प्रदूषण के स्तर को कम करता है। एंटी-स्मॉग गन एक अति सूक्ष्म कोहरे को बनाने के लिए इस प्रकार डिजाइन की गई है, जिससे यह बहुत महीन पानी की बूंदें (10 माइक्रॉन से कम) उत्पन्न करती हैं। यह महीन पानी की बूंदें बड़े क्षेत्र में उच्च गति के पंखे की मदद से बौछार के माध्यम से फैलाई जाती हैं और इससे यह हवा में मौजूद छोटे धूल कणों को अवशोषित कर लेती हैं।पटना नगर निगम द्वारा खरीदी गई इस मशीन को पूरी तरह से ड्राइवर केबिन द्वारा कंट्रोल किया जाएगा। फैन स्पीड 2200 से 2800 , कैपिसिटी 9000 लीटर है और यह 180 डिग्री है। इस एंटी स्मॉग गन से वायुमंडल में छिड़काव करके वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है ताकि सभी धूल और प्रदूषण के कण का स्तर कम हो जाए।

राजद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन ने निम्न साथियों को सम्बद्ध जिला का जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किया है। राज्य के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी देवकिशुन ठाकुर, ई अशोक यादव एवं सारिका पासवान ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राजद पहली ऐसी पार्टी है जो सभी जिलों के सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में महिलाओं को मनोनीत किया है। पश्चिमी चम्पारण जिला के राजेन्द्र राम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं रूबी सिंह को सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किया है। इसी प्रकार बगहा के अरविन्द कुमार सहनी एवं डॉ शबनम आसिफ, पूर्वी चम्पारण के केदार प्रसाद एवं सुनीता यादव, गोपालगंज के शिवचन्द्र राम एवं मंजू देवी, सीवान के रेयाजुल हक राजू एवं अनीता भारती, सारण के अनील कुमार सहनी एवं नीलम देवी, वैशाली के कुमार सर्वजीत एवं प्रतिमा सिंह, मुजफ्फरपुर के डॉ शमीम अहमद एवं सुचित्रा चौधरी, मुजफ्फरपुर महानगर के हरिवंश पासवान एवं डॉ राजमणी, सीतामढ़ी के मो कारी सोहैब एवं मृदुला ठाकुर, शिवहर के कार्तिकेय कुमार एवं रेणू सहनी, मधुबनी के ऋषि मिश्रा एवं चन्द्रावती सिंह देवी, दरभंगा के कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव एव वीणा देवी, दरभंगा महानगर के पी के चौधरी एवं पिंकी राय, समस्तीपुर के सुनील कुशवाहा एवं प्रेमलता यादव, बेगूसराय के रणविजय साहू एवं रंजू सहनी, बेगूसराय महानगर के प्रो कुमार चन्द्रदीप एवं कामिनी कुमारी, सुपौल के सीताराम यादव एवं गुंजन देवी, सहरसा के प्रो चन्द्रशेखर यादव एवं रागिनी रानी, मधेपुरा के डॉ एज्या यादव एवं संजीव कुमार मिश्रा, अररिया के मो साउद आलम एवं विजय लक्ष्मी साहू, किशनगंज के तारकेश्वर ठाकुर एवं सुशीला भारती, पूर्णियां के विश्वमोहन मंडल एवं कामिनी गोयल, पूर्णियां महानगर के प्रो खालिद एवं चन्द्रिका सिंह, कटिहार के सतानंद सम्बुद्ध उर्फ ललन यादव एवं सपना गुप्ता, भागलपुर के नीरज कुमार एवं अनीता चौधरी, भागलपुर महानगर के विजय कुमार विजय एवं प्रतिमा चौरसिया, बांका के तिरूपतिनाथ एवं बबीता यादव, मुंगेर के डॉ अजय कुमार सिंह एवं रिंकू राज, मुंगेर महानगर के तेजनारायण खेड़वार एवं ब्यूटी सिंह, खगड़िया राकेश रौशन एवं सावित्री कुशवाहा, लखीसराय के श्रवण कुशवाहा एवं रेखा चौधरी, शेखपुरा के रिंकू यादव एवं नमीता नीरज, जमुई के महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी एवं अक्रांत दास, नालंदा के अशोक कुमार गुप्ता एवं शकुन्तला प्रजापति, बिहार शरीफ के अजय कुमार सिंह एवं डॉ शारदा कुमारी, बाढ़ के सौरभ कुमार एवं मुन्नी माधवी, पटना के मो कॉमरान एवं मंजू यादव, पटना महानगर के कुमर रॉय एवं संध्या राय, भोजपुर के अनिल कुमार साधु एवं पूनम यादव, बक्सर के वृषिण पटेल एवं आरती देवी, रोहतास के मो नवाज आलम उर्फ अनवर आलम एवं देवी किरण, कैमूर के विनय यादव एवं जिप्सा आनंद, औरंगाबाद के मुजफ्फर हुसैन राही एवं गीता मंडल, जहानाबाद के फतेह बहादुर सिंह एवं सीमा गुप्ता, अरवल के डॉ उर्मिला ठाकुर एवं विरेन्द्र गोप, गया के सतीश कुमार दास एवं सरोज देवी, गया महानगर के सच्चिदानंद यादव एवं सुषमा देवी, नवादा के ऋतु जायसवाल एवं के डी यादव एवं नवगछिया जिला के चक्रपाणी हिमांश को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पूनम झा को सहायक जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किया गया है।

पारस अस्पताल में लाइव सर्जरी वर्कशॉप व सीएमई का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- तीन ओटी में डॉक्टरों की टीम ने किया सर्जरी

पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल पटना में लाइव सर्जरी वर्कशॉप और सीएमई का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में एक्सपर्ट डॉक्टर्स की टीम डॉ. ए ए हई (डायरेक्टर- सर्जरी), डॉ. अजय कुमार (डायरेक्टर - यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एंड ट्रान्सप्लान्टेशन) और डॉ. सी खंडेलवाल (डायरेक्टर -सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड सर्जिकल ओंकोलॉजी) के नेतृत्व में तीन वर्गों में लाइव सर्जरी किये। इस वर्कशॉप में बिहार सरकार के 15 मेडिकल कॉलेजों के सर्जन, उनके छात्रों के अलावा राज्य के ख्याति प्राप्त सर्जन्स के साथ 120 से भी ज्यादा सर्जन्स वर्कशॉप में हिस्सा लिए। डॉ. अजय कुमार (डायरेक्टर - यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एंड ट्रान्सप्लान्टेशन), डॉ. तलत हलिम (डायरेक्टर -एकेडमिक्स क्वालिटी एंड सेंटर ऑफ एक्सेलेंट (ईस्ट) और डॉ. सी खंडेलवाल (डायरेक्टर -सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड सर्जिकल ओंकोलॉजी) अध्यक्ष वक्ता की भूमिका में दिखाई दिए, जो उपस्थित ख्यातिप्राप्त सर्जन्स से हो रहे सर्जरी के बारे में गहराई से वातार्लाप किये और उपस्थित सर्जन्स के सारे सवालों के जवाब भी दिए। उभरते हुए डॉक्टर के लिए इस वर्कशॉप का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया। जो सर्जन्स एवं मेडिकल छात्र उपस्थित नहीं हो पाएं उनके लिए जूम लिंक के जरिये लाइव सर्जरी वर्कशॉप अटेंड करने की भी सुविधा दी गई। ताकि ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर्स को उनके करियर में मदद मिल सके। वर्कशॉप के बाद सी एम इ का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर एए हई द्वारा ट्रॉमा केयर के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर ए ए हई ने बताया कि कैसे ट्रॉमेटिक सिचुएशन संभाले जाते हैं, एमेर्जेंसी परिस्थिति में क्या करना चाहिए और कौन कौन सी विशेष सेवाओं की उपस्थिति होना चाहिए। सी एम इ के दौरान डॉ. मासीउल्लाह, डॉ. तशबिहुल अजहर, डॉ. नितिन और डॉ. अकांक्षा वाजपेयी द्वारा भी रेयर एंड डिफिकल्ट केसेस, कैंसर और जी आई सर्जरी के बारे में बात की गई।डॉ. ए ए हई ने कहा कि आज इस वर्कशॉप को करने का खास मकसद यह है कि हम अपने बिहार के लोगो को यह बता सके कि हमारे सेंटर मे जी आई और ओंको सर्जरी उस कोटी के हैं जो देश के बड़े शहरों में हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए सड़कों के हादसों पर अगर हमने अभी से जागरुकता नहीं बढ़ाई तो हालात और भी गम्भीर हो सकता है।

बैठक

जदयू किसान व सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक में जदयू प्रदेश अध्यक्ष व पार्टी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुये शमिल

प्रदेश में उत्पादन के साथ किसानों की आय में भी हुयी गुणात्मक वृद्धि : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- रोजगार की सर्वाधिक संभावना खेती के क्षेत्र में ही है: उपेंद्र कुशवाहा

जनता दल यूनाईटेड संगठन को सशक्त बनाने, पार्टी की विचारधारा एवं नीतीश सरकार की योजनाओं से किसानों को परिचित कराने के लिए जदयू किसान व सहकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की प्रथम बैठक मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय स्थित जननायक कपूर्री सभागार में हुई। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ पार्टी संगठन का आधार है। अन्नदाता किसान के जाति-धर्म से ऊपर उठकर दिन रात किये गए परिश्रम से ही संपूर्ण मानव जाति का पोषण होता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने शुरू से ही किसानों की खुशहाली और तरक्की का कार्य किया है। बिहार में 2005-06 में कृषि बजट जहां मात्र 20.43 करोड़ रुपए था, वहीँ यह बढकर 2022-23 में 7,712 करोड़ से अधिक है। श्री कुशवाहा ने कहा कि किसान के हित में नीतीश कुमार की सरकार के कार्यों का ही परिणाम है कि प्रदेश में न सिर्फ उत्पादन में वृद्धि हुयी है बल्कि किसानों के आय में गुणात्मक वृद्धि हुयी है।

सरकार ने इथेनॉल प्लांट के माध्यम से कोसी के बाढ़ प्रभावित कृषकों की आमदनी बढाने पर ध्यान दिया। हम सभी निष्ठां, आस्था, वफादारी एवं समर्पण भाव से कार्य करते हुए सरकार के योजनाओं की जानकारी हर किसान तक पहुंचाने का संकल्प लें। किसान प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी बनती है कि वह किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य करेंस उनकी समस्या को सुनने एवं उसके निराकरण के लिए प्रकोष्ठ हेल्पलाइन नंबर जारी करे। जिसमें किसानों की समस्याओं और उनके सुझाव को मांगा जाए। उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास करें, इससे किसानों का जुड़ाव जदयू के साथ होगा। किसानों में सहकारिता के भाव विकासित किया जाए। सरकार ने किसानों के हित में सहकारिता अधिनियम को संशोधित किया है एवं स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

सहकारिता में काम करने से किसानों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा की पार्टी के सामने आज जो चुनौती है उससे आप सभी अवगत हैं। इस दौर में आपको क्या करना है आप भली भांति समझते हैं।

किसान प्रकोष्ठ काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज रोजगार की सर्वाधिक सम्भावना इसी क्षेत्र में है। किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राम बालक सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा की मुख्यमंत्री ने किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं प्रदेश को विकासशील राज्य बनाने के लिए 26 नवंबर 2005 से ही कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रकोष्ठ मुख्यमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु राज्य के सभी पंचायत एवं वार्डों में किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का आज संकल्प लेती है।

ग्रेव्स डिजीज को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- पटना एम्स में मनाया गया ग्रेव्स डिजीज अवेयरनेस मंथ
- लक्षण दिखने पर तुरंत ही विशेषज्ञों की लें सलाह : गोपाल कृष्णा पाल

एम्स पटना में नाभिकीय चिकित्सा विभाग द्वारा लोगों में होनेवाले थयराइड ग्रंथि के विकार- ग्रेव्स डिजीज के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु जुलाई महीने में ग्रेव्स डिजीज अवेयरनेस मंथ- जूलाई 2022 मनाया गया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो डॉ गोपाल कृष्णा पाल ने थायराइड ग्रंथि के विकार का पारिवारिक इतिहास वाले लोगों में ग्रेव्स डिजीज के लक्षण दिखने पर तुरंत ही विशेषज्ञों की सलाह लेकर समय पर जांच कराने की जरूरत के बारे में बताये। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ सी एम सिंह ने बताया कि ग्रेव्स डिजीज के मरीजों की संख्या में दिनोदिन बढ़ोतरी हो रही है और लोगों को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है ताकि सही समय पर जांच और उपचार किया जा सके। नाभिकीय चिकित्सा विभाग एम्स पटना के सहायक प्रध्यापक व विभागाध्यक्ष और थायराइड क्लिनीक (न्यूक्लियर मेडिसिन) के इंचार्ज डॉ पंकज कुमार ने बताया कि गले में सामने की ओर स्थित तितली के आकार की थायराइड ग्रंथि द्वारा शरीर के मेटाबोलिज्म को नियंत्रण करने वाले थायराइड हार्मोन्स (टी थ्री और टी फोर) को स्त्रावण सामान्य से अधिक मात्रा में होने से हाइपरथायराइडिस्म की समस्या होती है जिसका सबसे प्रमुख कारण ग्रेव्स डिजीज है जो पुरूषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा होती है। ग्रेव्स डिजीज के प्रमुख लक्षणों में ग्वाइटर (गले में स्वेलिंग दिखना, थायराइड का आकार बढ़ जाना), वजन कम होना, अनिद्रा, ज्यादा गर्मी और हाथों में कम्पन महसूस होना, नर्वसनेस, एन्जाइटी, मासिकचक्र में गड़बड़ी, बालों का ज्यादा झड़ना आदि है और साथ ही आंखों में भी इसके लक्षण दिखाई देते हैं- जैसे आंखों का बाहर निकलना (प्रोपटोसिस, इक्सोपथैलमस) ज्यादा आँसू बहना, आंखो का लाल होना जिसे ग्रेप्स ऑपथैलमोपैथी भी कहते है। ग्रेव्स डिजीज की समस्या उन लोगों में ज्यादा होती हैं जिनके परिवार में थायराइड ग्रंथि के विकार का इतिहास हो, किसी अन्य ऑटोइम्मून डिजीज (डाइबिटीज या विटीलिगो आदि) के रोगी हों। लोगों को खासकर महिलाओं को ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत विशेषज्ञों की सलाह लेने के साथ-साथ थायराइड की जाँच करानी चाहिए। रक्त जांच (टी एफ टी), अल्ट्रासाउण्ड के साथ नाभिकीय चिकित्सा द्वारा थायराइड स्कैन (रेडियोसक्रिय आयोडिन अपटेक टेक्नीशियम 99 परटेक्नेटेट थायराइड स्कैन) की मदद से सटिक जांच की जाती है। ग्रेव्स डिजीज का उपचार एन्टी थायराइड मेडिसीन, रेडियोआयोडिन थरैपी और वैसे मरीज जिनमें एन्टी थायराइड मेडिसीन और रेडियोआयोडिन नहीं दिया जा सके (गर्भवती महिला) उनकी सर्जरी द्वारा इसे ठीक किया जा सकता है। ऑथैलमोलोजिस्ट के निदेशार्नुसार दवाइयाँ ली जा सकती हैं। स्टीरॉयड और बीटा ब्लौकर भी दिये जाते हैं। इस मौके पर विभाग के आर एस ओ अरविन्द गुप्ता, विकास कुमार, पवन भास्कर, बिजेन्द्र तथा सिस्टर प्रियंका केशरी मौजूद रही

संक्षिप्त खबरें

उत्पाद पुलिस द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में सड़क जाम

कल्याणपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मुसहरी से सोमवार की शाम उत्पाद पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान कल्याणपुर मुसहरी टोला गांव निवासी सामू सदा एवं लालबाबू सभा के रूप में हुई है। जिसके विरोध में स्थानीय लोगों ने कल्याणपुर पुसा मुख्य पथके हनुमान मंदिर मुसहरी के समीप सड़क जाम कर दिया। वहीं आक्रोशित लोगों का कहना था कि गिरफ्तार किए गए लोगों को जब तक पुलिस मुक्त नहीं करती है। तब तक सड़क जाम रहेगा। आक्रोशित लोगों ने सोमवार की शाम में बारिश होने के बावजूद भी सड़क पर लोग डटे रहे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया। इसके बाद सड़क पर आवागमन शुरू किया गया। लोगों ने बताया कि सड़क जाम लग भग 3 घंटे तक जाम होने के कारण जाम स्थल के दोनों और गाड़ी की लंबी लाइनें लग गया। जाम के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

प्रखंड कांग्रेस के संगठनात्मक का चुनाव की विधिवत चुनाव की मांग

कल्याणपुर, समस्तीपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष सोनिया गांधी को प्रखंड अध्यक्ष रणधीर राय ने आवेदन भेज कर संगठनात्मक प्रखंड चुनाव में बिहार के समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड में किए गए धांधली में सुधार करवाने की मांग किया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि चुनाव प्रक्रिया के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी 16 अप्रैल से 31 अप्रैल 2022 तक चुनाव कल्याणपुर प्रखंड में कराना था। लेकिन प्रखंड मुख्यालय में नही कराया गया। प्राथमिक सदस्यता के जांच नहीं की गई और ना ही नामांकन की प्रक्रिया ही की गई। उन्होंने बताया कि समस्तीपुर में ही बैठकर चुनाव करा देने की बात कही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी प्रदेश प्रभारी भगत चरण दास एवं बिहार प्रदेश चुनाव प्रभारी को आवेदन भेजकर कल्याणपुर प्रखंड स्तर का निर्वाचन विधिवत करवाने की मांग किया है।

मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भरपूरा डीह निवासी बौआ झा की पत्नी सीता देवी ने मारपीट की घटना को लेकर 5 नामजद गोविंद कुमार, विनोद महतो, श्याम कुमार, गोपाल कुमार, अजय कुमार एवं तीन चार अज्ञात लोगों को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसने बताया गया कि वह अपने घर में सोई हुई थी, तभी उपरोक्त सभी लोहे के रॉड लाठी डंडा से लैस होकर आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने मेरी पुतोह आई उसके साथ भी मारपीट किया। मारपीट में मेरा सिर फट गया जिसमें 8 टांका लगा है। घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है मामले की जांच की जा रही है।

बाइक व कार की टक्कर में बाइक सवार बुरी तरह जख्मी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कापन में बाइक व कार की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। वहीं बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगो की मदद से जख्मी अवस्था में दोनो युवक को पीएचसी विभूतिपुर में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर एक युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया।

नौ परिवादियों को उनके परिवाद के सम्यक निष्पादन के उपरांत डीएम ने उन्हें दिया अवार्ड लेटर

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण

सासाराम। आज दिनांक 2 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी रोहतास सह द्वितीय अपीलीय प्राधिकार, लोक शिकायत निवारण, रोहतास, धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में, नौ परिवादियों को उनके परिवाद के सम्यक निष्पादन के उपरांत अवार्ड लेटर प्रदान किए गए। उन नौ परिवादियों में, क्रमशः करगहर के शभ्यानंद का नल/जल गड़बड़ी की शिकायत दूर होने, संतोष पाण्डेय करगहर का अतिक्रमण दूर होने, सुनील कुमार दावत का अतिक्रमण दूर होने, रितेश कुमार सासाराम का वार्ड नंबर 18 में प्लॉट का मापी कर सीमांकन, अमित रंजन का 30 माह के बचे हुए पेंशन के भुगतान, संजीव कुमार सिंह के नगर निगम सासाराम में सिक्योरिटी की राशि वापस किए जाने, शिव मंगल प्रसाद सासाराम का भू लगान रसीद सुधार किए जाने, खेमराज सिंह करगहर के अतिक्रमण हटाने, चंदन कुमार करगहर का नल/जल का कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति कराने संबंधी अवार्ड लेटर प्रदान किए गए। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने परिवाद निस्तारण पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी तथा अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परिवादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं एंड टू एंड सॉल्यूशन हेतु जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार कटिबद्ध है और भविष्य में भी इसी प्रकार से सभी परिवादों का सम्यक एवं ससमय निष्पादन किया जाता रहेगा।

एमएलआईएस में राहुल को मिलेगा गोल्ड मैडल

मधेपुरा, प्रात : किरण संवाददाता

बीएन मंडल विवि के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विवि के पुस्तकालय सूचना एवं विज्ञान विभाग से एमएलआईएस सत्र-2019-20 के टॉपर राहुल कुमार को 03 अगस्त 2022 को राज्यपाल फागू चौहान एवं कुलपति डॉ आर के पी रमन के उपस्थित में गोल्ड मैडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। श्री राहुल कुमार मधेपुरा आनंद विहार वार्ड नं.02 में रहकर अपना अध्ययन कर रहे थे। वे मूल रूप से शंकरपुर प्रखंड के रायभीर अरताहा गाँव निवासी हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय कुलपति डॉ आरकेपी रमन, विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार, पूर्व कुलसचिव डॉ नरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ नरेश कुमार, डॉ ललन प्रसाद आद्री, डॉ जवाहर पासवान, डॉ सुधांशू शेखर, तुरबसू, सिधू कुमार, राजीव कुमार, पी यदुवंशी को दिया है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में अधिवक्ता संघ के सचिव संजीव कुमार, बीजेपी जिलाध्यक्ष स्वदेश कुमार, नगर अध्यक्ष अंकेश गोप, जिला कबड्डी संघ के सचिव अरुण कुमार, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार, प्रशांत कुमार, सुधांशु कुमार, अमित बलटन, सौरव यादव, विकास कुमार, संतोष यादव, साहित्यकार संजय कुमार सुमन सहित अन्य ने बधाई दिया है।

वुशू भारत का परम्परागत खेल सरकार इसे संरक्षण दें: डॉ नरेंद्र श्रीवास्तव

मधेपुरा, ब्यूरो, प्रात : किरण

मधेपुरा जिला वुशु संघ के तत्वावधान में शहर के वार्ड नं.02 स्थित आर आर ग्रीन फील्ड स्कूल में जिला स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर वुशु खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

वुशु संघ मधेपुरा के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार यादव के अध्यक्षता एवं सचिव विवेक कुमार के संचालन में आयोजित खेल प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए बीएन मंडल विवि के पूर्व कुलसचिव डॉ नरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि वुशु प्राचीन भारत का परम्परागत खेल है भारत सरकार और बिहार सरकार को इसको संरक्षण देने की जरूरत है जिससे कि इस खेल में भी भारत को मैडल मिल सके। इस अवसर पर आर आर ग्रीनफील्ड स्कूल के निदेशक राजेश कुमार राजू ने कहा कि मधेपुरा में इस खेल को बहुत ही कम समय मे एक अलग पहचान मिली है और हमारे स्कूल की एक बच्ची ने वुशु का नेशनल गेम खेला है जो सराहनीय है अभिभावकों को खासकर बच्चियों को इस खेल से जरूर जोड़ना चाहिए। वुशु को हमारे तरफ से लगातार सहयोग मिलेगा।

इस अवसर पर वुशु संघ के अध्यक्ष राहुल कुमार यादव एवं सचिव सुधांशु कुमार ने कहा कि वुशु एक प्रकार का चाईनीज मार्शल आर्ट खेल है।लड़ाई गतिविधियों के आंतरिक और बाहरी दोनों तरह के अभ्यास इसमें किये जाते हैं। इसे दो वर्गों में बांटा गया है ताओल और संसो । ताओल में मार्शल आर्ट पैटर्न एक्रोबेटिक मूवमेंट्स ओर तकनीकी कला शामिल है।

इस अवसर पर मधेपुरा यूथ एसोसिएशन "माया" के उपाध्यक्ष सौरव कुमार एवं वुशु संघ मधेपुरा के जिला उपाध्यक्ष सुधांशु कुमार ने बताया कि मधेपुरा में वुशु को आये हुए लगभग एक साल हुआ है और एक साल में वुशु को जिला में पहचान मिला है। वुशु सीखने के लिए संघ के तरफ से क्लब भी खोला गया है अभिभावक अपने बच्चे एवं बच्चियों को सेल्फ डिफेंस का खेल जरूर सिखावें।

इस खेल में अलग-अलग प्रखंडो के कुल 30 बच्चों ने भाग लिया इसमें से सब जूनियर लड़का 20 किलो भार में आयुष कुमार, 24किलो में अक्ष कुमार,28 किलो में रिशु कुमार,32 किलो में सत्यम सिंह,40 किलो में आनंद कुमार,44 किलो में सौरव सुमन,48 किलो में अमन राज,52 किलो में आनंद कुमार,60 किलो में शाहनवाज आलम ने प्रथम स्थान गोल्ड मेडल लाया तथा आर्या ने दूसरा स्थान सिल्भर मैडल लिया।

जूनियर में 45किलो भार में ब्रजनंदन कुमार, 48 किलो में आदित्य राज,52 किलो में अमन राज, 56किलो में मो. आरिफ आलम ,60 किलो में गौरव आनंद को गोल्ड मेडल प्रथम स्थान मिला है।तथा श्रवण को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ।

सीनियर लड़का में 56 किलो में अभिनव कुमार, 60किलो में दुर्बल कुमार , 85 किलो में अभिनव कुमार, 90 किलो में सास्वत राय को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ।

सब जूनियर बालिका में 32 किलो में पलक राय, 36 किलो में आयुषी, 40 किलो में रिया राणा,45 किलो में रानी,48 किलो में परी,52 किलो में रिया ने गोल्ड प्राप्त किया है तथा सृष्टि को सिल्भर मेडल प्राप्त हुआ है।

जिला स्तरीय लीग से चयनित बच्चे आगामी 6,7 एवं 8 अगस्त 2022 में छपरा में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय वूशु प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विवेक कुमार,मो.अनवर थे तथा रेफरी में सूरज कुमार और अमित कुमार थे। इस अवसर पर राकेश कुमार, नीरज कुमार,आशीष सिंह,अमन कुमार यादव,मो. आरिफ, रईस,सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

सीयूएसबी में मुफ्त टिका शिविर में 132 लोगों ने लिया कोविड का प्रीकॉशनरी डोज

गया, प्रात : किरण

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के दिशा निदेर्शानुसार दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में मुफ्त कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया` जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो० मुदस्सीर आलम ने बताया कि सरकार के 'कोविड टीकाकरण अमृत महोत्सव' अभियान के तहत माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित की गई जिसमें सौ से अधिक लोगों ने टिका लिया` शिविर में 132 वयस्कों को मुफ्त में एहतियाती खुराक (प्रीकॉशनरी डोज) दिया गया जिसमें कोविशील्ड के 82 डोज एवं कोवैक्सीन के 50 डोज शामिल थे` माननीय कुलपति प्रो. के. एन. सिंह के साथ कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने कोविड की एहतियाती खुराक ली` विवि में टेकारी अनुमंडल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने सीयूएसबी के हेल्थ सेंटर के कर्मचारियों क्रमशः श्रीमती मधु कंचन, श्री दिलीप कुमार मोहापात्रा एवं ड्रेसर श्री सनी कुमार गुप्ता आदि के सहयोग से शिविर को सफलतापूर्वक आयोजित किया` कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय से मिले निर्देश के अनुसार विवि ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इस शिविर को आयोजित किया` कुलसचिव ने कहा कि विवि अपने कर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर काफी तत्पर है इसलिए वैश्विक महामारी से सबको सुरक्षित रखने के लिए पहले भी कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजित की गई थी` कर्नल सिंह ने आह्वान किया कि कोरोना से बचाव का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है इसलिए लोग एहतियाती खुराक (प्रीकॉशनरी डोज) जरूर लें ।

हाजत में गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना के हाजत में गिरकर घायल हुए आरोपी की डीएमसीएच में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाबी कॉलोनी के कन्हैया साह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे बीती रात नशे की हालत में गिरफ्तार कर हाजत में बंद किया था। जहां वह रात में गिर गया था।

जिससे उसके सिर में गहरी चोट आई थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। मामला नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी गली संख्या-1 का है जहां स्थानीय लोगों के द्वारा 112 नंबर पर फोन कर शराब कारोबार की सूचना दी गई थी। जिसके बाद 112 नंबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवक को हिरासत में लिया इसके बाद नगर थाना के हाजत में उसे रखा गया था। देर रात हाजत में टॉयलेट करने उठा युवक चक्कर खाकर गिर गया। जिससे उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आ गई।

हाजत में बंद अन्य आरोपी द्वारा हल्ला करने पर आये पुलिसकर्मियों द्वारा घायल को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मच हुआ था। इसी दौरान मंगलवार को डीएमसीएच में इलाजरत कन्हैया की मौत हो गई। वहीं समस्तीपुर जिला पुलिस अधीक्षक ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की बात कही है।

मालगाड़ी की एक बोगी हुई बेपटरी, मची अफरा-तफरी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में मंगलवार को एक मालगाड़ी के बेपटरी जाने से अफरा-तफरी मच गई। घटना समस्तीपुर-बरौनी रेल खंड पर हुई। जहां मालगाड़ी की एक बोगी पटरी से उतर जाने की सूचना मिलते ही समस्तीपुर रेलवे में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बताया गया कि इसमें कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। एडीआरएम समस्तीपुर जेके सिंह के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर बेपटरी हुई बोगी को पटरी पर लाने के प्रयास में जुटी हुई थी। बताया गया कि सुबह के करीब 7:50 में बोगी में गिट्टी लदी बोगी बेपटरी हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मुजफ्फरपुर से समस्तीपुर आने के बाद मालगाड़ी रेल लाइन नंबर आठ से बरौनी के लिए खुली और मालगाड़ी के सेंट्रल पैनल के पास पहुंचते ही उसकी गिट्टी लदी एक बोगी अचानक से बेपटरी हो गई। मालगाड़ी के बोगी के बेपटरी होने से तेज आवाज हुई। जिससे रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया और तेजी से दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंचे। गनीमत थी कि मालगाड़ी लूप लाइन पर थी। मुख्य लाइन पर रहती तो आवागमन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता था। बताया गया कि इस मामले में डीआरएम के द्वारा घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं।

आरबीएस कॉलेज अंदौर में रंगोली बना छात्राओं ने स्टॉप रेप का दिया संदेश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई राम बहादुर सिंह कॉलेज अंदौर, मोहिउद्दीन नगर, समस्तीपुर के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, चेस प्रतियोगिता और कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गयी। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो० डॉ श्याम चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में कुल पांच ग्रुपों ने हिस्सा लिया। निकिता कुमारी, अस्मिता कुमारी, अंजली सिंह, रिचा भारती सहित खुशनुमा प्रवीण आदि छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय में चल रहे कैरम प्रतियोगिता में जंतु विज्ञान प्रतिष्ठा के छात्र रूपेश कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। इतिहास ऑनर्स खंड तृतीय के छात्र गुलशन कुमार ने चेस प्रतियोगिता के ओवरऑल में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों का प्रधानाचार्य ने हौसला अफजाई करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि इस तरह का कार्यक्रम आपके अंदर छिपे कौशल को निखारता है। उन्होंने अतिथि प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने वर्ग संचालन के साथ-साथ अन्य सहगामी कार्यों का भार अपने सबल कंधों पर उठा लिया है और आपने अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी बेहतरीन अंदाज में किया इससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के मानसिक विकास में चार चांद लग जायेगा। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में डॉ० रिंकू कुमारी, डॉ० श्वेता सुमन, डॉ० रवि प्रकाश, डॉ० प्रवीण कुमार थे एवं चेस व कैरम प्रतियोगिता का संचालन डॉ० मधु सिंह, डॉ० अमलेन्दु कुमार अंजन, एवं डॉ० सज्जन कुमार ने किया। मौके पर डॉ० सुनील कुमार, डॉ० शंभू कुमार, डॉ० मनोज, डॉ० बृजेश कुमार सुदर्शन एवं प्रधान सहायक अमरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, मुन्ना सिंह, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

केआरपी देव कुमार ने अपने जन्मदिन नीम और आम के पौधों का किया रोपण

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बिथान बीआरसी पर केआरपी देव कुमार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नीम एवं आम का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि देश में बढ़ती हुई जनसंख्या प्रदूषण के लिए बहुत ज्यादा जिम्मेदार होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आधुनिक तकनीकों का विकास हुआ, जनसंख्या बढ़ी, वैसे ही वनों का विनाश होने लगा। जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, वायु मंडल में भी ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, इन सभी की वजह से हमारा वातावरण बहुत प्रदूषित हो गया है। इसलिए केआरपी श्री कुमार ने सभी को अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह एवं अन्य शुभ आयोजनों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का अपील किया। उनके जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता, गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारीयों, औसेफा द्वारा संचालित मिथिला पेंटिंग के प्रशिक्षुओं, सगे-संबंधियों, बीआरपी, विभिन्न विद्यालयों के एचएम, शिक्षक, शिक्षा सेवकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मौके पर बीआरपी रामशंकर प्रसाद, शिक्षक बाल विजय कुमार, शिक्षा सेवक बलराम रजक, मनटुन चौधरी, रमेश कुमार, दिनेश रजक, शकिल आजाद, अफरोज रहमान, राम अकबाल कुमार, महफुज आलम, प्रियंका कुमारी, पिंकी कुमारी, वीणा कुमारी रामजपो सदा, रामदुलार रजक आदि थे।

वरुणा रसलपुर गांव में एक युवक की करंट के चपेट में आने से मौत

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन थाना क्षेत्र के वरुणा रसलपुर गांव में मंगलवार की सुबह बिजली की करंट से एक युवक की मौत हो गई मृतक की पहचान वरुणा रसूलपुर निवासी बिंदेश्वर दास के पुत्र यशवंत कुमार दास के रूप में की गई है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुबह में पंखा का प्लस लगा रहा था इसी दौरान अचानक पंखा में करंट आ गया जब तक परिजन लाइन काटते तब तक उसकी मौत हो गई थी उसके बाद परिजनों ने स्थानीय चिकित्सकों से भी दिखाया लेकिन उनके द्वारा भी मृत घोषित कर दिया गया घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

महा सुंदरम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड -हाउस ऑफ जॉनसन का हुआ उद्घाटन

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को उसरी स्थित महा सुंदरम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड -हाउस ऑफ जॉनसन का उद्घाटन बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, सांसद पाटलिपुत्र रामकृपाल यादव, व दानापुर विधायक रीतलाल यादव एवं प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के जोनल हेड सैफुर रहमान ने संयुक्त रुप से दीप प्रचलित कर किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने बतलाया कि गुजरात स्थित टाइल्स कंपनियों से बात कर बिहार में टाइल्स कंपनी खोलने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा यह उद्योग विहार में स्थापित होने से कंपनी को बंगाल झारखंड एवं उत्तर प्रदेश जैसे जगहों पर टाइल्स पहुंचाने में काफी कम समय लगेगा। बिहार के टाइल्स कंपनी में कार्यरत कर्मचारी को बिहार सरकार द्वारा भत्ता भी दिया जाएगा। वही बिहार के लोगों को इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस अवसर कंपनी के डायरेक्टर पंकज कुमार ने कार्यक्रम में आए हुए सभी चीफ गेस्ट का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी के उद्घाटन की तारीख से आने वाले 3 महीनों तक कंपनी अपने ग्राहकों को टाइल्स एवं सेनेटरी की खरीदारी पर 30 परसेंट का डिस्काउंट देगी। एक ही छत के नीचे जॉनसन टाइल्स सहित बाथ फिटिंग सेनेटरी के सारे महत्वपूर्ण आइटम उपलब्ध है। कंपनी के उद्घाटन के मौके पर सतेंदर ,वीरेंद्र यादव विजय यादव एवं पवन यादव मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद किया है। एक ओर जहां नरहन वार्ड 6 में धरल्ले से शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर अमरजीत दास के घर से 6 प्लास्टिक के गैलन में करीब 90 लीटर महुआ देशी शराब बरामद किया। जिसमें गृह स्वामी अमरजीत दास को शराब कारोबार में आरोपित किया गया है। वहीं दूसरी ओर देशरी कर्रख भवन्दा वार्ड 7 से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घर में छुपा कर रखें 49 कार्टन में 1032 बोतल जिसकी कुल मात्रा 441 लीटर विदेशी शराब बरामद किया। जिसमें दो शराब कारोबारी नीतीश कुमार एवं प्रभात कुमार को आरोपित किया गया है। वहीं नीतीश कुमार को पूर्व शराब कारोबारी भी बताया गया है। उक्त बातें की जानकारी विभूतिपुर थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने दी।

समारोह पूर्वक मनाई गई पुण्यतिथि

सरायरंजन। सरायरंजन प्रखंड के सूचना केंद्र नरघोघी पर मंगलवार को पूर्व पत्रकार सह आंगनबाड़ी सेविका एवं पूर्व पत्रकार स्वर्गीय विजय कुमार वर्मा की पत्नी किरण सिन्हा का द्वितीय पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। उपस्थित वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए समाज के कार्यों को याद किया। साथ ही आज की महिलाओं को उनके चरित्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। मौके पर सुमित झा, संदीप झा, पंडित विनोदानंद झा, रितुराज, प्रीति सिन्हा, मृत्युंजय कुमार, कुमारी चांदनी वर्मा, राजीव कुमार श्रीवास्तव, अर्चना कुमारी, आर्यन राज, अर्णव राज, अजय कुमार, संजय कुमार वर्मा, प्रतिभा वर्मा, हरेराम सहनी, रविंद्र पासवान, विनोद बिहारी बाजपेई, प्रो० अमरेंद्र कुमार, कुमोद प्रसाद गिरि आदि लोग उपस्थित थे।

रंगदारी नहीं देने पर दो फल व्यवसायियों को अपराधियों ने मारा चाकू

जहानाबाद। नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के बाजार में रंगदारी की मांग को लेकर दो फल व्यवसायियों को बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आनन-फानन में घायल दोनों फल व्यवसायियों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार किया गया। घटना के संबंध में घायल व्यवसायी शमशेर बहादुर ने बताया कि वह वह फल मंडी में सोया था। सोमवार की देर रात पांच या छह की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने जगाया और पैसे की मांग करने लगे। इस दौरान फलमंडी में काम करने वाले एक मजदूर की जेब से दो हजार रुपया निकाल लिया और जाते-जाते दोनों के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। हालांकि गश्ती कर रही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंची और एक बदमाश को पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी का नाम कुंदन शर्मा है और वह मुजफ्फरपुर रेल पुलिस का सस्पेंडेड सिपाही है। इस घटना में शामिल बाकी बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

नारायण विगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर चली गोलियां

जहानाबाद। घोसी थाना क्षेत्र के नारायण विगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर मंगलवार को गोलीबारी घटना घटी है। लेकिन, इसमें कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। 5 बाइक पर 15 लोग सवार होकर आए और गोपाल यादव के दरवाजे पर 5 राउंड गोलीबारी किया। लेकिन, इस गोलीबारी में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। गोपाल यादव द्वारा लिखित आवेदन घोसी थाने के पुलिस को दिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है बताया जाता है कि घटना का कारण पूर्व से ही विवाद चला रहा था। गोपाल यादव का कहना है कि सोमवार की रात्रि नारायण विगहा गांव निवासी बीरची यादव से विवाद हुआ था। इसी को लेकर बीरची यादव मंगलवार को बाहर से अभी बुला कर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है।

मोटरसाइकिल और टेंपो में हुई टक्कर

जहानाबाद। मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मुस्सी के समीप मोटरसाइकिल सवार और टेंपो की हुई टक्कर जिसमें मोटरसाइकिल सवार धरनई गांव निवासी सुजीत कुमार घायल हो गया, जानकारी के अनुसार सुजीत अपने ससुराल किशुनपुर से अपने घर धरनई लौट रहे थे तभी मुस्सी के समीप विपरीत दिशा से आ रही ऑटो से सीधी टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, घायल व्यक्ति को ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बड़े धूम-धाम के साथ 205 कोबरा ने मनाया 14वां स्थापना दिवस

गया, प्रात : किरण संवाददाता

205 कोबरा बटालियन के प्रांगण में धूम धाम से बटालियन का 14वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। 1 अगस्त 2009 को अपनी स्थापना के बाद 13 गौरवशाली वर्ष पूरे कर चुकी इस बटालियन का इतिहास शौर्य और साहस की अनगिनत गाथाओं से भरा पड़ा है। राष्ट्र की रक्षा में प्राणपण से समर्पित इस बटालियन के रणबाँकुरों ने कई बार कर्तव्य पथ पर आत्माहूति देकर अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। विगत 13 वर्षों से बिहार-झारखंड तथा गया और औरंगाबाद ज़िलों के सीमावर्ती इलाकों में तैनात रह कर इस बटालियन ने नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसी है साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण रखने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई है।

ज्ञातव्य है कि गया औरंगाबाद के सीमावर्ती इलाकों के चकरबंधा जंगल में नक्सलियों का खौफ जनता के सर चढ़ कर बोला करता था। लेकिन 205 कोबरा की तैनाती के बाद से कानून तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है और पिछले एक वर्ष में निरंतर अभियान चला कर 205 कोबरा के बहादुर जवानों ने नक्सलियों की नाक में पूरी तरह से नकेल डाल दी है। इस क्रम में उल्लेखनीय है की छकरबंधा के जंगलों में नक्सलियों में बड़ी मात्रा में बारूदी सुरंगें बिछा रखी हैं और इस वजह से सुरक्षा बलों और खास तौर पर 205 कोबरा को काफी क्षति भी पहुँची है, परंतु इसके बाद भी अपने चट्टानी हौसलों की आँधी से 205 कोबरा ने अपने साहसिक अभियानों को जारी रखा और इन बहादुर जवानों के अथक प्रयासों की वजह से ही कई दुर्दोंत नक्सलियों को समर्पण के लिए मजबूर होना पड़ा है या अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि 205 कोबरा बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सिरमौर 10 कोबरा बटालियनों में से एक है और अपनी स्थापना के बाद से अपने अखंड समर्पण, प्रतिबद्धता और त्याग से कई उपलब्धियाँ हासिल की है। जिनमे 1 कीर्ति चक्र, 3 शौर्य चक्र तथा अनगिनत वीरता पदक शामिल हैं। अपनी स्थापना के बीते 13 वर्षों में इस बटालियन ने 5 बार सर्वोत्तम कोबरा बटालियन का पुरस्कार

जीता है जो सभी कोबरा बटालियनों में सर्वाधिक है और इसमें वर्ष 2021 के लिए सर्वोत्तम कोबरा बटालियन की ट्रॉफी भी शामिल है जो इस वर्ष मार्च के महीने में गृह मंत्री अमित शाह ने बटालियन के कमांडेंट कैलाश को प्रदान की थी। अपने सतत परिश्रम से सफलता के नित नए प्रतिमान गढ़ती इस बटालियन के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर विगत एक सप्ताह से विभिन्न कार्यक्रम चल रहे थे जिसमें वृक्षारोपण, अंतर कम्पनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता, रस्सा कशी, टेबलटेनिस, बैडमिंटन, बॉडी बिल्डिंग, अल्ट्राफि ट प्रतियोगिता, महिलाओं और बच्चों के लिए रंगोली, कुकिंग, चित्रकला, म्यूज़िक प्रतियोगिता इत्यादि आयोजित किए गए

थे। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या पर मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार तथा झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ के आइजी अमित कुमार आमंत्रित थे तथा उनके साथ सीआरपीएफ गया के डीआइजी विमल बिष्ट, कोबरा के डीआइजी बीके टोप्पो, औरंगाबाद के ज़िलाधिकारी सौरभ जोरवाल, एसपी कांतेश मिश्रा, 159 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट कमलेश सिंह, 203 कोबरा के कमांडेंट राजीव कुमार, 47 बटालियन के कमांडेंट

जियाऊ सिंह,29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल कमांडेंट एच के गुप्ता भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया साथ ही सभी कार्मिकों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस दौरान 205 कोबरा कमांडेंट कैलाश ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए उप कमांडेंट अमन दीप ने स्वागत संबोधित करते हुए बटालियन के गौरवशाली इतिहास से सभी को परिचित कराया। इस क्रम में बटालियन के कार्मिकों द्वारा अनेकों मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।जिनमे सुरीले गीत, भांगड़ा, नृत्य प्रस्तुति इत्यादि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन पर कमांडेंट कैलाश ने सभी जवानों और अधिकारियों को उनके समर्पण और अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद देते हुए बटालियन के द्वारा भविष्य में भी नित नए कीर्तिमान बनाने हेतु सभी को कृत संकल्पित होकर प्रयास करते रहने का संदेश दिया और सबको अपनी शुभकामनाएँ देते हुए सभी के साथ इस उपलक्ष्य में आयोजित बड़ाखाना में भाग लिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी मनीष महाले, उप कमांडेंट योगेन्द्र डाखोले, दीपक पटवाल, वरिंदर पाल सिंह, डिप्टी कमांडेंट ओपी यादव, सहायक कमांडेंट अमित कुमार, रॉबर्ट हाओकि प, सुभाष यादव, दिव्यप्रकाश पांडेय,अमित सिंह सहित अधिकारी व जवान मौजूद थे।

डीएम ने आसन्न सुखाड़ की पूर्व तैयारी को ले पदाधिकारियों के साथ की बैठक

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में वर्ष-2022 में आसन्न सुखाड़ की पूर्व तैयारी को लेकर सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों के साथ जिला में मॉनसून की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर आसन्न सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति के संबंध में विचार-विमर्श किया।

साथ ही इससे निपटने हेतु संबंधित कार्य विभागों के द्वारा किये जाने वाले उपायों एवं तैयारियों के संबंध में विचार करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि मौसम के अनुरूप 15 अगस्त के बाद से आकस्मिक फसल कार्य योजना पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। किसानों को डीजल अनुदान प्रदान करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। अभी उर्वरक की ज्यादा आवश्यकता नहीं है। जिला में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया कि जिला में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध हो तथा किसानों को बिना किसी व्यवधान के उर्वरक प्राप्त हो, इसका निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। वर्तमान में मानसून एवं आसन्न सुखाड़ की स्थिति को ध्यान में रखकर पेयजल एवं सिंचाई प्रबंधन से जुड़े विभागों यथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल, लघु सिंचाई प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल एवं जिला कृषि पदाधिकारी, जहानाबाद से कार्यालय से संबंधित पदाधिकारी, कर्मचारी को विधि-व्यवस्था में संलग्न नहीं किये जाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया।

बड़े धूमधाम के साथ 159 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया अपना 19वां स्थापना दिवस, सांस्कृतिक संध्या में झूमे लोग

गया, प्रात : किरण संवाददाता

159 बटालियन सीआरपीएफ ने जेल परिसर मुख्यालय में बटालियन का 19वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर यहां मेले का आयोजन किया गया,जिसमें सीआरपीएफ के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया। लोगों ने यहां लगे स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया और खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। मेले का उद्घाटन 159 बटालियन सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेश सिंह ने फीता काटकर किया। सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

आज 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। मेले में छोले भटूरे, बिरयानी, इडली, दही भल्ला, गोलगप्पा, चाउमिन, आलू टिक्की,जूस,पावभाजी जैसे लजीज पकवानों के स्टालों पर अधिकारियों और जवानों व उनके परिजनों ने खूब स्वाद लिया। इसके अलावा यहां तीर प्रतियोगिता, मटकी फोड़ प्रतियोगिता, छल्ला फेंक, रस्साकशी, बच्चों के जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर के खेल भी कराए गए। संध्या 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें सीआरपीएफ के अधिकारी से लेकर जवान अनुशासन के साथ उमंग में सरोवर दिखे।सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में जवानों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम देख कर समा बांधा। सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेश सिंह ने वहाँ उपस्थित अधिकारियों और जवानो को इस स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि वीर शहीदों की शहादत हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत हैं, जो हमें हौसला एवं हिम्मत देती है।उन्होंने कहा कि हमारा बल विश्व का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल है और यह महान बल न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है।उन्होने बताया कि हमारे महान बल की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गया मुख्यालय सीआरपीएफ की ओर से राज्य में नक्सलियों के विरूद्व निरंतर अभियान चला रही है।

राज्य के विभिन्न भागों में फैले नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सीआरपीएफ ने बड़ी अहम भूमिका निभाई है तथा भविष्य में भी अपने वीरतापूर्वक कार्यो से देश व राज्य की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयत्नशील रहेगी। इस मौके पर डीआईजी विमल कुमार बिष्ट, कमांडेंट कमलेश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी अवधेश कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, डिप्टी कमांडेंट समीर कुमार राव, डिप्टी कमांडेंट अंबर घोष, सहायक कमांडेंट अरविंद कुमार, के अलावे जिला परिषद अध्यक्षा नैना देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एसडीएम ने की कैसर हिन्द तटबंध का निरीक्षण

रामगढ़वा, प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल एसडीएम आरती ने रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती तिरूवाह के कैसर हिन्द तटबंध का निरीक्षण मंगलवार को रामगढ़वा बीडीओ मोहम्मद सज्जाद व सीओ मणिभूषण राय के साथ की। इस दौरान एसडीएम ने पिपरपाती चौक से अधकपरिया गांव को जोड़ने वाला कैसर हिन्द बांध पर मंगलवार की सुबह लगातार बारिश से तीसरी बार टूटे सड़क का भी निरीक्षण किया।

वही निरीक्षण के बाद एसडीएम ने अतिक्रमित किये सड़क व बांध को हटवाने का निर्देश दिया ताकि पिपरपाती की ओर से आने वाली पानी का निकासी हो सके। वही लोगो तौहीद आलम, तनवीर आलम, नफीस अजय यादव व पंसस गांधी जी आदि ने अधिकारियों को बताया कि जब तक बांध पर से अतिक्रमण नही हटेगा तब तक बारिश का पानी निकासी नही हो पायेगा। पानी निकासी नही होने के कारण ही बांध क्षतिग्रस्त हो जा रहा है। इस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया बहुत जल्द समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

नागपंचमी में शिवालयों पर जुटी रही भीड़

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को पूरे देश में नाग पंचमी का त्यौहार हिन्दुओं द्वारा मनाया गया। मंगलवार की सुबह महिलाएं पूजा-अर्चना करने के बाद काल्पनिक अथवा वास्तविक नाग-नागिन देवी-देवता को एक कटोरी में दूध एवं लावा अर्पित कर प्रार्थना की। हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष के पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती है और उन्हें दूध से स्नान कराया जाता है, लेकिन कहीं-कहीं दूध पिलाने की परम्परा भी है। इस दिन अष्टनागों की पूजा की जाती है। रक्सौल के विभिन्न शिवालयों में इस दिन काफी भीड़ होती है। वहीं भारतीय दूतावास स्थित राजदंडी मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक साल की तरह इस साल भी मेला का आयोजन हुआ। इस दिन सुबह से महिला, पुरुष, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी राजदंडी स्थित हनुमान मंदिर एवं शिवालय पहुंच बजरंग बली व श्रीराम जानकी की पूजा अर्चना कर वहां पदस्थापित शिव लिंग पर जलाभिषेक करके आशीर्वाद लिया। जहां काफी भीड़ भी थी और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं एसएसबी के जवान आदि मौजूद थे।

पराक्रम और वीरता का प्रतीक जोश में निकला महावीरी झंडा जुलूस

चप्पा-चप्पा पर मुस्तैद रहें दंडाधिकारी व पुलिस अधिकारी

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

खुशी, वीरता, पराक्रम एवं लोक आस्था का प्रतीक महावीरी झंडा जुलूस मंगलवार को पूरी सुरक्षा के बीच निकाला गया। जुलूस विभिन्न मुहल्लों से निकलकर प्रत्येक साल की तरह मुख्य पथ होते हुए स्थानीय थाना और फिर भारतीय दूतावास स्थित राजदंडी महावीर बजरंग बली मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। निकला जुलूस देर रात तक शहर में भ्रमण करता रहा। युवाओं से सुसज्जित और प्रौढ़ युवाओं के अनुभव के द्वारा निकाली गई इस जुलूस में तरह-तरह के करतब दिखाए गए, अखाड़ेदार हाथ में लाठी-डंडा, तलवार, बनैठी, बन्ना, सटाकी आदि प्राचीन हथियारों से करतब दिखाते हुए चल रहे थे।जिसका लोगों ने खूब आनंद लिया और वाहवाही की। इस दौरान जिला से गठित टीम अनुमंडल पदाधिकारी आरती एवं रक्सौल एसडीपीओ सह एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये थे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय नगर में चक्रमण करते रहे। सुरक्षा व्यवस्था में थाना रक्सौल में सुरक्षित दंडाधिकारी के रूप में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सतीश रंजन व पुलिस पदाधिकारी के रूप में इंस्पेक्टर शशिभूषण ठाकुर मौजूद रहें। जबकि बाटा चौक पर थाना स्तर से अधिकारी मौजूद रहे। सब्जी मंडी चौक पर सब इंस्पेक्टर कृतिका कुमारी, लक्ष्मीपुर मस्जिद के पास एसआई प्रीति कुमारी, नौका टोला मस्जिद के पास एएसआई अशोक कुमार राय मौजूद रहे, जबकि अन्य जगहों पर थाना स्तर से पदाधिकारी के साथ जवान मौजूद रहें। जबकि सीओ विजय कुमार गस्ती दल के प्रभारी रहें। वही हरैया ओपी सुरक्षित दंडाधिकारी के रूप में बीडीओ संदीप सौरभ व पुलिस पदाधिकारी के रूप में थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल मौजूद रहें। वहीं भारतीय दूतावास हनुमान मंदिर के पास एसआई राजेश कुमार, दूतावास के मुख्य द्वार पर थाना स्तर से, तुमड़िया टोला डंकन चौक पर एसआई उमेशचंद्र पांडे, कस्टम चौक पर एएसआई कृष्णा प्रसाद तैनात रहें। वहीं दूतावास परिसर में एसएसबी की तरफ से पुरुष व महिला जवानों के अधिकारी तैनात रहें। जबकि मंदिर परिसर के सदस्य एवं अन्य सुरक्षा कर्मी लगे रहें। हर साल की भांति इस साल भी दूतावास परिसर में मंदिर के समीप मेले का आयोजन रहा, जिसमें श्रदालुओं की भीड़ सुबह से जुटी रही।

अधकपरिया से रामगढ़वा मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क टूटा, आवागमन बाधित

रामगढ़वा, प्रात : किरण संवाददाता

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के पानी के कारण सुदूरवर्ती तिरूवाह का प्रमुख गांव अधकपरिया से रामगढ़वा प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क, पिपरपाती चौक के समीप अत्यधिक पानी होने के कारण तीसरीबार ध्वस्त हो गया, जिसके कारण उक्त गाँव के ग्रामीणों का सड़क सम्पर्क भंग हो गया। इस बाबत उक्त गांव के ग्रामीणों पंसस अजय गांधी तौहीद आलम, तनवीर अहमद, झक्की अहमद, नफीस रहमान, ब्रज किशोर यादव आदि लोगो ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था, जिसमे संवेदक द्वारा घटिया कार्य कराया गया था। वही दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सड़क में भरे गए मिट्टी सहित जीएसपी व कालीकरण की गिट्टी तक उखड़ गए व धीरे धीरे धंस गया और देखते देखते सड़क करीब 15 फिट गहरा गड्ढा में तब्दील हो गया, जिसके कारण चारपहिया वाहन समेत दो पहिया व पैदल आने जाने का रास्ता ठप हो गया। वही इनलोगो ने बताया कि सड़क धंसने की सूचना रामगढ़वा बीडीओ व सीओ को सूचना दे दी गयी है। उक्त गाँव के नव युवकों ने सिकरहना नदी के किनारे अवस्थित कैसर हिन्द बांध पर रखे मिट्टी भरे बैग को ट्रेक्टर पर लाद कर लाये और ध्वस्त हुए सड़क की भराई करने लगे ताकि आवागमन चालू हो सके। सीओ मणिभूषण कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा तीन रोज पहले मरम्मती करा कर सड़क को चलने लायक बनाया गया था, अब तीसरी बार टूट गया, उसको लेकर भी विभाग को सूचित कर दिया गया है।वही टूटे हुए सड़क की सूचना मिलने के उपरांत एसडीएम आरती, बीडीओ मोहम्मद सज्जाद ने निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने हेतु कार्य दस्ता बल का हुआ आयोजन

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

वैश्विक महामारी कोरोना भले ही कम हो गया है, परंतु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है और अपना प्रकोप समय-समय पर दिखा रहा है। जिससे बचाव अत्यंत ही जरूरी है, इसलिए सरकार के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग भी कोविड-19 से बचाव हेतु टीकाकरण का कार्य लगातार कर रही है। अधिकाधिक व्यक्ति को टीकाकरण से अच्छादित किया जा रहा है, लोगों को बूस्टर डोज भी दिया जा रहा है ताकि कोरोना का असर कम हो सके। इसी कड़ी में मंगलवार को रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल के सभा कक्ष में अस्पताल उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में कोविड-19 महा अभियान की सफलता हेतु प्रखंड स्तरीय कार्य दस्ता बल का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी, यूनिसेफ एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। लोगों से अपील किया गया कि जो लोग वैक्सीन नहीं लिए हैं वे शीघ्रता शीघ्र लें, जिनका पहला डोज हो गया है, वे दूसरा लें और जिनका दोनो डोज पूर्ण हो तो समयानुसार बूस्टर डोज अर्थात तीसरा डोज अवश्य लें। टीकाकरण को नगर परिषद से लेकर सभी पंचायत स्तर तक कराया जा रहा है। मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सह चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. मुराद आलम, स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी अनिल कुमार के साथ स्वच्छ रक्सौल से अध्यक्ष रंजित सिंह व लायंस क्लब से अध्यक्ष शंभू चौरसिया के साथ मो. निजामुद्दीन एवं पवन किशोर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

बकाए का बिजली संकट

प्रधानमंत्री मोदी ने खराब भुगतान की पुरानी आदत और देश में ऊर्जा संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। यह संकट 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है, लिहाजा हालात सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री का बयान भी गंभीर है, आगाह करने वाला है, क्योंकि बिजली भुगतान का बकाया बना रहेगा और बिजली उत्पादक कंपनियों का घाटा बढ़ता रहेगा, तो एक स्थिति यह भी आ सकती है कि बिजली पैदा करने का सवाल खड़ा हो जाए और देश का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबता लगे! यदि मौजूदा बिजली संकट को आम नागरिक के नजरिये से देखें, तो वह मासूम और बेकसूर है। औसतन नागरिक समयबद्ध तरीके से बिजली के बिल का भुगतान करता है। उसे बिजली कनेक्शन काट दिए जाने का भी भय रहता है। सवाल यह है कि ऐसे भुगतान के अरबों रुपए कहां ठहर जाते हैं या रोक लिए जाते हैं अथवा सबसिडी का भुगतान भी नियमित तौर पर नहीं किया जाता। सरकार के खातों में कई फ्रॉड दफन हैं। उनकी जांच होनी चाहिए। देश में लगभग सभी सरकारें सबसिडी मुहैया कराती हैं, लेकिन उसका यथासमय भुगतान न करने से बिजली वितरण के नुकसान भी बढ़ते रहते हैं।

नतीजतन बिजली उत्पादक कंपनियों पर भी व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। बीते जुलाई माह तक 1.13 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा राज्यों पर अथवा बिजली वितरण कंपनियों पर बकाया थे, जो उन्हें उत्पादक कंपनियों को देने चाहिए थे। बिजली वितरण कंपनियों का अपना रोना है कि उनका कुल घाटा 5,22,869 करोड़ रुपए का है। यानी जिस संकट का खुलासा प्रधानमंत्री ने देश के सामने किया है, संकट उससे भी ज्यादा गहरा और व्यापक है। सरकारी डाटा के मुताबिक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उप्र और जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों और संघशासित क्षेत्र पर सबसे ज्यादा बकाया शेष है। तमिलनाडु पर 25,553 करोड़, महाराष्ट्र पर 19,745 करोड़, उप्र पर 10,755 करोड़ और जम्मू-कश्मीर के हिस्से 10,669 करोड़ रुपए के करीब बिजली भुगतान का बकाया खड़ा है। इनके अलावा मप्र, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान, बंगाल, केरल, पंजाब और आंध्रप्रदेश आदि राज्य भी इसी ह्यहम्माम में नंगेह्न हैं। सवाल है कि राज्यों के बिजली बोर्ड या बिजली वितरण कंपनियां, बिजली उत्पादक कंपनियों से, जो बिजली लेती रही हैं, उनका समयबद्ध भुगतान क्यों नहीं करतीं? इसका सीधा असर उत्पादक कंपनियों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, क्योंकि वे अपने आर्थिक दायित्व पूरे नहीं कर पातीं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि उत्पादक कंपनियां बेहद वित्तीय संकट में हैं और उनका घाटा 2020 में ही 5 लाख करोड़ रुपए पार कर चुका है। प्रधानमंत्री खुद दखल देकर इसका समाधान निकाल सकते हैं।

वे सर्वदलीय और मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं और ऊर्जा-संकट के प्रति सचेत करें। भारत सरकार ने 2016 में बिजली की दर और लागत संबंधी जो नीति तैयार की थी, वह वितरण के नुकसान के 20 फीसदी तक सबसिडी की अनुमति देती है। बिजली कानून के मुताबिक, वितरण कंपनियों को सबसिडी की राशि अग्रिम दी जानी चाहिए। यदि कानून का अक्षरशः पालन किया जाए, तो बिजली पर सबसिडी दी जा सकती है, बिजली सस्ती दी जा सकती है या बिजली की आपर्ति मुफ्त की जा सकती है। राजधानी दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली निःशुल्क है, फिर भी बजटीय घाटा अपनी सीमा में है। दिल्ली पर बकाया मात्र 3 करोड़ रुपए है। यह इसलिए है, क्योंकि सरकार सबसिडी का भुगतान वितरण कंपनियों को नियमित करती रही है। बहरहाल प्रधानमंत्री ने जो चिंता और सरोकार व्यक्त किए हैं, वे वित्तीय समस्या से जुड़े हैं। वह दलीय राजनीति नहीं है। राज्य भारत सरकार से भी कर्ज और अनुदान लेते रहे हैं, करों में उनकी जो हिस्सेदारी है, वह भी देर-सबेर उन्हें मिल जाती है, उनका बजट अपने संसाधनों पर आधारित है, फिर भी राज्यों पर कर्ज और बकाए का बोझ बना रहता है। कमोबेश यह विरोधाभास स्पष्ट होना चाहिए। बीते दो दशकों में भारत सरकार भुगतान के बकाए की दुरावस्था का कोई हल नहीं ढूंढ सकी है, लिहाजा बकाया बढ़ता जा रहा है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बिजली सबसिडी कंपनियों को देने के बजाय सीधा उपभोक्ता को ट्रांसफर कर दी जाती है, लिहाजा बकाया लटकता नहीं रहता और आम नागरिक तक सबसिडी पहुंच भी जाती है। दूसरे राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री अविलंब मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं, ताकि किसी साझा निष्कर्ष तक पहुंचने की बात आगे बढ़ सके।

नए शीत युद्ध की आहट

सिद्धार्थ शंकर

यूक्रेन पर रूस के हमले के पांच महीने होने को हैं। अब यह स्पष्ट है कि युद्ध छिड़ने से पहले रूस के जो लक्ष्य थे, वे पूरे नहीं होंगे। संभवतः रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह नहीं सोचा था कि यूक्रेन सरकार और जनता इतनी मजबूती से उनकी सेनाओं का मुकाबला करेंगी और अमेरिका व नाटो देश उनकी हरसंभव मदद करेंगे। अब रूस के लक्ष्य सीमित रह गए हैं-पूर्वी यूक्रेन यानी डोनबास के इलाके पर पूर्ण कब्जे के साथ-साथ दक्षिण यूक्रेन में ओशकिव और काले सागर (ब्लैक सी) के तट पर नियंत्रण। अभी तो लगता यही है कि रूस इस मंशा में कामयाब हो जाएगा, हालांकि यह साफ नहीं है कि ओडेसा बंदरगाह पर वह किस तरह का रुख अपनाएगा? सवाल यह है कि इस युद्ध का रूस, यूरोप व शेष दुनिया पर क्या असर पड़ेगा और, रूस अपने सीमित लक्ष्य की क्या कीमत चुकाएगा? राष्ट्रपति पुतिन यही मानते हैं कि रूस की यूक्रेन में ऐतिहासिक भूमिका थी, जिसके चलते कीव को यह अधिकार नहीं था कि वह पश्चिम के पाले में, खासकर नाटो के साथ चला जाए। अभी ऐसा नहीं लगता कि आने वाले वर्षों में यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकेगा, लेकिन स्वीडन और फिनलैंड की सदस्यता नाटो के देश अंततः स्वीकार करेंगे, जिसका रूस की सामरिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यानी, अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जिस जंग में रूस ने हाथ डाले, वही अब उसके हाथ जला रही है। रूस के सामने एक और समस्या है, जो नाटो के देशों द्वारा यूक्रेन को दिए जाने वाले समर्थन से पैदा होगी, और लंबे वर्षों तक चलेगी। नाटो के देश अब भी यूक्रेन को युद्ध सामग्री दे रहे हैं, और वे इतनी मात्रा में यह मुहैया कराते रहेंगे कि स्थिति सामान्य नहीं हो सकेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जल्द ही यूक्रेन को एक अरब डॉलर की अतिरिक्त सैन्य मदद देने का एलान किया है। कहा जा सकता है कि रूस जिस प्रकार से 1980 के दशक में अफगानिस्तान के दलदल में फंस गया था, उसके लिए ठीक वही स्थिति नाटो के देश, खासतौर से अमेरिका अब यूक्रेन में पैदा करना चाहता है। बहरहाल, यूक्रेन पर आक्रमण से यूरोप की सामरिक स्थिति तो बदली ही, विश्व की आर्थिक स्थिति भी चरमरा गई है। विशेषकर ऊर्जा आपूर्ति पर बुरा असर पड़ा है, जिसके कारण कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम अत्यधिक बढ़ गए हैं। इसका बुरा असर भारत पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा, यूक्रेन से काफी मात्रा में गेहूं का निर्यात होता है और पश्चिमी एशिया के देश व अफ्रीका इसी गेहूं पर निर्भर हैं। इन दिनों यह आपूर्ति बंद है, जिसके कारण संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के गेहूं पर निर्भर देशों को भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। भारत ने भी गेहूं का निर्यात रोक दिया है, लेकिन विश्व खाद्य कार्यक्रम से यह अपील भी की है कि वह ह्यगवर्नमेंट टु गवर्नमेंट (सरकारी एजेंसियों, विभागों और संगठनों के बीच) गेहूं की आपूर्ति की इजाजत दे। यह एक अच्छा कदम है। उधर, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बात की, जिसका ब्योरा देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया है कि बीजिंग रूस की संप्रभुता और सामरिक नजरिये के पक्ष में है। इस आश्वासन से पुतिन को फिर से राहत मिली होगी, क्योंकि जिस प्रकार से रूस पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं, उसके कारण आर्थिक दृष्टि से उसे चीन की जरूरत है। यानी, वह जितनी ऊर्जा का आयात रूस से कर रहा है, उसे वह बढ़ाए। साथ ही, अन्य सामग्रियों के आयात में भी कटौती न करे। खबर भी है कि चीन ने रूस से तेल का आयात बढ़ा दिया है और यह एक साल पहले के स्तर से 55 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। अब सऊदी अरब को पछाड़ते हुए रूस चीन में तेल का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश बन गया है। रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों की यह भंगिमा इसी का संकेत है कि चीन अमेरिका की नीतियों का हर सूरत मुकाबला करना चाहता है। हां, यह सच है कि भारत ने भी इस हमले की निंदा नहीं की है, पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधियों के बयानों से स्पष्ट है कि नई दिल्ली इसे गलत मानती है। पहले भारत जहां रूस के सामरिक नजरिये का जिक्र किया करता था, वहीं 24 फरवरी, यानी यूक्रेन पर हमले की शुरूआत वाले दिन से उसने ऐसा करना बंद कर दिया है। नई दिल्ली ने जोर देकर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मसलों का समाधान कूटनीति व बातचीत से ही निकाला जाना चाहिए। इसमें किसी भी देश की संप्रभुता का हनन नहीं होना चाहिए और न ही सीमाओं का उल्लंघन। इसके उलट, चीन अब भी रूस के सामरिक नजरिये की चर्चा करता है। दरअसल, वह रूस की दुविधा का फायदा उठाना चाहता है।

हर घर तिरंगा अभियान और देशभक्ति के मायने

यह अभियान स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को घर लाने की अनुमति देता है, जो अंतत : तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत संबंध बनाएगा और राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक होगा। तिरंगा भारत के नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे गौरव और सम्मान का राष्ट्रीय प्रतीक है। हर किसी के जीवन में इसकी एक अलग पहचान होती है। हर घर तिरंगा, बेशक सरकार के दूरदर्शी चिंतन और लक्ष्य का परिणाम है। राष्ट्र के हर एक नागरिक में राष्ट्रीयता का बोध हो, उसे अपने राष्ट्र से प्रेम हो, वह राष्ट्रीय सुरक्षा, गरिमा और भविष्य को, अपनी सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के साथ जोड़कर बहुत गंभीरता से यह जाने और समझे कि उसके तथा उसकी संतानों के सुरक्षित और समृद्धशाली जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है

प्रियंका सौरभ
लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है

हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अभियान है। यह अभियान लोगों को भारत की आजादी के 75वें वर्ष में तिरंगा घर लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। नागरिकों और तिरंगे के बीच संबंध हमेशा से ही बहुत प्रगाढ़ रहे हैं। यह अभियान स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को घर लाने की अनुमति देता है, जो अंततः तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत संबंध बनाएगा और राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक होगा। तिरंगा भारत के नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारे गौरव और सम्मान का राष्ट्रीय प्रतीक है। हर किसी के जीवन में इसकी एक अलग पहचान होती है।

हर घर तिरंगा, बेशक सरकार के दूरदर्शी चिंतन और लक्ष्य का परिणाम है। राष्ट्र के हर एक नागरिक में राष्ट्रीयता का बोध हो, उसे अपने राष्ट्र से प्रेम हो, वह राष्ट्रीय सुरक्षा, गरिमा और भविष्य को, अपनी सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के साथ जोड़कर बहुत गंभीरता से यह जाने और समझे कि उसके तथा उसकी संतानों के सुरक्षित और समृद्धशाली जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है; उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि का होना। इसलिए क्या आपको हर घर तिरंगा फहराने के साथ-साथ हर घर रोजगार की आवश्यकता ज्यादा नहीं लग रही है ? आज आजादी के 75 साल के बाद भी देश के नौजवान बेरोजागरी के चलते आत्महत्या करने को मजबूर है।

वर्तमान सरकार देशभक्ति की भावना जगाने के लिए ये हर घर तिरंगा आंदोलन चला रही है, ठीक है, अच्छी बात है, देशभक्ति जरूरी है, पर अब हमें अंग्रेजो से या मुगलों से आजादी तो चाहिए नही तो हमें वही तिरंगा उठा कर आंदोलन करना है। अपितु हमें आगे बढ़ना है, अपने मौलिक अधिकारों के लिए, बेरोजगारी के लिए, शिक्षा के लिए, सुरक्षा के लिए, स्वाथ्य सुविधा के लिए। आखिर कब तक देशभक्ति के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकी जाएंगी। आज देश के युवा उच्च शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगार हैं, मंहगाई अपने चरम पर है, लोग एक- दूसरे के खून के प्यासे हैं, अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है, चीन अपने देश पर कब्जा कर रहा है, नेपाल तक देश को आंख दिखा रहे हैं, और भी ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन पर पर्दा डालकर हम आगे नहीं बढ़ सकते। रोज-रोज नये टैक्स, नये फरमान, आम जनता की परेशानी से जुड़े मुद्दों पर कोई खास ध्यान नहीं, फरमान नहीं, क्या इस फरमान से देश भक्ति बढ़ जायेगी? आज सरकार को क्यों ऐसा महसूस होता है कि लोगों में देश भक्ति की कमी है, अगर ऐसा होता तो देश गुलाम हो सकता था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे यह सिद्ध होता है कि देश के लोग सच्चे देश भक्त है। वैसे भी देश व ईश्वर की भक्ति सब गुप्त होती है, कैमरे के सामने प्रदर्शन नहीं किया जाता है। मगर देश की समस्याएं आज सभी के सामने है इसलिए आम जनता की परेशानी को भी नजर अंदाज न किया जाये। देश भक्त पहले से ही राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रीय झंडा लगाते रहे हैं। हाँ, अब नए कानून से चौबीस घंटे लगा सकते हैं। मगर हर घर तिरंगा आखिर किस नयी उपलब्धि पर इतराकर, हम तिरंगा लहराए हमें ये भी तो सोचना होगा।

अब सरकार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को लेकर नियम कानून में भी परिवर्तन कर दिया गया है, स्वागत योग्य है। सरकार का हर घर तिरंगा अभियान हम जानते है, हर भारतवासी के लिए अनुकरणीय है, जो भविष्य में एक सशक्त, एकजुट और शक्तिशाली भारत के स्वर्ण पथ का मार्ग प्रशस्त करेगा। हम जानते है कि सब कुछ सामान्य होते हुए भी वर्तमान और भविष्य की विधमान और संभावित बड़ी राष्ट्रीय समस्याओं का एक बड़ा कारण देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रीय दायित्व बोध की कमी और अभाव है, जिस पर समय रहते सोचने और बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसलिए हम सभी देश वासी हर घर तिरंगा लहरायेंगे, लेकिन इस स्वतंत्रता दिवस पर हमें लाल किले से ये आवाज भी तो सुनाई दे कि देश के हर नागरिक को समान शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, रोजगार गारंटी दी जाएगी। यही तो सच्चा राष्ट्रवाद है।

कानूनी एक नयी शुरूआत करते हुए भारत के ध्वज संहिता, 2022 को 30 दिसंबर 2021 को संशोधित किया गया। पॉलिएस्टर या मशीन से बने झंडे से बने राष्ट्रीय ध्वज को अनुमति दी गई है। अब, राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते और हाथ से बुने हुए या मशीन से बने कपास, पॉलिएस्टर, ऊन और रेशम खादी से बना होगा। एक सार्वजनिक या निजी संगठन या एक शैक्षणिक संस्थान का कोई सदस्य राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान के अनुरूप सभी दिनों और अवसरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकता है या प्रदर्शित कर सकता है। जहां झंडा खुले में प्रदर्शित होता है या जनता के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, इसे दिन-रात लहराया जा सकता है। बहुत अच्छी बात है सभी को तिरंगे का चाव चढ़ेगा मगर क्या ये चाव भर ही देश की सब समस्याओं को अंत कर देगा? इस बात की कोई गारंटी है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तीनों दिन कोई भी देशवासी भूखा नहीं सोयेगा, कोई बेरोजगार अपनी जान नहीं देगा, कोई व्यक्ति इलाज के अभाव में अस्पताल के दरवाजे पर दम नहीं तोड़ेगा; अगर ऐसा है तभी आजादी का अमृत है वरना जहर के घूँट तो मजबूरन पी ही रहें हैं। आज भी भारत के भविष्य को लेकर स्वामी विवेकानंद का गहन और सारगर्भित चिंतन तथा कथन बहुत महत्वपूर्ण है। इसी गंभीर चिंतन मंथन के बाद उन्होंने कहा था कि यदि भारत को सचमुच एक समर्थ, सशक्त, शक्तिशाली और महान राष्ट्र बनाना है तो हर भारतीय को कुछ दशकों तक सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रदेव की कर्म आराधना करनी होगी। गौरतलब है कि यह तब होगा, जब हम हर भारतीय के मन-मस्तिष्क में अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम, अपनापन, निष्ठा और दायित्व का भाव तथा कर्म विकसित कर पाएंगे और इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि हम उसमें उसकी बाल्यावस्था से ही अपने राष्ट्रदेव के प्रति पूर्ण ज्ञान, सम्मान और निष्ठा का भाव तथा कर्म विकसित करें और उसको प्रदर्शन की बजाय कर्म में ढाल ले।इससे उनके भीतर कर्तव्यबोध जागृत होने के साथ कर्तव्यपरायण होने का भाव कर्म भी विकसित होगा। देश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति में सरकार ऐसा कर पाएगी या नहीं, यह तो उसके विवेक और क्षमता पर निर्भर है, आप घरों पर तिरंगा फहराने की बात करते हैं हम तो रोज अपने दिलों में तिरंगा फहराकर देश की खुशहाली की दुआ करते हैं। तिरंगे की गरिमा सिर्फ 15 अगस्त तक सीमित न रखे बल्कि लोगों को 16 अगस्त के लिए जागरूक करें कि तिरंगा सड़क पर न मिले। साथ ही इस देश के कर्णधारों को ये भी सोचना होगा जहां दस रुपए की रोटी के अभाव में लाखों लोगों की जान जा रही हो वो पच्चीस रुपये का तिरंगा कैसे खरीद पाएंगे?

हमेशा नहीं रहेगी डालर की मजबूती

रुपए की इस कमजोरी के कारण, नीति निमार्ताओं में स्वभाविक चिंता व्याप्त है। उधर विपक्षी दल भी सरकार को घेरने की कोशिश में है। यह पहली बार नहीं है कि भारतीय रुपया डालर के मुकाबले कमजोर हुआ है। यदि 1991 से अभी तक का हिसाब लगाएं तो रुपया डालर के मुकाबले औसतन सालाना 3 .03 प्रतिशत की दर से कमजोर होता रहा है। रुपए में यह अवमूल्यन सभी वर्षों में एक जैसा नहीं रहा। कुछ वर्षों में यह अवमूल्यन औसत से ज्यादा भी रहा है। पिछले 5 महीनों में रुपए का अवमूल्यन 7 .28 प्रतिशत तक हो चुका है। पूर्व में रुपया केवल डालर के मुकाबले ही नहीं, यूरो, पाउंड, येन, यूआन समेत कई महत्त्वपूर्ण करंसियों के मुकाबले भी कमजोर होता रहा है। उदाहरण के लिए 1991 से अभी तक रुपया पाउंड के मुकाबले 137 प्रतिशत, यूरो के मुकाबले 489 प्रतिशत और येन के मुकाबले 241 प्रतिशत कमजोर हुआ है।

डा. अश्विनी महाजन
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पिछले कुछ समय से भारतीय रुपया डालर के मुकाबले लगातार कमजोर होते हुए फरवरी 2022 में 74.5 रुपए प्रति डालर से अभी तक लगभग 80 रुपए प्रति डालर पार कर चुका है। रुपए की इस कमजोरी के कारण, नीति निमार्ताओं में स्वभाविक चिंता व्याप्त है। उधर विपक्षी दल भी सरकार को घेरने की कोशिश में है। यह पहली बार नहीं है कि भारतीय रुपया डालर के मुकाबले कमजोर हुआ है। यदि 1991 से अभी तक का हिसाब लगाएं तो रुपया डालर के मुकाबले औसतन सालाना 3.03 प्रतिशत की दर से कमजोर होता रहा है। रुपए में यह अवमूल्यन सभी वर्षों में एक जैसा नहीं रहा। कुछ वर्षों में यह अवमूल्यन औसत से ज्यादा भी रहा है। पिछले 5 महीनों में रुपए का अवमूल्यन 7.28 प्रतिशत तक हो चुका है। पूर्व में रुपया केवल डालर के मुकाबले ही नहीं, यूरो, पाउंड, येन, यूआन समेत कई महत्त्वपूर्ण करंसियों के मुकाबले भी कमजोर होता रहा है। उदाहरण के लिए 1991 से अभी तक रुपया पाउंड के मुकाबले 137 प्रतिशत, यूरो के मुकाबले 489 प्रतिशत और येन के मुकाबले 241 प्रतिशत कमजोर हुआ है। जबकि डालर के मुकाबले यह अवमूल्यन 252 प्रतिशत रहा है।

यानी देखा जाए तो दीर्घकाल में रुपया सभी महत्त्वपूर्ण करंसियों के मुकाबले कमजोर हुआ है। लेकिन पिछले 5 महीनों में रुपए के अवमूल्यन की प्रवृत्ति में बदलाव आया है। जहां रुपया डालर के मुकाबले 7.28 प्रतिशत कमजोर हुआ है, लेकिन पाउंड स्टर्लिंग के मुकाबले यह 6.31 प्रतिशत, येन के मुकाबले 10.77 प्रतिशत और यूरो के मुकाबले 4.72 प्रतिशत मजबूत हुआ है। यानी कहा जा सकता है कि डालर के मुकाबले तो रुपया कमजोर हुआ है, लेकिन दूसरी करंसियों के मुकाबले यह मजबूत हुआ और वे करंसियां भी डालर के मुकाबले कमजोर हुई हैं। चूंकि पूरी दुनिया में डालर लगभग सभी करंसियों के मुकाबले मजबूत हुआ है, इसलिए हमें रुपए की कमजोरी की बजाय डालर की विभिन्न करंसियों के मुकाबले मजबूती के कारणों का विश्लेषण करना अधिक लाभकारी होगा। हमें यह भी समझना होगा कि रुपए और अन्य करंसियों का भविष्य क्या है? आज जब डालर दुनिया की सभी प्रमुख करंसियों के मुकाबले मजबूत हो रहा है, तो प्रश्न उठता है कि क्या भविष्य में भी डालर की विजय यात्रा जारी रहेगी? क्या रुपए समेत सभी करंसियां डालर के सामने घुटने टेक देंगी? इस प्रश्न के उत्तर में हमें अमरीकी अर्थव्यवस्था की वास्तविकता के बारे में जानना होगा। यह सर्वविदित ही है कि जहां हम श्रीलंका, पाकिस्तान, यूरोपीय देशों आदि की ऋणग्रस्तता की बात करते हैं तो हमें समझना होगा कि अमरीकी अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी कर्जदार है। आज अमरीका पर 30.4 खरब डालर का विदेशी ऋण है, चीन पर 13 खरब डालर का और इंग्लैंड पर 9.02 खरब डालर का। भारत पर विदेशी ऋण कुल 614.9 अरब डालर का ही है, जो हमारी जीडीपी का मात्र 20 प्रतिशत ही है। अमरीका का विदेशी ऋण उसकी जीडीपी का 102 प्रतिशत है, जबकि इंग्लैंड का 345 प्रतिशत। यह भी समझना होगा कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कुछ महीनों से रुपए की स्थिरता को बनाए रखने के लिए कम हुए हैं, लेकिन अभी भी वे 572.7 अरब डालर तक बने हुए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते आज सभी मुल्क महंगाई के चंगुल में फंस चुके हैं। अमरीकी महंगाई की दर 9.1 प्रतिशत पहुंच चुकी है, जबकि इंग्लैंड में यह 9.4 प्रतिशत और भारत में यह मात्र 7.0 प्रतिशत है। इन सभी देशों में महंगाई में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति में बाधाओं के कारण है। इस कारण ईंधन, खाद्य पदार्थ और आवश्यक कच्चे माल और मध्यवर्ती वस्तुओं तथा धातुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उथल-पुथल ने संपूर्ण दुनिया के वित्तीय बाजारों को भी प्रभावित किया है। इतिहास गवाह है कि जब-जब दुनिया में उथल-पुथल होती है, डालर मजबूत होता जाता है। इसका कारण यह है कि दुनिया भर के निवेशक यह मानते हैं कि अमरीका उनके लिए सर्वाधिक सुरक्षित गंतव्य है। इस प्रक्रिया को व्यावसायिक भाषा में ह्यसेफ हैवनह्न कहा जाता है। बाजार विशेषज्ञों द्वारा कहा जा रहा है कि चूंकि दुनिया भर में महंगाई बढ़ी है, ग्रोथ के प्रति चिंताएं बढ़ी हैं और ब्याज दरें भी बढ़ रही हैं, इसलिए डालर मजबूत हो रहा है।

विभिन्न करंसियों के ह्यबास्केटह्न की तुलना में डालर पिछले एक साल में 10 प्रतिशत बढ़ा है और पिछले 20 वर्षों के सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुंच चुका है। येन डालर के मुकाबले 24 वर्ष के न्यूनतम स्तर तक पहुंच गया है। जहां दुनिया भर के केन्द्रीय बैंक अपने-अपने देशों में महंगाई को थामने के लिए ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं, अमरीकी केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व भी ब्याज दरें बढ़ा रहा है। चूंकि अमरीका में ब्याज दरें ज्यादा बढ़ी हैं, इस कारण से भी दुनिया भर में निवेशक अमरीका की ओर आकर्षित हो रहे हैं। लेकिन अमरीका के बाहर व्यवसाय करने वाली अमरीकी कंपनियां, मजबूत डालर के कारण नुकसान में रहेंगी, जिसमें बड़ी 500 कंपनियों को अपनी आमदनी का 5 प्रतिशत नुकसान हो सकता है। लेकिन अमरीका में कार्यरत कंपनियों को मजबूत डालर का लाभ होगा। यदि दूसरे मुल्कों की बात करें तो वे देश जिन्होंने भारी मात्रा में डालर में ऋण ले रखे हैं, उन्हें ब्याज और ऋणों के भुगतान में मुश्किल हो रही है। लेकिन कुछ ऐसे मुल्क हैं जो तेल उत्पादक और निर्यातक देश हैं या जो कृषि पदार्थों के आपूर्तिकर्ता हैं, उनकी करंसियां कमजोर नहीं हो रही हैं। उसी प्रकार से अमरीका और यूरोप के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस की करंसी रूबल लगातार मजबूत ही हो रही है। उसका कारण रूस द्वारा तेल और गैस का निर्यात बढ़ता जा रहा है और पूंजीगत प्रवाहों पर रूस सरकार द्वारा नियंत्रण के चलते रूस से पूंजी का बहिर्गमन नहीं हो रहा। यह सही है कि चीन के लॉकडाउन और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं दुनिया में महंगाई बढ़ा रही हैं। वैश्विक उथल-पुथल और अमरीका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते अमरीकी डालर मजबूत हो रहा है, लेकिन यह लंबे समय तक नहीं चल सकता। दुनिया में ऐसी परिस्थितियां अल्पकालिक मानी जा रही हैं। ऐसे में जब दुनिया की दूसरी करंसियों में उठाव आएगा और ह्यसेफ हैवनह्न की तलाश में भारत से कूच किए गए निवेशक पुनः बाजारों की खोज में भारत और दुनिया के दूसरे मुल्कों में जाएंगे तो डालर का नीचे जाना अवश्यंभावी हो जाएगा।

मानसून में मजे के साथ संकट

सुदर्शन सोलंकी

कहीं भी बादल फटने की घटना उस समय होती है जब ज्यादा नमी वाले बादल एक जगह रुक जाते हैं और वहां मौजूद पानी की बूंदें आपस में मिल जाती हैं। इनके भार से बादल का घनत्व बढ़ जाता है और तेज बारिश होने लगती है। बादल फटना बारिश का एक चरम रूप है। इस घटना में बारिश के साथ कभी-कभी गरज के साथ ओले भी पड़ते हैं। सामान्यतः बादल फटने के कारण सिर्फ कुछ मिनट तक मूसलाधार बारिश होती है, लेकिन इस दौरान इतना पानी बरसता है कि क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मानसून एक तरफ जहां आनंद, उल्लास और खुशियों की बौछार कर हमें भिगोता है तो वहीं इस मौसम में बिजली गिरने, बादल फटने और बाढ़ आने से अत्यधिक हानि भी होती है। अचानक आने वाली इन आपदाओं से भारी नुकसान होता है। ये प्राकृतिक घटनाएं हैं, किन्तु इनको विनाशकारी हम लोगों ने ही बनाया है। यदि हम प्रकृति के प्रति सचेत, संवेदनशील, जाग्रत और उदार रहे तो इन आपदाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। चलिए समझते हैं, बिजली, बादल, बारिश, बाढ़ व इनसे बचने के उपायों के बारे में बिजली गिरना-मानसून में जब नम और शुष्क हवा के साथ बादल टकराते हैं तो बिजली चमकती है और इसके गिरने का खतरा होता है। वर्ष 1872 में वैज्ञानिक बेंजामिन फ्रेंकलिन पहले शख्स थे, जिन्होंने बिजली चमकने का सही कारण बताया था। उनके मुताबिक जब आकाश में बादल छाए होते हैं तो उसमें मौजूद पानी के छोटे-छोटे कण वायु की रगड़ के कारण आवेशित हो जाते हैं। कुछ बादलों पर पाजिटिव चार्ज आ जाता है तो कुछ पर निगेटिव चार्ज। जब ये दोनों तरह के चार्ज वाले बादल मिलते हैं तो उनके मिलने से लाखों वोल्ट की बिजली पैदा होती है। केलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के अनुसार, ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ने से हुए बदलाव से बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं नासा के अध्ययन के अनुसार यदि धरती का तापमान एक डिग्री सेल्शियस बढ़ता है तो बिजली गिरने की लगभग 10 प्रतिशत घटनाएं बढ़ती हैं। वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष बिजली गिरने की 2.5 करोड़ घटनाएं होती हैं। हमारे देश में हर साल 2,000 से अधिक मौतें बिजली गिरने के कारण होती हैं। बिजली गिरने से सबसे ज्यादा मौतें उन लोगों की होती हैं जो बारिश के वक्त किसी पेड़ के नीचे खड़े रहते हैं। इस प्रक्रिया को साइड फ्लेश कहते हैं। बिजली गिरने संबंधी अलर्ट सिस्टम में सेंसर के माध्यम से ऐसे यंत्र लगाए जाते हैं जो बादलों की गतिविधियों का आंकलन कर बिजली चमकने या गिरने का पूवार्नुमान आंधे घंटे पहले दे देते हैं। साथ ही एडवांस सेंसर की मदद से तीन से चार घंटे पहले भी अनुमान मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा तरीका आधुनिक तकनीक के जरिये एप्स के माध्यम से पूवार्नुमान पाया जाना हैं, जो सैटेलाइट के डेटा के माध्यम से लगाए जाते हैं। भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने दामिनी एप की सुविधा दी है, जो पूवार्नुमान लगा सकता है। आकाशीय बिजली का बनना और गिरना एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। इससे बचाव के लिए हमारे देश मंत बिजली गिरने संबंधी अलर्ट सिस्टम को और अधिक उन्नत करने के साथ ही सूचना-तंत्र में भी सुधार लाना होगा जिससे बिजली गिरने से पहले ही हम स

संक्षिप्त खबरें

शाम में हुई बारिश से लोग हुए बेहाल, अनेक का वाहन जलजमाव में बंद

पटना सिटी। मंगलवार की शाम अचानक हुई झमाझम बारिश से लोग बेहाल हो गए। दरअसल शाम के समय सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों से घर लौटने वाले एवं शाम में सब्जी, किराना, दवा व जरूरी सामान खरीदने वाले लोग बाजार में निकले हुए थे। अचानक घटा छाने के साथ ही मुसलधार बारिश हुई। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से लोग बेहाल हो गए। जिन्हें कहीं पानी से बचने का मौका नहीं मिला वह भीगते हुए अपने गंतव्य को गए। अचानक हुई झमाझम बारिश से अशोक, राजपथ गुरु गोविंद पथ, गं बाजार खजेकलां घाट रोड शेरशाह रोड के मीना बाजार महाराजगंज चेरीताल जलना रोड एनएमसीएच रोड में जलजमाव की स्थिति बन गई यही स्थिति सुदर्शन पद के गुलजारबाग स्टेशन रोड में भी देखा गया लोगों के भीग जाने के बाद बारिश के बीच अपने गंतव्य को जाने के दौरान दुपहिया तिपहिया एवं चार पहिया वाहन भी पानी में फंसकर उसका इंजन बंद हो गया नतीजतन लोग पानी में गड्ढे के बीच और फिसलते हुए किसी तरीके से वाहन लेकर प्रस्थान किए शाम के साथ अंधेरा हो जाने के कारण भी अनेक गैराज बंद हो चुके थे या बंद हो रहे थे इस कारण से भी लोगों को वाहन को ठीक कराने में परेशानी का सामना करना पड़ा अनेक लोग तो वाहन को खींचकर गंतव्य तक जाते दिखे।

कैमूर के शाहरुख बने जाप के प्रदेश महासचिव

कैमूर। कैमूर के मोहनिया निवासी शाहनवाज हुसैन को पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी ने लगातार तीसरी बार प्रदेश महासचिव घोषित किया है उनके समर्थकों एवं जन अधिकार पार्टी के कैमूर जिला के कार्यकताओं में इस बात से काफी खुशी की लहर है सबने एक सुर में लगातार तीसरी बार बने प्रदेश महासचिव की तारीफ करते हुए कहा कि उनके काम करने का अंदाज काफी जुदा है और वह काफी मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति होने के साथ-साथ आम लोगों में अपनी पैठ भी काफी जल्दी बना लेते हैं इसकी वजह से पार्टी को भी काफी फायदा होता है इस अवसर पर जन अधिकार पार्टी के कैमूर जिला अध्यक्ष रामविलास पासवान व पार्टी के कई दिग्गज चेहरों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना भी की।

किसानो.के हितेषी है भाजपा सरकार जिलाअध्यक्ष कार्यकर्ताओ की अनदेखी गया मे

गया। भाजपा गया जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने बिहार सरकार किसानों को मदद करने के लिए डीजल अनुदान की घोषणा की है. केंद्र सरकार और बिहार सरकार किसानों की हितैषी है यह बात सभी को मालूम भी है. अब बिहार के किसान डीजल पंप सेट रखना भी भूल गए हैं. अब किसानों के सिंचाई का साधन बिजली है जो केंद्र और राज्य सरकार के अथक परिश्रम के कारण उपलब्ध हो रहा है.अब किसानों को डीजल अनुदान की आवश्यकता नहीं है बल्कि सरकार डीजल अनुदान के बदले किसानों के बिजली बिल माफ कर दे तो फौरी तौर पर किसानों को लाभ हो सकेगा. डीजल अनुदान के नाम केवल बिचौलिए को लाभ है किसानों का नहीं. हमलोग किसान होने के नाते बिहार सरकार से डीजल अनुदान के बदले बिजली बिल माफ करने का मांग करते हैं।

सदर अस्पताल के कर्मचारियों के मनमानी से आमजनमानस हो रहे परेशान

हाजीपुर। स दर अस्पताल हाजीपुर में जिले भर से मरीज आते जाते हैं बेहतर इलाज के लिए। लेकिन यहां मरीजों के अस्पताल कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मी जानवरों जैसा सलूक करते हैं। पूर्व में भी कई बार शिकायतें सदर अस्पताल के सिविल सर्जन तक पहुंचती है सिविल सर्जन के द्वारा इसकी जांच भी की जाती है। लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों का रवैया नहीं बदलता। कुछ स्वास्थ्य कर्मी बेखौफ होकर अपनी मनमानी करते हैं यहां तक की कर्मचारियों की मिलीभगत से ही अस्पताल में दलाली का कारोबार भी वृहत पैमाने पर फल फूल रहा है। वहीं सोमवार को जिले के वैशाली प्रखंड के रहने वाली महिला जले हुए मरीज का ड्रेसिंग करवाने लेकर आई थी जो बता रही थी कि अस्पताल के कर्मचारी कई घंटों से बैठा कर रखे हैं। उक्त महिला एवं उनके परिजनों ने मीडिया कर्मियों से हुई बातचीत में बताया कि हम लोग वैशाली प्रखंड से आए हैं मरीज को ड्रेसिंग करवाना है यहां अस्पताल में अस्पताल कर्मचारियों द्वारा कई घंटों से बल था बैठा रखा है लेकिन ड्रेसिंग नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया।

कबीर मठ फतुहा में बनेगा गुरुद्वारा, गुरु का बाग और धर्मशाला : अवतार सिंह हीत

- पटना साहिब आनेवाले सिख श्रद्धालुओं का यह आठवाँ स्थान होगा: ज्ञानी रणजीत सिंह
- कबीर मठ फतुहा की मयार्दा देश विदेश में स्थापित करना उद्देश्य: महन्थ ब्रजेश मुनि

फतुहा, प्रात : किरण

शहर के दरियापुर स्थित आचार्य गद्दी कबीर मठ फतुहा में मंगलवार को तख्त हरिमन्दिर साहिब गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के प्रधान अवतार सिंह हीत, जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह सहित दर्जन भर सिख श्रद्धालु गुरु नानक देव जी द्वारा बनवाये गये कुआँ का दर्शन करने को पधारे। मठ के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि, राघोपुर के पूर्व विधायक सतीश कुमार, वरीय पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, न्यास के सह सचिव हृदय नारायण झा, सदस्य श्रीमती शारदा देवी ने मठ में पधारे अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। मठ के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर उदारता पूर्वक सहमति व्यक्त करते हुए अवतार सिंह हीत ने बड़ी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा- ये वो स्थान है जहाँ जाति-पाति, धर्म, वर्ग, ऊँच-नीच का बन्धन तोड़कर सारी मानवता के कल्याण के लिए साझा उपदेश दिया। यहाँ तख्त हरिमन्दिर साहिब गुरुद्वारा बनाने जा रहा है। गुरु का बाग भी लगाएँगे। फाइव स्टार सुविधा सम्पन्न धर्मशाला भी बनेगा। लंगर की व्यवस्था नियमित रूप से होगा। सिख गुरुओं के प्रति उदारतम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुश होंगे कबीर मठ में सिखतीर्थ का विकास देखकर। जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने कहा -यह सद्गुरु कबीर नानक का संगम स्थान होने से सिख श्रद्धालुओं का सबसे बड़ा तीर्थ है। शरीर की दृष्टि से वे सदियों पहले आये। किन्तु आत्मिक रूप से वे आज भी इस स्थान में विराजमान हैं। अभी पटना साहिब आनेवाले सिख श्रद्धालुओं के लिए दर्शनीय सात स्थान है। अब आठवाँ स्थान होगा कबीर मठ फतुहा। पटना साहिब आने वाले श्रद्धालु फतुहा में मत्था टेक कर यहाँ से राजगीर जाएँगे। गुरु नानक देव जी महाराज के कुएं की ऐसी सेवा की जाएगी कि कुएं का पानी पीने लायक हो। सद्गुरु की कृपा से ही हमलोगों का यहाँ आगमन हुआ है। गुरु महाराज से प्रार्थना है कि हमें अनुग्रहित करें ताकि देश दुनियाँ में सिख तीर्थ के रूप में प्रसिद्ध हो जाय कबीर मठ फतुहा। पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा का सिख तीर्थ से जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि होगी।इसका सीधा लाभ फतुहां के आम अवाम को मिलेगा। साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध स्थान बनेगा कबीर मठ फतुहा। वरीय राजनीतिक विश्लेषक पत्रकार अरुण कुमार पांडेय ने कहा सिख तीर्थ के रूप में कबीर मठ फतुहा के विकास का जो वातावरण बना है वह फतुहावासियों के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने तख्त हरिमन्दिर साहिब के प्रधान को फतुहा कबीर मठ में सिख तीर्थ विकसित करने की संभावना के बारे में बताया। महन्थ ब्रजेश मुनि ने कहा कबीर मठ फतुहा में मध्यकालीन संतों की विरासत है। इसलिए यहाँ गुरुनानक देव एवं सभी सिख गुरुओं सहित सद्गुरु कबीर, रैदास, दादू, पीपा आदि की विरासतों को भी सहेजने का प्रयास होगा। हमारा उद्देश्य इस कबीर मठ की मयार्दा को देश विदेश स्तर पर प्रतिष्ठित करना है। कार्यक्रम के बाद लोगों ने लंगर का प्रसाद चखा।

नाग पंचमी पर भोलेनाथ के मंदिर में छोड़ा सर्प, हुई पूजा

शक्तिपीठ व भगवती मंदिरों में हुआ श्रृंगार व कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नागपंचमी के मौके पर असली नाग यानी सर्प से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। अनेक शिवालयों से लेकर घर तक मे। लोगों ने नाग-नागिन की पूजा कर उन्हें दूध, लावा और गुड़ दिया। साथ ही दीया भी जलाया गया। चौक के गुरु गोविंद सिंह पथ स्थित बाबा तिलेश्वरनाथ मंदिर में बाबा भोले का सर्प से श्रृंगार किया गया। आयोजनकर्ता संजय कुमार गुप्ता और उनके परिवार के द्वारा जीवित नागों का श्रृंगार कराया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि 66 वर्षों से लगातार इस मंदिर में नाग पंचमी पर शिवलिंग का नाग से विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसे देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लोग इस मंदिर में दर्शन करने को आते हैं और दर्शन करने के बाद उन्हें प्रसाद दिया जाता है।

बाबा तिलेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी नित्यानंद मिश्रा, आशीष कुमार, राहुल कुमार, आयुष कुमार, गोविंद कुमार, सुजीत कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, माधुरी देवी, ममता गुप्ता आदि लगातार व्यवस्था में लगे रहे। वहीं शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी, श्री छोटी पटनदेवी, अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर, खाजेकलां के नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर, दीरा पर स्थित काली मंदिर सहित विभिन्न भगवती मंदिरों में सावन मास के तीसरे मंगलवार को भगवती का भव्य श्रृंगार कर उन्हें भोग अर्पित किया गया और आरती उतारी गई। भगवती मंदिरों में भी दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ देखी गई।

गेसिंग कूपन में सरगना समेत आठ गिरफ्तार, नगद व कागजात बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बाइपास थाना की पुलिस ने धवलपुरा शनिचरा मंदिर के पीछे झोपड़ीनुमा बैठका में छापेमारी कर चल रहे गेसिंग कूपन के धंधे का खुलासा किया गया है। पुलिस ने यहां से तीन सरगना व पांच खेलने वाले को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गेसिंग कूपन के संचालक कदमकुआं थाना क्षेत्र के पार्क रोड निवासी कृष्णा कुमार, खाजेकलां थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस गली निवासी सूरज पोद्दार और मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगला का रहने वाला गणोश प्रसाद गिरफ्तार किया है। कूपन खेलने के मामले में बाइपास थाना क्षेत्र के प्रकाश पाल, लल्लू महतो, विनोद कमार, श्यामदेव विंद और मालसलामी के सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी के दौरान 8800 रुपया, तीन मोबाइल, एक कैलकुलेटर, लॉटरी का चार्ट, सादा लॉटरी कूपन और कटा हुआ बहुत सारा कूपन बरामद किया है। आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ की गई। इसके बाद मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

मुहर्रम में विधि-व्यवस्था पर नजर रखें थानेदार : एसडीओ

हर अखाड़ा को लाइसेंस जरूरी, समय का हो अनुपालन : डीएसपी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुहर्रम को लेकर एसडीओ मुकेश रंजन व डीएसपी अमित शरण ने थानाध्यक्षों के साथ मंगलवार को बैठक की। इसमें एसडीओ ने अखाड़ों को लाइसेंस निर्गत करने, पहलाम के लिए निकले जुलूस को निर्धारित मार्ग से ले जाने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि धारा 107 के तहत भी कार्रवाई की जा रही है। मुहर्रम में पहलाम स्थल दरगाह कर्बला, तिराहे की मस्जिद और पत्थर की मस्जिद के पास अस्थायी थाना खुलेगा। हर थानाध्यक्ष अपने क्षेत्र में जुलूस का स्कार्ट करेंगे। बैठक में डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह व एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में नियंत्रण कक्ष के कुंवर जी के साथ विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष उपस्थित थे। दूसरी ओर चौक थाना में मुर्हरम को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। सदस्यों से लाइसेंस की अनिवार्यता व सहयोग की अपील की गयी। बैठक में निगम की प्रबंधक पूनम रानी, कनीय अभियंता विद्युत विभाग आदित्य कुमार, पूर्व पार्षद मुन्ना जायसवाल, राजेश साह, शशिकांत शुक्ला, डॉ राजीव गंगौल, प्रफुल्ल कुमार, रामजी योगेश, अंजू सिंह, डॉ विनोद अवस्थी, हरि मोहन यादव, सन्नी यादव, संजीव देवड़ा, अजय सिंह, मो आफताब, मो महताब, चुन्नी लाल, विनय कुमार बिट्टू, नवल किशोर सिन्हा, विनोद वर्मा, ओम प्रकाश पासवान आदि मौजूद हो अपनी बात रखी।

सावन किंग कार्तिक तो क्वीन बनीं प्रियंका

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीसस एंड मैरी एकेडमी विद्यालय के परिसर में शिक्षकों ने पहले छात्रों को पढ़ाने का काम किया। इसके बाद साथ में लाए हरे कपड़े, चूड़ियां और श्रृंगार से अपने को सजने संवरने का काम किया। मौका था स्कूल प्रबंधन के द्वारा सावन के अवसर पर सावन किंग और सावन क्वीन के चयन का। इसके लिए पूरा माहौल बनाया गया था। आकर्षक ढंग से झुलुआ को सजाया गया था। अनेक तरह के गेम्स, गीत-संगीत, डांस और खाद्य व्यंजन का इंतजाम किया गया था, ताकि कहीं कोई कसर नहीं रह जाए। इस मामले में महिला व पुरुष शिक्षक भी पीछे नहीं रहे और आयोजन का उन्होंने खासा लुफ्त उठाया। सावन की रिमझिम फुहार के बीच शिक्षकगण ने इस कार्यक्रम को बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या पूजा एन शर्मा, निदेशक एंब्रोस पैट्रिक एवं सह निदेशक अभिषेक पैट्रिक अपने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के लिए मौजूद थे। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए हाउजी, डांस, कारोंके गाना और सावन किंग और क्वीन का आयोजन रखा गया था।

शिक्षकों में सावन किंग का खिताब कार्तिक कुमार ने और सावन क्वीन का खिताब प्रियंका कुमारी ने अपने नाम दर्ज करवाया। कार्यक्रम के अंत में महिला और पुरुष टीचर के बीच प्रतियोगिता हुई, जिसमें पुरुष टीचर टीम विजेता हुई। झूले पर बैठ शिक्षिकाओं ने हरियाली का आनंद उठाया और कार्यक्रम के अंत में ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य किया।

महा सुंदरम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड -हाउस ऑफ जॉनसन का हुआ उद्घाटन

दानापुर, प्रात : किरण

मंगलवार को उसरी स्थित महा सुंदरम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड -हाउस ऑफ जॉनसन का उद्घाटन बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, सांसद पाटलिपुत्र रामकृपाल यादव, व दानापुर विधायक रीतलाल यादव एवं प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के जोनल हेड सैफुर रहमान ने संयुक्त रुप से दीप प्रचलित कर किया। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने बतलाया कि गुजरात स्थित टाइल्स कंपनियों से बात कर बिहार में टाइल्स कंपनी खोलने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा यह उद्योग विहार में स्थापित होने से कंपनी को बंगाल झारखंड एवं उत्तर प्रदेश जैसे जगहों पर टाइल्स पहुंचाने में काफी कम समय लगेगा। बिहार के टाइल्स कंपनी में कार्यरत कर्मचारी को बिहार सरकार द्वारा भत्ता भी दिया जाएगा। वही बिहार के लोगों को इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस अवसर कंपनी के डायरेक्टर पंकज कुमार ने कार्यक्रम में आए हुए सभी चीफ गेस्ट का स्वागत करते हुए कहा कि कंपनी के उद्घाटन की तारीख से आने वाले 3 महीनों तक कंपनी अपने ग्राहकों को टाइल्स एवं सेनेटरी की खरीदारी पर 30 परसेंट का डिस्काउंट देगी। एक ही छत के नीचे जॉनसन टाइल्स सहित बाथ फिटिंग सेनेटरी के सारे महत्वपूर्ण आइटम उपलब्ध है। कंपनी के उद्घाटन के मौके पर सतेंदर ,वीरेंद्र यादव विजय यादव एवं पवन यादव मौजूद रहे।

मृतक पत्रकार के परिजनों से मिल कर सांत्वना दिए पप्पू यादव

दानापुर खगौल

जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने पत्रकार के परिजनों से मिले और उनको सांत्वना दिया बाद मिलने आए भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ० निखिल आनंद ने दानापुर के स्थानीय भाजपा नेता सनोज यादव के साथ संदेहास्पद स्थिति में दिवंगत हुए पत्रकार विशाल सिन्हा के खगौल स्थित घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। पूर्व में पत्रकार रहे पप्पू यादव ने कहा की विशाल के परिजनों से मुलाकात कर उनको सांत्वना देने की कोशिश की है। विशाल सिन्हा के परिवार का स्पष्ट मानना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि एक बड़ी साजिश है जिसका उद्भेदन करके ही विशाल को न्याय मिल सकता है। विशाल की मृत्यु के बाद उनके माता-पिता की स्थिति अत्यंत दयनीय है और इस घटना से पटना ग्रामीण क्षेत्र के सभी पत्रकार बहुत दुखी है। भाजपा नेता निखिल आनंद ने स्थानीय थाना प्रभारी से बात कर और उच्च अधिकारियों से मिलकर इस घटना की तह तक जाकर विशाल की मृत्यु की हकीकत का पता लगाने और दोषियों को सजा देने की अपील बिहार के मुख्यमंत्री और डीजीपी से की है। निखिल आनंद ने कहा कि इस घटना के बाद से विशाल के परिवार के लोग डरे हुए हैं और उनको उचित सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए। पप्पू यादव ने विशाल के परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दानापुर एसपी और पटना एसपी एसएसपी का ध्यान आकृष्ट किया।

पांच की मीटिंग को करना अध्यक्ष की है वरीयता

इसके बाद दानकर्ता के असली-नकली या कम सोना-चांदी पर होगा फैसला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

- तख्तश्री कमेटी का बजट व सेवादारों का सर्विस रूल पास कराना जरूरी

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक पांच अगस्त को होनी है। इसे लेकर अध्यक्ष लगातार बैठक का दौर जारी रखे हुए हैं। उनकी वरीयता में बैठक में बजट और सर्विस रूल को वरीयता के आधार पर पास कराया जाना शामिल है। हालांकि कमेटी के महासचिव अब तक पटना नहीं लौटे हैं। इस बीच लगातार मंत्रणा का दौर जारी है। कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित मंगलवार को अपने सहयोगियों के साथ मैराथन बैठक की। इस दौरान उनके विश्वसनीय सदस्य और संकटमोचक की भूमिका निभाने वाले चरणजीत सिंह के अलावा जगजोत सिंह सोही, लखबिंदर सिंह, प्रवक्ता सुदीप सिंह आदि मौजूद थे। श्री हित के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन से भी बातचीत हुई है। सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष ने अपने पूर्व महासचिव सह सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन से भी मोबाइल पर बातचीत की है।

कमेटी के सूत्र बताते हैं कि फिलहाल अध्यक्ष की प्राथमिकता में पांच अगस्त को होने वाली बैठक को संपन्न कराना है। कारण कि अब तक बजट पास नहीं होने के कारण आय और व्यय दोनों हो रहा है। इधर कमेटी के पदाधिकारियों पर भी उनकी टेढ़ी नजर बनी है। हाल के महीनों में अध्यक्ष के साथ चार पदाधिकारी नए जुड़े हैं। इनमें कुछ के कार्यकलाप संतोषजनक नहीं रहे हैं। इनमें एक कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह अपने को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन कहते व लिखते हुए इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि पदाधिकारियों जे हुए मध्यावधि चुनाव में पिछले महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के दोबारा नहीं चुने जाने से उनके द्वारा गठित सभी समितियां विघटित हो गई थीं, केवल अवतार सिंह हित अपने अध्यक्ष की कुर्सी बचाने में सफल रहे थे। इसके बाद उन्होंने महज स्कूल कमेटी का ही गठन किया है। दूसरी ओर महासचिव इंद्रजीत सिंह ने धर्म प्रचार के नाम पर लखबिंदर सिंह के द्वारा मांगी गई राशि पर अप्रूवल देकर उन्हें अग्रिम देने का काम करते रहे हैं, जबकि वह धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन नहीं हैं।

फिलहाल अध्यक्ष भी इस मामले पर चुप्पी साधते हुए किसी तरह से पांच अगस्त की बैठक के बाद ही कुछ मुंह खोलने को तैयार हैं। महासचिव इंद्रजीत सिंह के बुधवार की सुबह पटना पहुंचने की संभावना है, तो श्री लोंगोवाल चार अगस्त को पहुंच रहे हैं। इस बार की बैठक में भी शह और मात का खेल देखने को मिल सकता है। अध्यक्ष की टीम में शामिल पदाधिकारी और सदस्य कुछ नया गुल खिला सकते हैं, तो विपक्ष के सदस्य भी रणनीति बनाने में जुटे हैं। वैसे दो सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और राजा सिंह को बैठक में भाग लेने को पत्र नहीं भेजा गया है। कारण कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के द्वारा आदेश जारी है कि जब तक दोनों उनके यहां पेश नहीं होते हैं, दोनों मीटिंग में भाग नहीं ले सकते हैं।

लखबिंदर को एक साथ दो पद कैसे

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के सदस्य लखबिंदर सिंह कनीय उपाध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। हालांकि गलत तरीके से उन्होंने अपने को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन भी घोषित कर रखा है। पिछले दिनों कमेटी के अध्यक्ष ने भी इसे गलत माना था। चर्चा यह रही कि अध्यक्ष श्री हित के साथ सदस्य के रूप में गुरुबिंदर सिंह भी जुड़े हैं।

फिलहाल उन्हें कोई जिम्मेवारी नहीं दी गई है। ऐसे में एक सदस्य को दो पद पर कैसे रहने दिया जा सकता है। हालांकि फिलहाल इस मामले पर अध्यक्ष अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं, मगर पूरी संभावना है कि धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन पद पर नए चेहरे को जिम्मेवारी दी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर सेवादार समाज कल्याण समिति के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद ने बयान जारी कर कहा है कि जब महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन महासचिव के पद पर नहीं रहे, तो ऐसे में उनके द्वारा गठित सारी समितियां भंग हो गईं, फिर लखबिंदर सिंह किस आधार पर अपने को चेयरमैन बता रहे हैं। दूसरी ओर उनके द्वारा धर्म प्रचार के नाम पर जो भी अग्रिम या राशि की मांग की जाती रही है, उसे महासचिव कैसे सहमति प्रदान कर अप्रूव कर रहे हैं। त्रिलोक सिंह निषाद ने इस संबंध में अध्यक्ष से मांग की है कि एक साल के दौरान कनीय उपाध्यक्ष और स्वयंभू धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन लखबिंदर सिंह के द्वारा लेखापाल से उठाई गई राशि और खर्च की गई राशि की जांच करते हुए उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।

14 को आयोजित होगा मेरा लहू देश के नाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस की पूर्व बेला पर 14 अगस्त को रोटरी सिटी सम्राट एवं पाटलिपुत्र परिषद द्वारा मेरा लहू देश के नाम आयोजित किया जाएगा। इसके लिये पाटलिपुत्र परिषद परिसर बैठक हुई। कार्यक्रम के संयोजक संजीव कुमार यादव ने बताया कि मेरा लहू देश के नाम कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर एवं नेत्रदान अंगदान का संकल्प पत्र भरकर जीते जी रक्तदान मरणोपरांत नेत्रदान अंगदान के मंत्रों को साकार किया जाएगा।

अध्यक्षता कर रहे रोटरी सिटी सम्राट के अध्यक्ष गोविंद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए मानव श्रृंखला एवं जागरुकता रैली निकाली जाएगी, जिसमें यहां के विभिन्न स्कूल व संस्थाएं भाग लेंगे। सहसंयोजक डॉ अभिषेक गोलवारा ने बताया कि रक्त किसी कल-कारखाने में नहीं बनता, बल्कि यह मानव के रंगों में बनता व दौड़ता है। व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। आयोजन की सफलता को डॉ टीपी गोलवारा, सुधीर प्रभात, मनोज कुमार, संजय सिन्हा, विजय यादव, ललित अरोड़ा, इनर व्हील क्लब से रश्मि अरोड़ा, लता कपूर, कविता अरोड़ा, भारत विकलांग परिषद से कृष्णा अग्रवाल, तेरापंथ संस्था के प्रकाश कोठारी, कुमुद रंजन, अधिवक्ता राजेश कुमार, रामकुमार, दिनेश भदानी, विनय लांबा, प्रमोद कुमार, नसीम अख्तर, मो हक, शरद कपूर आदि ने भाग लिया।

जल्ला हनुमान मंदिर में श्री राम नाम का अखंड कीर्तन

पटना सिटी। जल्ला हनुमान मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी को महारूद्र भगवान शिव के अंशावतार नाग पंचमी के पर जल्ला महावीर मंदिर में हनुमान चालीसा, सुन्दर कांड पाठ और अखंड हरे रामा हरे कृष्णा नाम जप कीर्तन का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम संयोजक और उपाध्यक्ष वरिय समाजसेवी नागेश्वर राय की देखरेख में भक्तों ने राम नाम कीर्तन का आनंद लिया। मौके पर अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल, रमेश चंद गुप्ता, अरुण कुमार रणवीर, पवन झुनझूनवाला, रमण केडिया, मिथिलेश जयसवाल, विजय गुप्ता, बबलू कुमार, बाबा विवेक द्विवेदी, जितेंद्र तिवारी, परमहंस तिवारी आदि मौजूद रहे।

गंगा में डूबे युवक का मिला शव, दो बचे

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

सुलतानगंज थाना क्षेत्र के गांधी घाट में तीन लोग स्नान करने को पहुंचे थे। इस दौरान दो किसी तरीके से तैर कर बाहर निकला, जबकि एक की डूबने से मौत हो गई। दरअसल बाजार समिति मुसल्लहपुर के पास का रहने वाला करीब 30 साल का रवि उर्फ आयुष अपने साथ दो लोगों यशराज और रोशन कुमार के साथ गांधी घाट में स्नान करने को गया था।

स्नान के दौरान तीनों डूबने लगे। इसमें से दो यशराज (15) और रोशन (13 साल) किसी तरीके से तैरकर बाहर निकल आए, मगर रवि उर्फ आयुष पानी में डूब गया। बाद में गोताखोर और अन्य मदद से उसका शव रानी घाट से पानी से निकाला जा सका।

संक्षिप्त खबरें

नाग पंचमी पर शिवालयों मे किया दुग्धाभिषेक

हसनपुर ।सावन माह की नागपंचमी पर शिवालयों व मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दुग्धाभिषेक किया ।नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजा कर दुग्धाभिषेक किया। नागेश्वर महादेव के रूप में भगवान शिव का श्रृंगार कर आरती उतारी। महाराज सतवीर गिरी ने बताया कि संपूर्ण सृष्टि नाग कुंडली में केंद्रित है। शिव ही नाग स्वरूप नागेश्वर महादेव हैं। बताया कि सावन माह में नाग पंचमी का विशेष महत्व होता है। सर्प प्रकृति का अहम हिस्सा हैं, प्रकृति के संरक्षक भी हैं। उधर, नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी इस दौरान विशेष पूजा की गई।

ट्रेन से कटकर किसान की मौत,शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

गजरौला। ट्रेन से कटकर किसान की मौत हो गई। किसान सोमवार रात नौ बजे से लापता था। मंगलवार सुबह ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।क्षेत्र के गांव मझोला निवासी 55 वर्षीय शूरवीर सोमवार रात घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी सभी संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच मंगलवार सुबह गजरौला-हरिद्वार रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेन से कटकर शूरवीर की मौत हो गई। शूरवीर रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा अभी इसकी सही जानकारी नहीं हो सकी है। उधर, रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस व शूरवीर के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

तेज रफ्तार बाइक सवार ने सिपाही को मारी टक्कर

बिजनौर। थाना कोतवाली शहर बिजनौर पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना कोतवाली शहर पर नियुक्त आरक्षी 2457 दिलशाद चैधरी (42 वर्ष) पीएनओ-212142576 पुत्र जिले सिंह चै0 निवासी ग्राम आसिफपुर खडखडी थाना बडौत जनपद बागपत जो कि अपनी ड्यूटी समाप्ति के बाद थाना कोतवाली शहर पैदल जा रहा था। थाना क्षेत्रान्तर्गत जजी चैराहे के निकट एक मोटर साईकिल यूपी20ऐक्यू8911 सवार मुलतान पुत्र सुलतान निवासी ग्राम खेडकी थाना कोतवाली शहर द्वारा मोटर साईकिल तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए आरक्षी दिलशाद को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस द्वारा घायल आरक्षी दिलशाद को जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा स्थिति को देखते हुए आरक्षी दिलशाद को मेरठ रेफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा चालक व मोटर साईकिल को कब्जे में ले लिया गया है।

जिला अस्पताल में आग लगाने के मामले में व्यक्ति पर रासुका के तहत आरोप लगाए गए

संभल। संभल के जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर कथित तौर पर आग लगाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि 28 जून को एक व्यक्ति ने जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर आग लगा दी थी। जांच के दौरान और सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर उस व्यक्ति की पहचान राजा अंसारी (21) के रूप में की गई, जो नखासा का निवासी है। उन्होंने बताया कि अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने आरोपी पर रासुका लगा दिया है।

कांवड़ियों के साथ मारपीट के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार

बदायूं। कांवड़ लेकर जा रहे कुछ लोगों के साथ मारपीट करने के आरोप में बदायूं में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सोमवार शाम वजीरगंज थाना क्षेत्र के दूगों गांव में उस समय हुई, जब कांवड़िये बरेली से लौट रहे थे, तभी एक समुदाय विशेष के लोगों ने स्पीकर पर गाना बजाए जाने पर ऐतराज किया। इस दौरान कांविड़ियों को कथित तौर पर मारा पीटा गया। पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि इस घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें ग्राम प्रधान रिहान और पूर्व ग्राम प्रधान बाबू खान शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गोद लिए बेटे की बेरहमी : माँ के मुंह पर ईंट से वार कर की हत्या

गजरौला, प्रात : किरण संवाददाता

गोद लिए बेटे ने ईंट से मुंह पर वार कर मां की हत्या कर दी। घटना की जानकारी गांव में उस वक्त हुई, जब पड़ोस की एक वृद्ध महिला बर्तनों की आवाज आने पर उधर पहुंची। हत्या करने के बाद आरोपी युवक शव को कमरे में खींच रहा था। वृद्धा के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

दिनदहाड़े युवक द्वारा मां की हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोपी युवक पुलिस की हिरासत में है ।सनसनी फैलाने वाली यह घटना थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं में मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। विजयपाल प्रजापति गांव में लगे नलकूप पर देखभाल का काम करते हैं। कोई संतान नहीं होने के कारण उन्होंने अपने छोटे भाई रोहताश के बेटे रोहित प्रजापति को पैदा होने के बाद ही गोद ले लिया था ।पुलिस ने बताया कि मंगलवार की दोपहर सूचना मिली कि सलेमपुर गौसाईं में विजयपाल प्रजापति की 50 वर्षीय पत्नी की गोद लिए बेटे ने ईंट से वार कर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही एसएसआई प्रेमपाल सिंह, कुमराला चौकी इंचार्ज बालेंद कुमार और महिला पुलिसकर्मियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि विजयपाल नलकूप पर सिंचाई कर रहे थे। एक से डेढ़ बजे के बीच रोहित प्रजापति ने ईंट से मुंह पर वार कर अपनी मां मुन्नी देवी ने हत्या कर दी।

> सलेमपुर गौसाईं में गोद लिए बेटे द्वारा ईंट से वार कर मां की हत्या करने का मामला सामने आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। विजयपाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।
> अरूण कुमार सिंह, सीओ,गजरौला/धनौरा

बर्तनों की आवाज सुनकर मौके पर पहुचें ग्रामीण

अमरोहा। ग्रामीणों ने बताया कि पड़ोस की वृद्धा शांति देवी पत्नी नेतराम को विजयपाल के घर से बर्तनों के खटकने की आवाज आई। उसने जाकर देखा तो रोहित आंगन से अपनी मां के शव को कमरे में खींच रहा था। इसके बाद उसने शोर मचा दिया। तुरंत गांव के लोग दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी हिरासत में लिया। मुन्नी के शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

राजधानी में हुआ 108 फिट ऊंचे धर्म ध्वज का लोकार्पण

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

चौक में पंचवटी घाट के निकट पक्का पुल स्थित प्राचीन लेटे हुए हनुमान मंदिर में प्रदेश के प्रथम 108 फिट ऊंचे सनातनी धर्म ध्वज की स्थापना की जा रही है जिसका लोकार्पण मंगलवार को परमपूज्य श्री मज्जगदगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी राघवाचार्य जी महाराज, श्री रामलला सदन देवस्थानम ट्रस्ट रामकोट, अयोध्या की अध्यक्षता में उनके कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक आशुतोष टंडन,नीरज बोरा,सुशील सिंह एवम्-मानवेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। करीब 200 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार श्री अहिमर्दन पातालपुरी हनुमान जी सेवा ट्रस्ट द्वारा करवाया गया है ।मंदिर में अन्नपूर्णा सेवा चल रही है जिसके अंतर्गत लगभग 300 निर्धन लोगों को भोजन वितरित किया जा रहा है। आपको बता दे कि कुछ समय पूर्व सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोमती तट पर स्थित हनुमंत धाम मंदिर परिसर में 108 फिट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का शिलान्यास किया था और अब चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में धर्म ध्वज लहराएगा।

सपा एमएलसी उम्मीदवार कीर्ति कोल का नामांकन हुआ निरस्त

भाजपा के दोनों उम्मीदवारों की निर्विरोध जीत तय

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

विधान परिषद उप चुनाव के लिए सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल का नामांकन पत्र उनकी कम उम्र के चलते निरस्त कर दिया गया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान उनका पर्चा खारिज किया गया। इससे सपा को झटका लगा है। विधान परिषद सदस्य के निर्वाचन के लिए न्यूनतम आयु 30 वर्ष की होनी चाहिए लेकिन सपा की विधान परिषद उम्मीदवार कीर्ति कोल ने अपनी उम्र 28 वर्ष दिखाई थी। नामांकन रद्द होने की वजह कीर्ति कोल की कम उम्र बताई गई है। ऐसे में भाजपा के दोनों प्रत्याशियों धर्मेन्द्र सिंह सैंथवार एवं निर्मला पासवान की निर्विरोध जीत तय मानी जा रही है। आपको बता दें कि विधान परिषद उपचुनाव में 2 सीटों के लिए इन तीनों प्रत्याशियों ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया था लेकिन मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल का पर्चा कम उम्र के चलते खारिज कर दिया गया।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया राजकीय बाल गृह बालिका का निरीक्षण

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम ने राजधानी के मोतीनगर स्थित राजकीय बाल गृह बालिका का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षिका श्रीमती सफलता द्वारा बताया गया कि संस्था में वर्तमान में 100 किशोरियों की स्वीकृति क्षमता के विपरीत 89 किशोरियां निवासरत हैं। वित्तीय वर्ष में 114 निराश्रित बालिकाओं तथा 43 पास्को पीड़ित बालिकाओं को पुनर्वासित कराया गया ।उन्होंने बताया कि संस्था की कुल 20 बालिकाएं नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर रही है। बालिकाओं को मेडिटेशन एवं योगा प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें ब्यूटीशियन, सिलाई प्रशिक्षण, क्राफ्ट संबंधी प्रशिक्षण व अन्य प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा संस्था का रसोईघर, शौचालय, डिस्पेंसरी,संवासिनी कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थित बालिकाओं से वार्ता कर वहां मिल रही सभी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अंतःवासी किशोरों के लिए अन्य रोजगार परक प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाने के साथ ही नैतिक शिक्षा एवं मनोरंजन हेतु कार्यक्रम कराए जाने के निर्देश दिए ।संस्था के बाहर जलभराव को लेकर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को तत्काल साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य श्रीमती मनोरमा शुक्ला व जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह वह अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

योगी कैबिनेट का फैसला : वाराणसी नगर निगम की सीमा का होगा विस्तार

मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक

लखनऊ, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां लोकभवन में कैबिनेट की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में मंत्रिमण्डल ने नगर पंचायतों के गठन समेत कई अहम प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई है। कैबिनेट में आए नगर पंचायतों के गठन व विस्तारीकरण के प्रस्ताव को पास किया गया। वाराणसी नगर निगम की सीमा का विस्तार होगा। रामनगर नगर पालिका परिषद को इसमें समाहित किया गया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को मंजूरी दी गयी है। इस योजना के तहत मास्टरप्लान बनाये जाएंगे। जनप्रतिनिधियों की सलाह ली जाएगी। रोड, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट्स,कम्युनिटी हॉल निर्माण, बाजार में जनसुविधाओं के कार्य हेतु, चौराहों पर जन कार्य, ओपन पार्क आदि के लिए इस योजना के तहत कार्य किये जायेंगे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर हिना के कलात्मक डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें अंशू कुमारी प्रथम स्थान पर चुनी गई। मां केलादेवी हायर सेकंडरी स्कूल केलादेवी में एक अगस्त को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा आयोजित जिला स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि जिला स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता एक अगस्त को सुबह 11 बजे से मां केलादेवी हायर सेकंडरी स्कूल केलादेवी में कार्यक्रम प्रभारी सोनिका सागर के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें भार संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल बनाया गया। जिसका सदस्य सोनिका सागर, मुस्कान सिंह व प्रधानाचार्य बृजेश कुमार शर्मा को बनाया गया। प्रतिभागियों ने अपने अपने हाथों पर मेहंदी के ऐसे कलात्मक डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसके कारण निर्णायक मंडल को भी निर्णय लेने में अपनी प्रतिभा दिखाने पड़ी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय की घोषणा की। जिसमें अंशू कुमारी प्रथम जबकि रीनू कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। इसके साथ ही बैशना राजपूत तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा धर्मवती,नीतू यादव, नेहा यादव,हिमानी यादव, दीक्षा यादव, विनीता यादव, मिथलेश यादव, गीता कुमारी, मनोरमा,रीना यादव, तारावती यादव तथा सुनीता यादव सांत्वना रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, कार्यक्रम प्रभारी सोनिका सागर, मुस्कान सिंह, रूबी, प्रबंधक भगवान दास यादव, नीरज कुमार,आवेश कुमार, बृजेश कुमार व विनीत कुमार ने स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।

अधिवक्ता और व्यापारी एक दूसरे के पूरक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा अधिवक्ता समाज और व्यापारी समाज एक दूसरे के पूरक हैं। अधिवक्ताओं के बिना न्याय की कल्पना नहीं की जा सकती। यह बाते मंगलवार को लखनऊ बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश पांडेय का स्वागत करते हुए कही। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय ने कहा कि व्यापारी समाज सबसे महत्वपूर्ण है। व्यापारियों द्वारा ही देश और प्रदेश की सरकारों को राजस्व देने तथा रोजगार देने का कार्य किया जाता है। प्रत्येक सामाजिक कार्यों में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने व्यापारियों की सभी समस्याओं में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का वादा किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफ जल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष डा. साकेत चतुर्वेदी, ट्रांसगोमती प्रभारी मनीष पांडेय, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम सहित कई व्यापारी शामिल हुए।

नखासा पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की दो मोटरसाइकिल एवं अबैध चाकू के साथ गिरफ्तार

सम्भल, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार थाना नखास मय पुलिस टीम की तलाश वांछित अपराधी ब गस्त के दौरान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महमदपुर इम्मा बाईपास रोड पर ठंडी सड़क जाने वाले चौराहे के पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल जिस में एक स्प्लेंडर प्लस रंग स्लेटी हीरो होंडा ब एक मोटरसाइकिल ग्लैमर बेचने के लिए जाते समय दो अभियुक्त सलमान पुत्र मोहम्मद इमाद निवासी ग्राम जलालपुर मोहम्मदाबाद थाना नखासा फरमान पुत्र रहीस निवासी ग्राम जलालपुर मोहम्मदाबाद थाना नखासा जनपद सम्भल को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों से बरामद अवैध असला चोरी की दो मोटरसाइकिल के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीमः थाना प्रभारी नखासा सतेन्द्र सिंह पबांर उप निरीक्षक उपेन्द्र मलिक.उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह..उप निरीक्षक सुभाष मावी सर्विलांस नारकोटिक्स मय टीम. हेड कांस्टेबल हरि ओम. अनुज कुमार विकेश कुमार. अतुल बाना शिवांशु आदि उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव ने 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा ध्वज फहराने की अपील की

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने नागरिकों से 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक राज्य में हर घर पर तिरंगा ध्वज फहराने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान के साथ फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रध्वज की पवित्रता एवं गरिमा कायम रहनी चाहिए।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक को अपने आवास पर राष्ट्रध्वज फहराये। यह खादी का बना हो। राष्ट्रध्वज हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उस पर हर भारतीय गर्व करता है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजो को भारत छोड़ने की चेतावनी दे दी थी। गांधी जी ने अपने भाषण में देश को करो या मरों का मंत्र दिया था। अंग्रेजों भारत छोड़ों प्रस्ताव 8 अगस्त 1942 की रात को पारित होते ही अंग्रेज सरकार का दमन चक्र शुरू हो गया था। सभी नेता तड़के सुबह से गिरफ्तार कर लिए गए। तब जेपी, लोहिया, अरूणा आसिफ अली, ऊषा मेहता आदि समाजवादियों ने आंदोलन का नेतृत्व किया। 9 अगस्त 1942 को चारो तरफ कड़ी सुरक्षा के बावजूद अरूणा आसिफ अली ने अधिवेशन स्थल ग्वालियर टैंक मैदान बम्बई में तिरंगा ध्वज फहरा दिया। डॉ0 लोहिया ने ऊषा मेहता के साथ नेपाल से आजाद रेडियों के माध्यम से आजादी के आंदोलन को पूरी ताकत से जारी रखने का आव्हान करते रहे। जयप्रकाश नारायण हजारीबाग जेल तोड़कर आंदोलन को गति दी। इस जनांदोलन के फलस्वरूप ही 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। इस राष्ट्रीय आंदोलन की पावन स्मृति को बनाए रखने के लिए यह राष्ट्रीयध्वज फहराया गया। भारत की आजादी की आखिरी लड़ाई की याद में 9 अगस्त क्रांति दिवस के रूप में तो मनाया ही जाता है इस वर्ष तो 15 अगस्त को आजादी का 75वां वर्ष भी होगा। डॉ0 राममनोहर लोहिया का मानना था कि 15 अगस्त 1942 राज्य की महान घटना जरूर है, जिस दिन हमें आजादी मिली थी, लेकिन 9 अगस्त 1942 देश की जनता की उस इच्छा की अभिव्यक्ति थी जिसने ठान लिया था कि हमें आजादी चाहिए और हम आजादी लेकर ही रहेंगे। यह आंदोलन राष्ट्रव्यापी था जिसमें बड़े पैमाने पर जनता ने हिस्सेदारी की और अभूतपूर्व साहस प्रदर्शित किया। श्री अखिलेश यादव ने कहा शहर-गांव, अमीर-गरीब, किसान-श्रमिक, व्यापारी- दुकानदार- सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों, सभी को इस आयोजन में स्वेच्छा से सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अभियान में किसी को भी जुड़ने से बचना नहीं चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपना राष्ट्रीय कर्तव्य समझकर इस अभियान में शामिल हो। राष्ट्रध्वज के दिन-रात फहराए जाने पर भी अब कोई प्रतिबंध नहीं है। श्री अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं का अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर 9 से 15 अगस्त 2022 के बीच नित्य अपने आवास पर राष्ट्रध्वज को ससम्मान फहराये जाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

यूपी में थर्ड डिग्री टॉर्चर पर एसआई निलंबित

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक आरोपी के दूर के रिश्तेदार का कथित तौर पर थर्ड डिग्री टॉर्चर करने के आरोप में एक पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फरनगर के छपर थाने के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) आर राणा गोहत्या से जुड़े एक मामले में वांछित जिशान अंसारी नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम के साथ खामपुर गांव गए थे। उसने कथित आरोपी का पता नहीं लगाया और उसी गांव के रहने वाले 40 वर्षीय अपने दूर के रिश्तेदार फराद हकीम को उठा लिया। हाकिम को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और एसआई द्वारा थर्ड-डिग्री टॉर्चर किया गया। बाद में ग्रामीणों के दबाव में उसे थाने से छोड़ दिया गया। ग्रामीणों में से एक ने हकीम का एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसके शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी विनीत जायसवाल ने स्वतः संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिए।

बी हेल्थ फाउंडेशन की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को बी हेल्थी फाउंडेशन कि तरफ से में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प नियर पंचायत भवन सिंगपुर सनी देहली रोड सम्भल में एक फ्री हैल्थ कैम्प लगाया गया जिसमें शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक मशहूर डॉ. मोहम्मद जैद वारसी (एम.बी.बी.एस, एम.डी) दिल , शुगर , ब्लड प्रेशर , थायराईड , सास का फूलना , जिगर में दिक्कत , घुटनों में दर्द , पथरी का सफल इलाज, खासी का होना, डेंगू, मलेरिया, टाईफाईड जैसे सभी मरीजों को देखा गया।

डॉ. आयशा स्त्री रोग विशेशज्ञ

डॉ मोहम्मद नसीम (बी डी एस) दाढ़ दांत का इलाज किया गया

डॉ. अनस महमूद (ऑप्टो) आँखों का इलाज किया गया

डॉ. आमिल जकी (पैथोलोजिस्ट) खून की जाँच की गयी।

लगभाग 350+ मरीजों को देखा उनकी जरूरी जांचे और दवाइया फ्री उपलब्ध कराई जिसमे डॉ जैद वारसी ने कहा कि बी हैल्थी फाउंडेशन टीम ओर हमारे अस्पताल का टारगेट है कि जो मरीज इस आर्थिक तंगी के दौर में अपना इलाज नही करा पा रहे है उनको इस शिविरों से लाभ मिले...

बी हेल्थी फाउंडेशन हेल्थ कैम्प के सभी सम्मानित सदस्यो ने मिलकर फैसला लिया है. कि हमारी संस्था के और से हर मंगलवार को 2 बजे से 5 बजे तक हर शहर के अलग अलग इलाकों में निशुल्क स्वास्थ्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद रहे मोहम्मद फरमान, मोहम्मद इंतेखाब गुड्डु, मोहम्मद नसर, मोहम्मद सरफराज, राहिम वारसी, आमिल जकी ,मोहम्मद सीमाब, मेहर नाजिम, मोहम्मद मोहित ,चेतन शर्मा,विपिन चहल,सुमित चहल,गुरमीत, किरात पाल, कार्यकर्ता उपस्थित रहे...

संक्षिप्त खबरें

ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर के टॉपर छात्र को अरवल विधायक के द्वारा किया गया सम्मानित

कलेर/अरवल। महिला कल्याण योजना के तहत चलाई जा रही प्रतियोगिता में ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर परासी में टॉपर छात्र-छात्राओं को अरवल विधायक ने किया सम्मानिते इस दौरान टॉपर छात्र सुमंत कुमार ,रंजन कुमार, कौशल कुमार ,अंकित राज ,रणधीर कुमार ,राम प्रकाश कुमार ,अंशु कुमारी ,खुशबू कुमारी एवं मुकेश कुमार को अरवल विधायक महानंद सिंह के द्वारा सम्मानित किया गयो सम्मानित करते हुए विधायक महानंद सिंह ने छात्र छात्राओं को इसी तरह मेहनत से पढ़ाई लिखाई करते रहे और आगे का भविष्य उज्जवल बनाकर अपने माता पिता के साथ-साथ अपने जिला का भी नाम रोशन करें वही ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर संकेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे की शिक्षा को गंभीरता से लेने की बात कही है।

जाति आधारित जनगणना के लिए पर्यवेक्षक व प्रगणकों की मांगी सूची

उदवंतनगर। जाति आधारित जनगणना 2022 के कार्य को संपादित करने हेतु पर्यवेक्षक व प्रगणकों की नियुक्ति की जानी है। जनगणना कार्य को ससमय पूर्ण करने को लेकर प्राथमिक, मध्य व उच्च विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं की सूची विहित प्रपत्र में प्रखण्ड कार्यालय द्वारा प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी से तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिससे वांछित जानकारी जिला को मुहैया कराया जा सके। इस संबंध में बीडीओ अरूण सिंह ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी को आदेशित किया है। बीडीओ ने ससमय जानकारी मुहैया कराने का आदेश जारी किया है जिससे ससमय पर्यवेक्षक व प्रगणकों के संबंध में वांछित जानकारी जिला को उपलब्ध कराया जा सके। बीडीओ अरुण सिंह ने बताया कि शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाने के सरकार के स्पष्ट आदेश के आलोक में बीईओ से सूचि मांगी गई है।

अ३३ौल्ल३र ंर्ी

एफसीआई की ट्रक से एक वाहन सवार कुचला गया, मोटरसाइकिल सवार प्राइवेट अस्पताल में है इलाजरत

जयनगर,मधुबनी।मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के पटना गद्दी चौक पर मंगलवार को एफसीआई गोदाम से अनाज लदे ट्रक की ठोकर से एक 22 वर्षीय बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से ईलाज के लिए जयनगर के प्राइवेट क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के बैरा गांव निवासी 22 वर्षीय मो० प्यारे बताया गया है। जानकारी के अनुसार जयनगर एफसीआई गोदाम से अनाज लदे ट्रक बीआर06जी-1312 पटना गद्दी चौक के समीप पहुंचा। इसी क्रम में ब्लाक की तरफ जा रहे बाईक को ट्रक ने ठोकर मार दिया, जिससे बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दिया गया, लेकिन काफी देर बाद पहुंची पुलिस को घटना स्थल पर कुछ नहीं मिला और पुलिस वहां से चलते बने। लोगों का आरोप है कि 112 पर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति कर वापस चलते बने। वहीं एक बड़ा सवाल यह भी है कि दिन भर शहर में नो एंट्री के बावजूद इतने बड़े वाहन इतनी आसानी से प्रवेश कैसे कर जाते हैं ? बरहाल ये कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें एफसीआई के ट्रक के द्वारा किसी वाहन सवार को धक्का मार दिया गया है, पर बावजूद इसके प्रशाशन कोई ठोस करवाई नही कर रही, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

अस्पतालों में कुल बेड की क्षमता का कम से कम पांच प्रतिशत बेड का आईसीयू होना अनिवार्य

स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कालेज अस्पतालों और जिला अस्पतालों में आईसीयू के लिए किया गाइडलाइन जारी

प्रात : किरण संवाददाता

अब स्वास्थ्य स्थिर होने से पहले मरीज आईसीयू और सीसीयू से वार्ड में शिफ्ट नहीं किए जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा पर मेडिकल कालेज अस्पतालों और जिला अस्पतालों की आईसीयू के लिए गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। मेडिकल कालेज अस्पतालों और जिला अस्पतालों में बेड की क्षमता का 5 से लेकर 25 प्रतिशत बेड का आईसीयू होना अनिवार्य होगा।

एक आईसीयू में होंगे अधिकतम 12 बेड: स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गंभीर रूप से बीमार मरीजों के इलाज के संबंध में एक मामले की सुनवाई करते हुए निर्देश जारी किया था। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग ने विशेषज्ञ समिति गठित की। समिति द्वारा आईसीयू और सीसीयू में भर्ती और इलाज से संबंधित विभाग को अपनी अनुशंसा भेजी। स्वास्थ्य विभाग ने समिति की अनुशंसा को मंजूर करते हुए मेडिकल कालेज अस्पतालों और जिला अस्पतालों को लागू करने का निर्देश दिया है। अस्पतालों में कुल बेड की क्षमता का पांच से लेकर पच्चीस प्रतिशत बेड की आईसीयू अनिवार्य रूप से होना चाहिए। एक आईसीयू 12 बेड से अधिक के नहीं हो सकते हैं। एक बेड से दूसरे बेड की दूरी 150 से 200 वर्ग फीट होनी चाहिए। मरीज के सिर वाले हिस्सा में बेड दीवार से दो फीट दूर होना चाहिए। सभी बेड के साथ आधुनिक कार्डियो रेस्पिरेटरी मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए।

चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य: मॉनिटरिंग सिस्टम के सामने ही नर्स के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि नर्स इसे आसानी से देख सकें। आईसीयू में एक वेंटीलेटर पर एक नर्स रहेंगी मगर दो बेड पर एक नर्स रह सकती हैं। वेंटीलेटर मैनेजमेंट में प्रशिक्षित रेजिडेंट डॉक्टर को चौबीस घंटे रहना अनिवार्य होगा। आईसीयू का संचालन सीनियर डॉक्टर की देखरेख में किया जाएगा। उनकी मदद में पोस्ट ग्रेजुएट के मेडिकल स्टूडेंट रहेंगे। आईसीयू के लिए फिजियोथेरेपिस्ट, डाइटीशियन और बायोमेडिकल इंजीनियर अनिवार्य रूप से रहेंगे। अस्पतालों में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड बैंक और फामेर्सी होना चाहिए। आपातकाल और महामारी के समय में अस्पतालों को बेड की क्षमता बढ़ाने की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है।

अनियमित मॉनसून को लेकर जिला कृषि टास्क फोर्स की विशेष बैठक आयोजित

डीएम ने एक सप्ताह के अंदर सभी प्रखंडों में शत-प्रतिशत धान रोपनी का आच्छादन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमे संबधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं सभी कृषि समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में अनियमित मॉनसून को देखते हुए वर्तमान में हो रही वषार्पात एवम धान की रोपनी की स्थिति, डीजल अनुदान, खाद की उपलब्धता, खाद विशेषकर यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री, कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति, नलकूप की मरम्मती सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन एवं डेयरी से संबधित योजना आदि को लेकर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम वर्तमान में हो रही वषार्पात एवं धान रोपनी को लेकर प्रखंडवार सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक से बारी-बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विगत दो दिनों में जिले में लगभग 46एमएम वषार्पात हुई है, एवं धान की रोपनी का अभी तक 72 प्रतिशत आच्छादन हो चुका है, परंतु कुछ प्रखंड में अभी भी रोपनी की स्थिति अच्छी नही है। रहिका में 40% बिस्फी में 48% पंडौल में 56% राजनगर में 60% ही धान के रोपनी हुई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वर्तमान में अच्छी वर्षा हो रही है अतः कम रोपनी वाले प्रखंड सहित शेष सभी प्रखंड एक सप्ताह के अंदर सभी प्रखंडों में शत-प्रतिशत धान रोपनी का आच्छादन सुनिश्चित करे, साथ ही वास्तविक रुप से प्रतिदिन इसकी इंट्री करना भी सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी कृषि समन्वयकों को निर्देश दिया कि दो दिनो के अंदर अपने अपने क्षेत्र में यह सर्वे कर ले कि कितने डीजल पंप सेट है। उन्होंने डीजल अनुदान को लेकर विस्तृत जानकारी भी दिया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 22-23 अंतर्गत खरीफ मौसम के फसलों में अल्प वृष्टि के कारण सुखाड़ जैसी उत्पन्न स्थिति को देखते हुए डीजल चालित पंप सेट से पटवन करने के लिए सरकार द्वारा किसानों को डीजल अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। खरीफ फसलों की डीजल पंप सेट से सिंचाई के लिए क्रय किए गए डीजल पर 60 प्रति लीटर की दर से 600 प्रति एकड़ प्रति सिंचाई डीजल अनुदान दिया जाएगा। यह अनुदान प्रति किसान अधिकतम 8 एकड़ सिंचाई के लिए ही दे होगा। इस योजना का लाभ कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकृत किसानों को ही दिया जाएगा। वैसे किसान जो पूर्व में डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उन्हें पुनः पंजीकरण नहीं करना है, वे सीधे डीजल अनुदान के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डीजल अनुदान की राशि आवेदक के आधार से जुड़े बैंक खाते में ही अंतरित की जाएगी। अगर बैंक खाता आधार संख्या से जुड़ा नहीं होगा, तो वैसे किसानों को को इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। डीजल अनुदान योजना खरीफ 2022 के लाभ के लिए दिनांक 29 जुलाई 2022 से सिंचाई के लिए क्रय किये गए डीजल के लिए ही मान्य होगा। इसी तरह दिनांक 30 अक्टूबर 2022 तक सिंचाई के लिए किए गए डीजल के लिए ही अनुदान का लाभ मान्य होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान को अपने आवेदन के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत होगी, तो वे लिखित रूप से शिकायत संबंधित डीजल अनुदान अनुशंसा निगरानी समिति के समक्ष रखेंगे। ऐसे सभी शिकायतों का 15 दिनों के अंदर संबंधित कृषि समन्वयक के द्वारा जांच की जाएगी। जो किसान वांछित अहर्ता रखते हैं, उन्हें अनुदान के भुगतान हेतु विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर भी प्रखंडवार समीक्षा किया गया। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया गया कि कृषि फीडर में किसानों के सिंचाई हेतु 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति करें, अगर कही समस्या होती है तो स्वयं क्षेत्र में जाकर देखे। उन्होंने निर्देश दिया कि जल हुए ट्रांसफार्मर को अविलम्ब ठीक करवाये। उर्वरक की उपलब्धता एवं कालाबाजारी आदि की समीक्षा के क्रम में डीएम ने निर्देश दिया कि कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार द्वारा उर्वरक विक्रेताओं पर नजर रखे। कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों पर करवाई करे। किसी भी सूरत में खाद की कालाबाजारी बर्दाश्त नही की जाएगी। गड़बड़ी करने वालो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में जिले में खाद उपलब्ध करवाया गया है। खाद की कालाबाजारी पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन कि कड़ी नजर है। उन्होंने निर्देश दिया कि खाद की दुकानों पर की जाने वाली छापेमारी का प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध करवाएं। नलकूप की समीक्षा क्रम में यह पाया गया कि वर्तमान में 122 नलकूप चालू है। 242 नलकूप खराब है, जिसमे 159 की मरम्मती हेतु पैसा पंचायतो को भेज दिया गया है। 18 विधुत दोष से बंद थे, जिसमें 12 ठीक हो गए है। डीएम ने निर्देश दिया कि बंद पड़े नलकूप को एक सप्ताह में ठीक करवाये, ताकि किसान सिंचाई में उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि मरम्मती नही करने वाले मुखिया के खिलाफ करवाई हेतु प्रस्ताव भेजे। किसान सम्मान निधि योजना के समीक्षा के क्रम में डीएम ने निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन करें, साथ ही पुराने किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन भी ससमय कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी लगातार 10 दिनों तक प्रतिदिन कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे, ताकि सभी स्थितियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि कल बुधवार के जांच में कृषि टास्क फोर्स से संबंधित अधिकारी भी क्षेत्र में जाकर धान की रोपनी की स्थिति, कृषि फीडर से बिजली की उपलब्धता, स्टेट ट्यूबवेल की जांच, नहरों से पानी की उपलब्धता, उर्वरक दुकानों में छापेमारी, वर्षा मापी यंत्र की जांच आदि कार्य करेंगे इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाएं, डेयरी विभाग की योजनाएं, उद्यान विभाग की योजनाएं आदि का भी समीक्षा किया गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विशाल राज,डीपीआरओ परिमल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम,सभी कार्यपालक अभियंता जलसंसाधन विभाग, कार्यपालक अभियंता विधुत, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी कृषि समन्वयक आदि उपस्थित थे।

विधान पार्षद ने किया माध्यमिक एवं महाविद्यालयों का दौरा

कुदरा, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का दौरा मंगलवार को विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह के द्वारा किया गया।+2बघेल उच्च विद्या मंदिर घटांव,+2उच्च विद्यालय सेवापुरी फाखराबाद,+2उच्च विद्यालय जहानाबाद,जगदेव मेमोरियल महाविद्यालय सकरी कुदरा में माननीय विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह जी को अंगवस्त्र प्रदान कर,माल्यार्पण के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

उन्होंने विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में, शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि, वे सदैव शिक्षको की समस्याओं पर अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं, और आगे भी करते रहेंगे।विधान पार्षद ने शिक्षको अवगत कराते हुए कहा कि, अंतर जिला स्थानान्तरण की प्रक्रिया छठे चरण के नियोजन के बाद शुरू होगी। वहीं जगदेव मेमोरियल महाविद्यालय को स्थाई सम्बद्धता मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि स्थाई संबंद्धन महाविद्यालय के उतरोत्तर विकास मे मिल का पत्थर साबित होगा।

साथ ही जगदेव मेमोरियल महाविद्यालय परिवार एवं कार्यरत शिक्षको ने भी माननीय एमएलसी श्री संजीव श्याम सिंह जी को इस कार्यार्थ धन्यवाद एवं साधुवाद दिया। तथा अवगत कराते हुए बताया की माननीय विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह के ही प्रयास से महाविद्यालय को स्थाई संबद्धता मिली है।इस कार्यार्थ महाविद्यालय परिवार विधान पार्षद महोदय का आभारी रहेगा। विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह के साथ जदयू नेता रामनारायण शर्मा,संस्कृत शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, दिनेश सिंह ,गंगाधर राय, अरुण कुमार, सुनील कुमार सिंह विष्णु शंकर उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

भैंस चराने के दौरान पानी में डूबने से एक वृद्ध की हुई मौत परासी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

प्रात :किरण संवाददाता

पानी में डूबने से वृद्ध की मौत मृतक परासी गांव का रहने वाला था। इस मामले में बताया जाता है कि 65 वर्षीय झोझा यादव सोन दियारा में भैंस चरा रहा थे तभी उनका भैंस गहरे पानी में चला गया। इस दौरान मृतक झोझा यादव ने भैंस के निकालने के चक्कर में खुद पानी में गिर पड़े तथा मौके से भैंस तो बच गई लेकिन खुद को नहीं बचा सके। शिवपुरी गढ़ा से मशहूर सोन दियरा परासी थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू घाट से विख्यात है। कालांतर में यह जगह सीधा एवं सपाट थी जिस कारण लोग अपने जानवर को चराते थे। लेकिन जेसीबी के माध्यम से बालू के खनन इतना गहराई में कर दिया गया है कि यह जगह जानलेवा हो गई है। इस मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू की कमाई के चलते सोन नदी को चीर दिया गया है। जिसमें अथाह पानी भरा हुआ है यही कारण है कि मृतक झोझा यादव जब तक कुछ समझ पाते उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई। हालांकि मौके से स्थानीय गोताखोरों के द्वारा शव को निकाल लिया गया है और अग्रेतर करवाई हेतु पुलिस को सूचना दे दी गई है। इस दौरान गांव में शोक की लहर है वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है और लोगों के द्वारा मृत्यु का कारण बालू निकासी को कोस रहे हैं। वही पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल अरवल भेज दिया गया है।

प्रधान डाकघर परिसर में भारतीय डाक कर्मचारी संघ के कर्मियों का रात्रि कालीन धरना प्रारंभ

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मंगलवार को समस्तीपुर प्रधान डाकघर परिसर में भारतीय डाक कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने शाम 06 बजे से रात्रिकालीन धरना प्रारम्भ किया। जो कल सुबह 09 बजे तक चलेगी। संघ के महासचिव राजाराम राकेश ने कहा कि भारतीय डाक विभाग में खाली पड़े सभी रिक्त पदों को भरने, पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करने, प्रमोशन के आधार पर भरे जाने वाले सभी रिक्त पदों को भरने सहित कई मुद्दों को लेकर धरना प्रारम्भ किया गया है। धरना में संघ के पदाधिकारी हसन साजिद, राजाराम राकेश, अनिल राम, राम कुमार, अविनाश कुमार, नंद किशोर पासवान, संजय चौधरी सहित कई सदस्य और समर्थक शामिल रहे।

दहेज के लिए ससुराल वालों ने की बहू की हत्या, लगभग साल भर पहले हुई थी शादी

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



बताते चलें कि, मधुबनी जिला के मधुबनी जिला के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के पौआम गांव में 20 वर्षीय कविता देवी नामक महिला को ससुराल वालों ने मार डाला है।

वहीं, मधुबनी सदर अस्पताल मृतक के बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर आए पिता ने कहा कि, लगभग 1 साल पहले वह अपनी 20 वर्षीय बेटी (कविता देवी) की शादी बेनीपट्टी के पौआम गांव निवासी रामबाबू यादव के पुत्र रमन यादव से करवाई थी। जिसके बाद मेरे बेटी का पति लगभग 6 महीना से मेरी बेटी को मारता पीटता रहता था। साथ ही मेरी बेटी के ससुराल वाले भी मेरी बेटी को मारा-पीटा करते थे तथा हर हमेशा मेरी बेटी से कहते थे कि, तुम अपने पिता से पैसा मांगो। जिसके बाद तीन चार बार बेटी के कहने पर उसके पति तथा ससुराल वाले को पैसा दिया भी। परंतु मृतक लड़की के पिता ने कहा कि मैं रोजाना 300 कमा कर घर का गुजर-बसर करता हूं। इसलिए पिछले कुछ दिनों से मुझे पैसे का इंतजाम नहीं हो पाया तथा अपनी बेटी के ससुराल वालों को नहीं दे पाया।

वहीं इस घटना की जानकारी, बेटी के ससुराल वालों के पड़ोसियों ने दी, जिसके बाद लड़की के पिता ने फोन कर कर बेटी के ससुराल वालों से पूछा तो, बेटी के ससुराल वालों ने कहा कि, उसे सांप काट लिया है। जिसके बाद मृतक महिला के परिजन मृतक के ससुराल पहुंचे। तो वहां उन्होंने अपनी बेटी को मृत पाया तथा बेटी के बड़ी जान जब उसके ससुराल पहुंचे, तो देखा कि, ससुराल वाले सभी फरार हैं। जिसके बाद मृतक महिला के पिता ने इसकी जानकारी बेनीपट्टी थाना को दी तथा एक आवेदन भी दिया। जिसके बाद बेनीपट्टी थाना घटनास्थल पर पहुंचकर मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया।

वहीं मृतक महिला की पहचान बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बसैठ के चैनपुर पट्टी निवासी सुशील यादव की 20 वर्षीय पुत्री कविता देवी के रूप में हुई है। वहीं मधुबनी सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए आए मृतक के पिता तथा उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रखा है। वहीं बेनीपट्टी थाना इस मामले की जांच में जुट गई हुई है, तथा मृतक महिला के ससुराल वाले जो सभी फरार चल रहे हैं। उन्हें पकड़ने के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

आलू व्यवसाय के साथ गोली कांड मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

दो अपराधी गिरफ्तार, पांच दिनों के भीतर घटना का उद्भेदन

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना की पुलिस ने उमगांव बासोपट्टी मुख्य मार्ग पर आलू व्यवसाय के साथ गोलीकांड घटना के महज पांच दिनों के भीतर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल कर ली है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान बासोपट्टी थाना क्षेत्र के मढिया गांव निवासी रोहित यादव व प्रभाकर यादव के रूप में किया गया है।

मालूम हो कि विगत 27 जुलाई की रात करीब आठ बजे बासोपट्टी निवासी रामजीवन साह अपने भाई के साथ हरिने बॉर्डर से दुकान बंद कर आ रहे थे। इसी क्रम में उमगांव बासोपट्टी मुख्यमार्ग स्थित एक निजी स्कूल के समीप दो बाइक पर सवार चार की संख्या में अपराधियों ने गोली मारकर फरार हो गया। आनन-फानन में जख्मी रामजीवन साह को बासोपट्टी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका बेहतर ईलाज किया गया। इस घटना को लेकर जख्मी का भाई मालिक साह ने चार अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध हरलाखी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। इधर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने एसआईटी टीम को गठन किया, साथ ही वैज्ञानिक अनुसंधान भी चल रही है। घटना में शामिल सभी अपराधी पुलिस की राडार पर थे। इसी बीच विगत सोमवार की सुबह करीब नौ बजे गुप्त सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अनोज कुमार बासोपट्टी पहुंची, जहां बासोपट्टी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के सहयोग से दोनों अपराधियों को बभनदई पोखर के समीप धर दबोचा।

गिरफ्तार रोहित यादव के पास से घटना में उपयोग किये गए एक मोबाईल फोन व सीम कार्ड व दरभंगा जिला के सिमरी थाना क्षेत्र में हुए कन्टेनर लूट मामले में लुटे गए एक मोबाईल को जब्त किया गया है, जबकि प्रभाकर यादव के पास से एक चोरी की प्लसर बाइक जो कि राजनगर थाना क्षेत्र से दो साल पहले चोरी हुई थी, उक्त बाइक को बरामद किया गया है।

आगामी 7 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए महागठबंधन के कार्यकताओं ने की बैठक

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी 7 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर आज मधुबनी जिले जे बेनीपट्टी अनुमंडल से ठीक सटे पश्चिम दक्षिण राजद कार्यालय में राजद कार्यक्रताओं के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय महागठबंधन कार्यकताओं की एक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष रामबरन राम की अध्यक्षता और पवन भारती के सफल संचालन में किया गया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक रामशीष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बढ़ रही बेरोजगारी, केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण किसान मजदूर की हालत दयनीय हो गई है। गिरती अर्थव्यवस्था के खिलाफ विपक्षी दल लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध करने वाले लोगों को सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स का भय दिखाकर लोकतंत्र का गला घोंट रही है।वहीं अन्य वक्ताओं में नवीन कुमार मिश्रा, शिवशंकर यादव और रामबरण राम ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, जीवन रक्षक दवाओं, खाद्य सामग्री पर टैक्स लगाकर केंद्र और राज्य सरकारें गरीबों के पेट पर लात मार रही है। उन्होंने कहा कि सर्वधिक संख्या में 7 अगस्त को राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सभी कार्यकताओं को मधुबनी चलकर धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नवीन कुमार मिश्रा, शिवशंकर यादव, रामविनय प्रधान, पूर्व प्रमुख रामचंद्र महतो, रामनंदन यादव, चुलहाई झा, गोपाल झा, रामनाथ यादव, पवन भारती, रामशीष मंडल, प्रयाग यादव, प्रह्लाद पासवान, फकीर राम, विजय यादव, लालबाबू यादव, रामहृदय यादव सहित अन्य महागठबंधन के कार्यकताओं ने अपना अपना विचार रखा। इस दौरान पूर्व माकपा जिला मंत्री भोगेंद्र यादव के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोकव्यक्त करते हुए श्रधंजलि अर्पित किया गया।

अमेरिका-चीन के तनाव से सहमे एशियाई बाजार, ज्यादातर बाजारों में दिख रही कमजोरी

» नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और चीन के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव का असर आज भारत समेत पूरे एशियाई बाजारों पर नकारात्मक रूप में नजर आ रहा है। इस तनाव की वजह से दुनियाभर के बाजारों पर नेगेटिव सेंटीमेंट हावी हो गया है, जिसके कारण ज्यादातर बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ है। इसके पहले तनाव बढ़ने की आशंका से वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी आने की डर के कारण अमेरिकी बाजार भी कल कमजोरी के साथ बंद हुए थे। एशियाई बाजारों में आज कारोबार की शुरूआत से ही नरमी का माहौल बना हुआ है और निवेशक जोखिम लेने से बचने की कोशिश कर रहे हैं। एसजीएक्स निफ्टी में फिलहाल 78 अंक की कमजोरी नजर आ रही है। इसी तरह स्ट्रट टाइम्स भी सपाट स्तर पर 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है, जबकि ताइवान के बाजार में 1.68 प्रतिशत की कमजोरी बनी हुई है। हांगकांग का हेंगसेंग इंडेक्स 2.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,566.53 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शंघाई कंपोजिट में अभी तक के कारोबार में 2.63 प्रतिशत की

गिरावट आ चुकी है और ये सूचकांक फिलहाल 3,174.17 अंक के स्तर पर है। कोस्पी इंडेक्स भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। एशियाई बाजार में अकेले निक्केई इंडेक्स बढ़त में नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 1.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ 27,549.41 अंक के स्तर पर बना हुआ है। शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के मुद्दे को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बने तनाव ने इन दोनों देशों के साथ दुनिया भर के बाजारों पर असर डाला है। इस तनाव के कारण जहां निवेशक मंदी की आशंका जताते हुए किसी भी तरह का जोखिम लेने से बच रहे हैं, वहीं समय रहते बाजार से अपना पैसा निकालने की कोशिश में भी जुट गए हैं। यही वजह है कि ज्यादातर बाजारों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है और इक्का-दुक्का शेयर बाजारों को छोड़कर ज्यादातर बाजारों में कमजोरी बनी हुई है। भारत में भी शेयर बाजार वैश्विक माहौल के रुख को भांपते हुए कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव की वजह से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के साथ ही एनर्जी, टेक्सटाइल और ऑटो सेक्टर पर भी दबाव पड़ने की आशंका है। चीन और अमेरिका के बीच शुरू हुए इस तनाव के केंद्र में ताइवान के होने की वजह से इलेक्ट्रॉनिक तथा इलेक्ट्रिक गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सेमी कंडक्टर मार्केट में भी दबाव पड़ने की आशंका है। अहम बात तो ये है कि चीन और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े एक्सपोर्टर्स में से एक हैं। ऐसे में अगर इन दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति बढ़ती है या आगे चलकर युद्ध के हालात बनते हैं, तो पूरी दुनिया में मंदी आने की आशंका बन सकती है। यही कारण है कि अमेरिका और चीन के बीच के तनाव ने दुनिया भर के बाजारों को पहले ही सतर्क कर दिया है, ताकि रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए जंग के कारण अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में आई कमजोरी जैसी विपरीत परिस्थिति का दोहराव होने से बचा जा सके।

तिमाही नतीजों के बाद जोमैटो के शेयर में जोरदार उछाल

» नई दिल्ली, एजेंसी

खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले मंच जोमैटो के शेयरों में मंगलवार को शुरूआती कारोबार में जोरदार उछाल आया। कंपनी ने सोमवार को अपने जून तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध घाटा आधा होकर 186 करोड़ रुपये रह गया है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी को 360.7 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की आय बढ़कर 1,582 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले साल की समान तिमाही में 916.6 करोड़ रुपये रही थी। तिमाही नतीजों के बाद बीएसई में कंपनी का शेयर शुरूआती कारोबार में 10.67 प्रतिशत के लाभ के साथ 51.80 रुपये पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 10.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51.30 रुपये पर कारोबार कर रहा था।

स्पाइसजेट ने एएआई का सारा मूल बकाया चुकाया

नई दिल्ली, एजेंसी स्पाइसजेट ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ एक करार किया और हवाईअड्डा परिचालक का सारा मूल बकाया चुका दिया है। एयरलाइन कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि इसके साथ ही अब उसे एएआई द्वारा संचालित हवाईअड्डों पर ह्यकैश एंड कैरीह्ल मॉडल के तहत संचालन नहीं करना होगा। बल्कि अब वह दैनिक उड़ानों के परिचालन के लिए अग्रिम भुगतान व्यवस्था का अनुसरण करेगी। ह्यकैश एंड कैरीह्ल मॉडल के तहत किसी एयरलाइन को एएआई को विभिन्न प्रकार के शुल्कों का दैनिक आधार पर भुगतान करना होता है। स्पाइसजेट ने कहा कि अब एएआई उसकी 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी को भी जारी कर देगा। स्पाइसजेट को पिछले लगातार चार साल से नुकसान हो रहा है। एयरलाइन 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के वित्त वर्षों में क्रमशः 316 करोड़ रुपये, 934 करोड़ रुपये और 998 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। अप्रैल-दिसंबर, 2021 में एयरलाइन को 1,248 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। स्पाइसजेट ने अभी तक जनवरी-मार्च, 2022 के तिमाही नतीजों की घोषणा नहीं की है।

भारत में पेपरफ्राई ने ह्यबिग-बॉक्स आपूर्ति श्रृंखलाह्ल का निर्माण किया

» मुंबई, एजेंसी

भारत में पेपरफ्राई का सबसे बड़ा वेयरहाउस पडघा फुलफिलमेंट सेंटर 285000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में फैला हुआ है और उसमें करीबन 52 फीट ऊंचाई की सात मंजिले फर्नीचर से भरी हुई हैं। यह फुलफिलमेंट सेंटर भारत के पश्चिमी क्षेत्र में पेपरफ्राई परिचालन के केंद्र के रूप काम करता है। पड़घा वेयरहाउस स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स से संबंधित अत्याधुनिक बुनियादी सुविधाओं से लैस है। इसमें एक ऑटोमेटेड इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम है जो पेपरफ्राई को मुंबई और आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ रहे अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से सेवाएं देने में सक्षम बनाती है। प्रमुख हाईवे और परिवहन केंद्रों के करीब होने की वजह से यहां से ग्राहकों को ऑर्डर पहुंचाना आसान हो जाता है। पडघा से पेपरफ्राई के कुल ट्रैफिक में से 60 फीसदी को संभाला जाता है, जो हर दिन लगभग 2000 बॉक्सेस के बराबर है। जुलाई 2021 से जून 2022 के दौरान पेपरफ्राई के कुल आपूर्ति श्रृंखला व्यवसाय ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। 24 घंटे के भीतर 9.8 लाख शिपमेंट डिल्-

ीवर किए गए और ट्रांसपोर्ट में माल का नुकसान 2 फीसदी से कम रहा। डिलीवरी की समयसीमा को कम करने पर पेपरफ्राई लगातार ध्यान केंद्रित कर रहा है और पिछले 6 महीनों में उन्होंने ऑर्डर को पूरा करने में लगने वाले समय को 37 फीसदी तक कम करने में सफलता हासिल की है। पेपरफ्राई ने बिग-बॉक्स आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण किया है, जिसमें देश भर के 500 से ज्यादा शहरों में खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने का उनका इरादा है। पेपरफ्राई के प्लेटफा-ॅर्म पर 17,000 से अधिक उत्पाद हैं, और 10,000 पिन कोड को ऑर्डर्स पहुंचाई जाती हैं। 30 से ज्यादा वितरण केंद्रों और ग्राहकों के घरों तक डिलीवरी करने वाले 400 से ज्यादा ट्रकों के साथ पेपरफ्राई अपने ग्राहकों को खुशी और संतुष्टि प्रदान करने के लिए सदैव प्रयासशील रहता है। पेपरफ्राई ने बनाए हुए हब एंड स्पोक मॉडल ने थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स प्रदाताओं पर निर्भरता को कम करने और प्रति ऑर्डर लागत को कम करने में मदद की है।

वैश्विक दबाव के कारण लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स 58 हजार अंक से नीचे फिसला

» नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार चार कारोबारी दिन की मजबूती के बाद आज कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बिकवाली के दबाव की वजह से कमजोर होकर कारोबार करते नजर आ रहे हैं। लगातार जारी बिकवाली की वजह से सेंसेक्स 58 हजार अंक के दायरे से नीचे आ गया है, वहीं निफ्टी भी 17,300 अंक से नीचे लुढ़ककर कारोबार कर रहा है। शुरूआती कारोबार में दिग्गज शेयरों में से टाटा कंस्ट्रक्शन, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इंडसइंड बैंक के शेयरों में मजबूती नजर आ रही है। दूसरी ओर यूपीएल, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प, ओएनजीसी और लार्सन एंड टूब्रो जैसे शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 66.48 अंक की मामूली कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में ही सेंसेक्स गिरकर 58 हजार अंक के दायरे से नीचे चला गया। हालांकि इस स्तर पर खरीदारों ने बाजार को संभालने की कोशिश की, जिससे थोड़ी देर में ही सेंसेक्स मजबूत होकर हरे निशान में 58,147.04 अंक तक पहुंच गया। हालांकि शेयर बाजार की ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी, क्योंकि एशियाई बाजारों से मिल रहे नकारात्मक संकेतों की वजह से बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया। जिसकी वजह से ये सूचकांक तेजी से नीचे लुढ़कने लगा। लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 293.72 अंक की कमजोरी के साथ 57,821.78 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने आज 29.90 अंक की कमजोरी के साथ 17,310.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी में भी पहले बिकवाली का और उसके तुरंत बाद लिवाली का माहौल बनता दिखा। इस लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी सुधर कर 17,331.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार की ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी। लिवाली का जोर थोड़ा कमजोर पड़ते ही बिकवाल एक बार फिर बाजार पर हावी हो गए। इस बिकवाली के दबाव की वजह से निफ्टी को भी गोता लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 100.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार आज सपाट कारोबार करता नजर आया।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

» नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 रुपये प्रति बैरल से नीचे आ जाने के बावजूद देश में मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.71 प्रतिशत गिरकर 99.32 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.65 प्रतिशत के दबाव के साथ 93.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

ITR भरने के बाद इसे वेरिफाई करना भी जरूरी

» नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) फाइल करने की आखिरी तारीख बीत चुकी है। ऐसे में अगर आपने क्ळफ फाइल कर दिया है तो अब उसका वेरिफिकेशन भी जरूरी है। इसके बिना फॉर्म अधूरा माना जाता है। क्ळफ फाइल करने का अंतिम चरण फॉर्म सबमिट नहीं, वेरिफिकेशन होता है। आप ऑनलाइन ही इसका वैरिफिकेशन कर सकते हैं। हम आपको ऑनलाइन वेरिफिकेशन की प्रोसेस बता रहे हैं। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल को वेरिफाई करने के लिए पैन से आधार का लिंक होना जरूरी है। सबसे पहले ई-फाइलिंग पोर्टल i»»fcometÔx.gov.i»»f पर जाकर लॉगइन करें। इसके बाद आपको अगले पेज पर ऊपर की तरफ e-file का ऑप्शन मिलेगा। यहां आपको इनकम टैक्स रिटर्न सेक्शन में जाकर ई वेरिफाई रिटर्न को चुनना होगा। इसके बाद आपका जो भी रिटर्न फाइल हुआ होगा वो दिखने लगेगा। इसके बाद ई-वेरिफाई लिंक पर क्लिक करें और वेरिफाई रिटर्न यूजिंग आधार ळळढ ऑप्शन को चुनें। ऐसा करते ही आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा जिसके जरिए आप वेरिफिकेशन कर सकते हैं। आयकर विभाग की वेबसाइट पर इस वन टाइम पासवर्ड को डालने के बाद आप सबमिट बटन पर क्लिक करेंगे तो आपका क्ळफ वेरिफाई हो जाएगा।

30 दिन के अंदर वेरिफिकेशन करना जरूरी

बिना वेरिफिकेशन के इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रॉसेस को अधूरा माना जाता है। वेरिफिकेशन के बाद ही इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपके क्ळफ को प्रॉसेस करता है। इसके अलावा ITR को अगर वेरिफाई नहीं कराया गया तो आपका रिफंड अटक जाएगा। पहले

रिटर्न भरने के 120 दिनों तक वेरिफिकेशन करना होता था, लेकिन अब इस समय को घटाकर 30 दिन कर दिया गया है। अगर आप वेरिफिकेशन नहीं करते हैं तो आपका क्ळफ फाइल नहीं माना जाएगा। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की तारीख को एक्सटेंड नहीं किया है। क्ळफ दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई, 2022 थी। ऐसे में अगर आपने अब तक क्ळफ फाइल नहीं नहीं किया है तो इसके लिए आपको लेट फीस देनी होगी। अगर किसी इंडिविजुअल टैक्सपेयर की सालाना आय 5 लाख रुपए से ज्यादा है, तब उसे 5000 रुपए की लेट फीस देनी होगी। अगर टैक्सपेयर की ऐनुअल इनकम 5 लाख रुपए से कम है।

अगस्त में लॉन्च होने वाली कारे

नई दिल्ली, एजेंसी अगस्त का महीना ऑटोमोबाइल मार्केट के लिए अच्छा साबित होने वाला है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि भारतीय मार्केट में जल्द ही 2 रवश, हैचबैक और इलेक्ट्रिक सेडान लॉन्च होने वाली हैं। जबकि महिंद्रा 5 इलेक्ट्रिक SXUV पेश करने वाली है। कुल मिलाकर 9 नई कारें उतारी जाएंगी। इनमें सबसे सस्ती कार मारुति की ऑल्टो होगी जिसे थर्ड जेनरेशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा। तो चलिए सभी कार के बारे में जानते हैं.... अगस्त में सबसे पहले लॉन्च होने वाली कार हुंडई की टकसन SXUV होगी। 13 जुलाई को इस कार के न्यू जनरेशन मॉडल से पर्दा उठाया गया था और भारत में पहली बार इसका लॉन्ग व्हीलबेस मॉडल लॉन्च किया जाएगा। इसमें 2.0 लीटर पेट्रोल और डीजल इंजन के ऑप्शन मिलेंगे जिनके साथ ऑल व्हील ड्राइव सिस्टम का भी ऑप्शन दिया जाएगा। नई हुंडई टक्सन SXUV की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

द बॉडी शॉप ने नई स्किनकेयर रेंज लॉन्च की

मुंबई,एजेंसी। फूलों की तरह जिंदगी में खूबसूरती बिखेरने के लिए, ब्रिटेन के इंटरनेशनल पर्सनल केयर ब्रैंड बॉडी शॉप ने एडलवाइस फूलों से समाहित स्किनकेयर रेंज लॉन्च की है जिसे सभी उम्र एवं आयु के लोगों के इस्तेमाल के लिए बनाया गया है। एडलवाइस के फूल अपनी बेहतरीन एंटीऑक्सिडेंट खूबियों के लिए जाने जाते हैं। बॉडी शॉप ने इस रेंज में एडलवाइस फूल में पाई जाने वाली शक्तिशाली कुदरती प्राकृतिक सुरक्षा प्रणालियों को समेटा है। ब्रैंड ने इस प्रॉडक्ट को बेहद ठोस और फिर से इस्तेमाल की जाने वाली पैकिंग में पेश किया गया है। यह ब्रैंड के ह्यचेंजमेकिंग ब्यूटीह्ल की प्रतिबद्धता दोहराता है। वेगन प्रमाणित एडलवाइस के प्रॉडक्ट्स में एडलवाइस डेली सीरम कॉन्संरब्रॉड ट, एडलवाइस आईसीरम कॉन्संन्ट्रेट, एडलवाइस सीरम कॉन्संन्ट्रेट शीट मास्क,एडलवाइस बाउंसी जेली मिस्ट, एडलवाइस लिक्विड पीड,एडलवाइस क्लीजिंग कॉन्संन्ट्रेट और एडलवाइस स्मूथिंग क्रीम शीमिल है। रोजमर्रा की जिंदगी में हमें त्वचा का रूखापन, खुजली, लालिमा, जलन और मुहांसे जैसी 80 फीसदी परेशानियों से जूझना पड़ता है, जिससे हमारी त्वचा सुस्त, रूखी और थकी हुई दिखाई देती है। एडलवाइस की स्टेम कोशिकाओं और एडलवाइस फूल के तत्वों में त्वचा की खूबसूरती कायम रखने वाले एंटी ऑक्सिडेंट्स होते हैं। इन्हें जब प्राकृतिक मूल के पेप्टाइड्स से जोड़ा जाता है, तब यह त्वचा को बाहरी और हानिकारक प्रदूषण से बचाते हैं। बाजार में अधिकांश पेप्टाइड सिंथेटिक है, पर बॉडी शॉप के प्रॉडक्ट्स चावल से बने हैं, जो कुदरती मूल का विकल्प है। द बॉडी शॉप इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट विशाल चतुर्वेदी ने कहा, ह्लहम खूबसूरती को सेहतमंद बने रहने के नजरिये से से देखते हैं। यह दृष्टिकोण आत्मरक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा पर केंद्रित है। स्थायी, प्रभावी त्वचा की नैतिक रूप से देखभाल एक ऐसी चीज है, जो हमारे विश्वास की जड़ में है। हमारे लिए प्रॉडक्ट और उसे बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले तत्वों की समझ हमें उपभोक्ताओं की जरूरत की पहचान से मिली है। बॉडी शॉप की एडलवाइस स्किनकेयर रेंज सभी के लिए है यानी सभी आयुवर्ग और हर तरह की स्किन वाले व्यक्ति इसे प्रयोग कर सकते हैं। हम कुदरती मूल के साथ बिल्कुल नए नैतिक रूप से संसाधित प्रॉडक्ट्स को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं।

जियो 5G सर्विस रोलआउट को तैयार

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने भारत में अलग-अलग फ्रीक्वेंसी बैंड में अपनी 5ऋह्लनेटवर्क सेवाएं शुरू करने के लिए 5ऋह्लस्पेक्ट्रम हासिल कर लिया है। टेल्को ने सोमवार को बताया कि उसने दूरसंचार विभाग (DoT) की ओर से आयोजित नीलामी में 700टल्ल९, 800टल्ल९, 1800टल्ल९, 3300टल्ल९ और 26ऋह्ल९ बैंड में स्पेक्ट्रम हासिल किया है। रिलायंस इस स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल 20 साल तक कर सकेगा। इसके लिए उसने 88,078 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।26 जुलाई से शुरू हुई 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी सोमवार को समाप्त हो गई। 40 राउंड चली बोली में विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों ने बोली लगाई। एयरवेव्स की नीलामी से सरकार को 1,50,173 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। जियो ने कहा कि नेशन वाइड फाइबर प्रजेंस, ऑल-आईपी नेटवर्क, स्वदेशी 5ऋह्लटैक और टेक्नोलॉजी ईकोसिस्टम में स्ट्रॉन्ग ग्लोबल पार्टनरशिप के कारण कम से कम समय में 5ऋह्लरोलआउट के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सोने के दामों में गिरावट

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज, सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्ष्ख्रअ) की वेबसाइट के मुताबिक आज सोमवार को सरार्फा बाजार में सोना 61 रुपए सस्ता होकर 51,405 रुपए पर आ गया है। वहीं, वायदा बाजार यानी टउ पर दोपहर 1 बजे सोना 151 रुपए की गिरावट के साथ 51,475 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। अगर चांदी की बात करें तो सरार्फा बाजार में इसमें आज तेजी देखने को मिली है। ये आज 359 रुपए महंगी होकर 57,912 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। हालांकि, वायदा बाजार में इसमें गिरावट देखने को मिल रही है। टउ पर दोपहर 1 बजे ये 136 रुपए कमजोर होकर 58,234 रुपए पर ट्रेड कर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोना 1,766.47 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 20.21 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अभी सोने पर भले ही दबाव है, लेकिन यह धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। जैसे ही महंगाई और मंदी का जोखिम थोड़ा कम होगा, सोना एक बार फिर महंगा होने लगेगा। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 54 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा। इसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं।

ऑटो कंपनियों की बिक्री में उछाल

नई दिल्ली। जुलाई के महीने में देश की ज्यादातर ऑटो कंपनियों के व्हीकल्स सेल्स में ग्रोथ देखने को मिली है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी की कुल बिक्री जुलाई 2022 में 8.28% बढ़ी है। वहीं, टाटा मोटर्स की सेल्स में 51.12% की बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। तो आइए सभी ऑटो कंपनियों का जुलाई के महीने में परफॉर्मेंस कैसा रहा जानते हैं... मारुति सुजुकी की कुल बिक्री जुलाई, 2022 में 8.28% बढ़कर 1,75,916 यूनिट हो गई। इससे पिछले साल के इसी माह के दौरान कंपनी ने कुल 1,62,462 यूनिट्स बेची थीं। मारुति की डोमेस्टिक मार्केट में बिक्री पिछले महीने 6.82% बढ़कर 1,42,850 यूनिट पर पहुंच गई। जुलाई, 2021 में कंपनी ने डोमेस्टिक मार्केट में 1,33,732 पैसेंजर व्हीकल्स बेचे थे। व्हीकल कंपनी टाटा मोटर्स की कुल बिक्री जुलाई, 2022 में सालाना आधार पर 51.12% बढ़कर 81,790 यूनिट हो गई। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पैसेंजर व्हीकल्स की मजबूत मांग से बिक्री बढ़ी है। टाटा मोटर्स ने जुलाई, 2021 में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल मार्केट में कुल 54,119 यूनिट्स बेची थीं। बयान में कहा गया है कि पिछले महीने उसकी टोटल डोमेस्टिक सेल्स 52% बढ़कर 78,978 यूनिट हो गई है।

संक्षिप्त खबरें

सुले के खिलाफ 17 अगस्त को रिंग में वापसी करेंगे विजेंदर

मुंबई, एजेंसी भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह 17 अगस्त को रायपुर में घाना के एलियासु सुले के खिलाफ रिंग में वापसी करेंगे। यह उनका स्वदेश में छठा पेशेवर मुकाबला होगा। यह रायपुर में आयोजित होने वाला पहला पेशेवर मुकाबला होगा। ह्यपर्पल गोट स्पोर्टस्टेनमेंट एलएलपीह्न द्वारा आयोजित यह मुकाबला बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में होगा। विजेंदर ने बयान में कहा, ह्यह्यमैं इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैंने इसके लिये कड़ा अभ्यास किया है और यह जीत की राह पर लौटने का शानदार मौका होगा। मैं एलियासु सुले के खिलाफ रिंग में लौटने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।ह्नह्न उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं जानता हूं कि मैं क्या कर सकता हूं। मुझे विश्वास है कि मैं उसके विजय अभियान पर रोक लगा दूंगा।ह्नह्न सुले का उन आठ मुकाबलों में शत प्रतिशत नॉकआउट रिकॉर्ड है, जिसमें उन्होंने भाग लिया है और वह अपने विजय अभियान को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस मुकाबले को ह्यद जंगल रंबलह्न नाम दिया गया है जिसमें फैजान अनवर, सचिन नौटियाल, कार्तिक सतीश कुमार, आशीष शर्मा, गुरप्रीत सिंह और शेखोम रेबाल्डो भी अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ रिंग में उतरेंगे।

वेस्टइंडीज श्रृंखला से टी20 विश्व कप के लिए गेंदबाजी आक्रमण तय करने में मदद मिलेगी : म्हाम्ब्रे

बासेटेरे (सेंट किट्स), एजेंसी भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से टीम प्रबंधन को आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये गेंदबाजी आक्रमण तय करने में मदद मिलेगी। म्हाम्ब्रे ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्ययह (टी20) विश्व कप के लिए हमारी तैयारी का हिस्सा है। अभी हम विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं और युवाओं को मौका दे रहे हैं ताकि यह पता लगा सकें कि हमारे लिए कौन उपयोगी है। इस तरह से योजना बनाना आसान होता है।ह्नह्न म्हाम्ब्रे ने आवेश खान और अर्शदीप सिंह सहित टीम के युवा तेज गेंदबाजों और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ह्यह्यइन गेंदबाजों ने जो काबिलियत दिखाई उससे मैं बहुत खुश हूं। पिछले दो मैचों में अर्शदीप और आवेश ने दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी काबिलियत दिखाई जिससे मैं बहुत खुश हूं।ह्नह्न म्हाम्ब्रे ने कहा, ह्यह्यवे हर दिन कितना सीखना चाहते हैं और अपने खेल में सुधार करना चाहते हैं इससे मैं काफी प्रभावित हूं। जब आप कोच होते हैं तो संवाद दोतरफा होता है। इससे आपसी संवाद आसान हो जाता है।उन्होंने कहा, ह्यह्यहां हम भिन्न खिलाड़ियों के साथ अलग तरह की रणनीति अपनाते हैं। हमारे पास जसप्रीत बुमराह है जो यहां नहीं खेल रहे हैं। हमारे पास मोहम्मद शमी है। लेकिन मैं इसे युवा गेंदबाजों को खुद को साबित करने के मौके के रूप में देखता हूं। म्हाम्ब्रे ने 23 वर्षीय अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया था। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं लंबे समय विशेषकर आईपीएल से उनके प्रदर्शन पर गौर कर रहा हूं। उसकी सबसे बड़ी विशेषता दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की है। वह पहले पावरप्ले और फिर डैथ ओवरों में भी गेंदबाजी करता है।ह्नह्न

हमारे भारोत्तलकों ने राष्ट्रमंडल खेलों में असाधारण प्रदर्शन किया : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने पर भारोत्तलक हरजिंदर कौर को मंगलवार को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय भारोत्तलकों ने इन खेलों में असाधारण प्रदर्शन किया है। भारतीय भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार सफर को जारी रखते हुए सोमवार को यहां महिलाओं के 71 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यबर्मिंघम में हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में हमारे भारोत्तलकों ने असाधारण प्रदर्शन किया है। इसे जारी रखते हुए हरजिंदर कौर ने कांस्य पदक जीता। इस विशेष उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई। उन्हें भविष्य के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।ह्नह्न

नाइजीरिया को हराकर भारत राष्ट्रमंडल खेलों के पुरूष टीम टेटे के फाइनल में

बर्मिंघम, एजेंसी 9 दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज अरुणा कादरी पर शानदार जीत दर्ज की, जिससे भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों के टेबल टेनिस पुरुष टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में नाइजीरिया को 3-0 से शिकस्त दी। गत चैम्पियन भारत के सामने फाइनल में सिंगापुर की चुनौती होगी। जी साथियान और हरमीत देसाई की जोड़ी ने ओलाजाइड ओमोटायो और अबियोदुन बोडे के खिलाफ पहले युगल मुकाबले में सीधे गेम में जीत हासिल कर भारत को शानदार शुरुआत दिलायी। इसके बाद 40 वर्षीय शरत ने एकल मुकाबले में भारत को सबसे बड़ी जीत दिलायी। उन्होंने कादरी के खिलाफ 11-9, 7-11, 11-8, 15-13 जीत दर्ज की। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी जी साथियान ने ओमोटायो को 11-9, 4-11, 11-6, 11-8 से हराकर टीम को शानदार जीत दिलायी।

शतरंज ओलंपियाड : भारतीय महिला ए टीम ने हंगरी को हराया, तानिया सचदेव का जलवाइ

चेन्नई,एजेंसी तानिया सचदेव के एक कीमती अंक की बदौलत 44वां शतरंज ओलंपियाड में सोमवार को भारत ए ने महिला वर्ग के चौथे दौर के मैच में हंगरी के खिलाफ 2.5-1.5 से जीत दर्ज की। कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका और आर वैशाली के अपने-अपने मुकाबलों में ड्रॉ के साथ समाप्त होने के बाद, सचदेव ने जसोका गाल को हराया और निर्णायक अंक अर्जित किया। सचदेव ने मैच के बाद कहा, यह एक कठिन स्थिति थी और मुझे पता था कि हमारे दो बोर्ड ड्रॉ में समाप्त हो गए थे। हमारे पास एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी था और अब समय आ गया है कि हमें मजबूत टीमों से खेलना होगा। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें प्रतियोगिता के लिए तैयार रहने की जरूरत है। हम अगले मैच का इंतजार कर रहे हैं। भारत की महिला ए टीम के कोच अभिजीत कुंटे ने कहा, टीमें अच्छी तरह से संतुलित हैं और एक समय में एक राउंड लेना बहुत महत्वपूर्ण है। आज के सभी खेल अच्छी तरह से लड़े गए। 11वीं वरीयता प्राप्त भारतीय महिला बी टीम ने भी इसी तरह के 2.5-1.5 स्कोर के साथ एस्टोनिया को हराया।

मैकॉय के छह विकेट से वेस्टइंडीज ने भारत से श्रृंखला बराबर की

» सेंट किट्स एवं नेविस, एजेंसी

बायें हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय के छह विकेट के बाद ब्रेंडन किंग की अर्धशतकीय पारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां भारत को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। मैन ऑफ द मैच मैकॉय ने चार ओवर में 17 रन देकर छह विकेट लेते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज के किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। किंग ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद में आठ चौके और दो छक्कों से सजी पारी में 68 रन बनाये। आखिरी ओवरों में विकेटकीपर डेवन थॉमस ने 19 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेल वेस्टइंडीज को जीत दिलायी। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 138 रन पर आउट हो गयी। वेस्टइंडीज ने 19.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग और काइल मायर्स ने पावरप्ले में 46 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरूआत दिलायी। सातवें ओवर में हार्दिक ने हालांकि मायर्स की 14 गेंद में आठ रन की पारी को खत्म किया। किंग ने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर से कप्तान निकोलस पूरन (14) और शिमरोन हेटमायर (छह रन) को क्रमशः रविचंद्रन अश्विन (32 रन पर एक विकेट) और रविन्द्र जडेजा (16 रन पर एक विकेट) ने चलता किया। आवेश खान (31 रन पर एक विकेट) ने 16वें ओवर में किंग को बोल्ड कर भारत की वापसी करायी तो वहीं 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह (26 रन पर एक विकेट) ने रोवमैन पॉवेल (पांच रन) को बोल्ड कर मैच में रोमांच बढ़ा दिया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को 10 रन की जरूरत थी और कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद आवेश खान को थमाई। आवेश की पहली ही गेंद नो बॉल हो गयी और फिर फ्री हिट पर थॉमस ने छक्का और फिर दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले टीम ह्यकिटह्न के देर से आने के कारण मैच तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय टीम पूरी पारी के दौरान कभी लय हासिल नहीं कर सकी। रोहित (शून्य) मैच की पहली गेंद पर आउट हो गए। भारतीय बल्लेबाजों को यहां के वार्नर पार्क की पिच की गति और उछाल को समझने में काफी परेशानी हुई और मैकॉय ने अपनी विविधता का शानदार इस्तेमाल करते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी अतिरिक्त उछाल का बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। लगातार दूसरे मैच में पारी का आगाज करते हुए सूर्यकुमार यादव (11) ने मैकॉय के खिलाफ कवर्स के ऊपर से छक्का जड़ा लेकिन इसके तुरंत बाद विकेटकीपर को कैच थमा कर पवेलियन लौट गये। ऋषभ पंत अपनी पारी के दौरान प्रभावशाली दिख रहे थे और उन्होंने मैकॉय के खिलाफ डीप स्क्वायर लेग पर बड़ा छक्का भी लगाया। उन्होंने ओडीन स्मिथ के खिलाफ अपनी पारी का दूसरा छक्का जड़ा लेकिन बायें हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने 12 गेंद की उनकी 24 रन की पारी को खत्म किया। हरफनमौला हार्दिक (31 गेंद में 31) और जडेजा (30 गेंद में 27) ने इसके बाद पारी को संवारने की कोशिश की लेकिन दोनों की पांचवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी के दौरान रन गति कम रही। इस साझेदारी को जेसन होल्डर ने हार्दिक को आउट कर तोड़ा। इसके बाद मैकॉय ने अपने दूसरे स्पैल में जडेजा और दिनेश कार्तिक (07) को आउट कर भारत के बड़े स्कोर की उम्मीदों को तोड़ दिया। भारत ने 11 रन के अंदर आखिरी चार विकेट गंवा दिये। होल्डर ने 23 रन देकर दो विकेट लिये।

हरजिंदर ने भारोत्तोलन में कांस्य पदक जीता

» बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार सफर को जारी रखते हुए सोमवार को यहां महिलाओं के 71 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। हरजिंदर ने स्नैच में 93 और क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का भार उठाकर कुल 212 किग्रा भार के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण इंग्लैंड की साराह डेविस जबकि रजत कनाडा की एलेक्सिस एशवर्थ ने जीता। हरजिंदर का स्नैच में 90 किग्रा का पहला प्रयास विफल रहा लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने सफलता पूर्वक इसे उठाने के बाद तीसरे प्रयास में 93 किग्रा का भार उठाया। उन्होंने इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 113, 116 और फिर 119 किग्रा के भार को सफलता पूर्वक उठाया। इस स्पर्धा में साराह ने इन खेलों के तीन नये रिकॉर्ड बनाये। उन्होंने स्नैच में 103 और क्लीन एवं जर्क में 126 किग्रा के अलावा कुल 229 किग्रा वजन उठाकर नया रिकॉर्ड बनाया। ऐशवर्थ ने 214 (91 किग्रा और 123 किग्रा) का कुल वजन उठाया।

युवा खिलाड़ियों को मौका देना जारी रखेंगे : रोहित

» बासेटेरे (सेंट किट्स),एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह युवा गेंदबाजों का समर्थन करते रहेंगे और मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में उन्हें अपना कौशल दिखाने का मौका देते रहेंगे। रोहित की यह टिप्पणी वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान युवा आवेश खान को अंतिम ओवर देने के फैसले के बाद आई है। इस कम स्कोर वाले मैच में भारत को आखिरी ओवर में 10 रन का बचाव करना था लेकिन रोहित ने अनुभवी भुवनेश्वर कुमार की बजाय आवेश को गेंद थमा दी थी, जिनकी पहली गेंद नोबॉल होने के बाद अगली दो गेंदों पर छक्का और चौका लगा था। रोहित ने मैच के बाद कहा, ह्यह्ययह मौका देने से जुड़ा है। हम जानते हैं कि भुवनेश्वर क्या कर सकता है लेकिन अगर आप आवेश या अर्शदीप को मौका नहीं देंगे तो उन्हें पता नहीं चल पाएगा कि भारत के लिए डैथ ओवरों में गेंदबाजी करने के क्या मायने होते हैं।ह्नह्न उन्होंने कहा, ह्यह्यइन खिलाड़ियों ने आईपीएल में यह भूमिका निभाई है। यह केवल एक मैच की बात है। उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। उनका समर्थन करने और उन्हें मौका देने की जरूरत है। रोहित ने इसके साथ ही कहा कि भारतीय बल्लेबाज भले ही बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही वे अपनी पुरानी फॉर्म में लौट आएंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमने बहुत अधिक नहीं रन बनाए थे। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। लेकिन ऐसा होता है।ह्नह्न रोहित ने कहा, ह्यह्यमैं पहले भी कहता रहा हूं कि जब आप कुछ नया प्रयोग करने की कोशिश करते हैं तो वह हमेशा सफल नहीं होता। हम अपनी गलतियों पर गौर करेंगे और उन्हें सुधारने का प्रयास करेंगे।ह्नह्न वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय ने 17 रन देकर छह विकेट लिए जिससे भारतीय टीम 138 रन पर आउट हो गई। रोहित ने वेस्टइंडीज को आसानी से लक्ष्य तक नहीं पहुंचने देने के लिए अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की। भारतीय कप्तान ने कहा, ह्यह्यमुझे टीम पर गर्व है। जब आप इतने छोटे लक्ष्य का बचाव करने के लिए उतरते हैं तो यह आसान नहीं होता है। यह लक्ष्य 13-14 ओवरों में हासिल किया जा सकता है लेकिन हम उसे आखिरी ओवर तक ले गए। विकेट लेना महत्वपूर्ण था। हमने उसी अनुसार रणनीति बनाई थी और गेंदबाजों ने उस पर अमल भी किया। रोहित ने कहा, ह्यह्यमैं गेंदबाजों के प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन बल्लेबाजी में कुछ चीजें हैं जिन पर गौर करने की जरूरत है। मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि हम इसी तरह से बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे क्योंकि हम कुछ हासिल करना चाहते हैं। एक परिणाम अनुकूल नहीं रहने पर घबराने की जरूरत नहीं है। एक हार के बाद हम चीजों में बदलाव नहीं करने वाले हैं।ह्नह्न वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 141 रन बनाकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

भारत-वेस्टइंडीज तीसरा टी20 मैच डेढ़ घंटे देर से शुरू होगा

बासेटेरे (सेंट किट्स), एजेंसी क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के देर से छूटने के कारण तीसरा मैच डेढ़ घंटा देर से शुरू करने का फैसला किया है। तीसरा टी20 मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 (भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे) शुरू होना था लेकिन अब यह डेढ़ घंटे बाद स्थानीय समयानुसार 12:00 बजे (भारतीय समयानुसार रात 9:30) पर शुरू होगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बयान में कहा, ह्यह्यसोमवार को मैच शुरू होने में देरी के बाद दोनों टीमें तीसरे टी20 मैच को देर से शुरू करने पर सहमत हैं ताकि खिलाड़ियों को लगातार दिन मैच खेलने के कारण पर्याप्त विश्राम मिल सके। यह फैसला करने से पहले फ्लोरिडा में होने वाले लगातार दो मैचों पर भी विचार किया गया।ह्नह्न क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान से यह भी स्पष्ट हो गया कि आखिरी दो मैच फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। कुछ रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका में वीजा संबंधी समस्याओं के कारण इन मैचों को दूसरे स्थान पर कराया जा सकता है। खिलाड़ियों का सामान देर से पहुंचने के कारण दूसरा टी20 मैच दो घंटे देर से शुरू हुआ था।

वापसी पर पहला एकल मैच हारी वीनस

» वाशिंगटन, एजेंसी

वीनस विलियम्स की एक साल बाद एकल में वापसी सुखद नहीं रही और उन्हें यहां सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कनाडा की रेबेका मैरिनो से हार का सामना करना पड़ा। मैरिनो ने इस मैच में सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को 4-6, 6-1, 6-4 से हराया। यह पिछले साल अगस्त के बाद वीनस का पहला एकल मैच था। वीनस इस बीच कुछ युगल मैचों में खेली थी। उन्होंने विंबलडन में ब्रिटेन के जेमी मर्रे के साथ मिश्रित युगल में भाग लिया था जबकि बाद में अपनी छोटी बहन सेरेना के साथ अभ्यास किया था। महिला वर्ग के अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सिमोना हालेप आगे बढ़ने में सफल रही। पेगुला ने हमवतन अमेरिकी हैली बैप्टिस्ट को 6-2, 6-2 से जबकि हालेप ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-3, 7-5 से हराया।

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हरजिंदर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

» नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारोत्तलक हरजिंदर कौर को राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने पर मंगलवार को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय भारोत्तलकों ने इन खेलों में असाधारण प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि कई बाधाओं को पार करके इस मुकाम पर पहुंची हरजिंदर की कहानी सभी के लिये प्रेरणादायी है। मुर्मू ने ट्वीट किया, ह्यह्यहरजिंदर कौर को राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। वह अपनी जिंदगी के कई बाधाओं को पार करके इस मुकाम पर पहुंची। यह सभी के लिए बेहद प्रेरणादायी कहानी है। आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं।ह्नह्न भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार सफर को जारी रखते हुए सोमवार को यहां महिलाओं के 71 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलकों के प्रदर्शन की सराहना की। मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यबर्मिंघम में हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में हमारे भारोत्तलकों ने असाधारण प्रदर्शन किया है। इसे जारी रखते हुए हरजिंदर कौर ने कांस्य पदक जीता। इस विशेष उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई। उन्हें भविष्य के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच इसी

» एजेंसी

भारत और पाकिस्तान इसी महीने टी-20 मैच खेलेंगे। क्ढउ ने एशिया कप का शेड्यूल जारी किया है। इसके मुताबिक ग्रुप ए के मुकाबले में भारत और पाकिस्तान का मैच होगा। यह मैच 28 अगस्त को दुबई में शाम 6 बजे से खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर को खेला जाएगा। इससे पहले भारत और पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में भिड़े थे। 24 अक्टूबर 2021 को खेले गए इस मुकाबले में भारत को पाकिस्तान ने 10 विकेट से हराया था। इस बार इंडिया के पास टी-20 वर्ल्ड कप में मिली हार का बदला लेने का मौका होगा। एशिया कप टी-20 टूनार्मेंट की शुरूआत 27 अगस्त से होगी।

भारत 7 बार बना है चैंपियन

भारतीय टीम अब तक इस टूनार्मेंट के 13 संस्करणों में हिस्सा ले चुकी है और सबसे ज्यादा सात बार चैंपियन रही है। इसके अलावा टीम तीन बार फाइनल तक तो पहुंची, लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। श्रीलंकाई टीम पांच बार चैंपियन बनी है और छह बार रनर अप रही है। पाकिस्तान की टीम ने दो बार यह खिताब जीता है।एशिया कप क्वालिफायर के मुकाबले 21 अगस्त से शुरू होंगे। इसमें वअए, ओमान, नेपाल, हॉन्गकॉन्ग सहित अन्य टीमें उतरेंगी। इसमें से एक टीम मेन ड्रॉ के लिए क्वालिफाई करेगी। मेन ड्रॉ में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को पहले ही जगह मिल चुकी है। अंतिम बार एशिया कप के मुकाबले 2018 में वअए में कराए गए थे। पहले यह मेगा इवेंट श्रीलंका में होने वाला था, लेकिन वहां के हालात खराब होने के कारण इस टूनार्मेंट को ऐन मौके पर यूएई शिफ्ट किया गया। हालांकि यहां पर भी इस टूनार्मेंट का होस्ट श्रीलंका क्रिकेट ही रहेगा।

पिछला एशिया कप भारत ने जीता था

इस बार एशिया कप 20-20 ओवर का खेला जा रहा है। पिछली बार 2018 में 50-50 ओवर के मुकाबले खेले गए थे। खिताब भारत ने जीता था। फाइनल में बांग्लादेश ने 223 रन का टारगेट दिया था। इसे भारत ने 50 ओवर में हासिल कर लिया था। पहली बार 2016 में टी-20 फॉर्मेट में इसका आयोजन कराया गया था। भारत 7 बार एशिया कप का खिताब जीत चुका है।

संक्षिप्त खबरें

न्यूजीलैंड में 7,113 नए कोविड मामले

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 7,113 नये मामले दर्ज किये गये हैं जबकि 33 लोगों की इस बीमारी से मौत हो गयी। न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक नए कोविड-19 मामलों से जुड़े 275 लोगों ने हाल ही में विदेश यात्रा की है। देश में अभी 738 सक्रिय मामले हैं जिनके मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है। इनमें 15 मरीज आईसीयू में हैं। वर्ष 2020 की शुरुआत में देश में महामारी की चपेट में आने के बाद से संक्रमितों की कुल संख्या 16,16,109 हो गयी है। वहीं 1563 लोग इस बीमारी से अपनी जान गंवा चुके हैं।

लीबिया में टैंकर में आग से नौ की मौत, 76 घायल

काहिरा। लीबिया में सोमवार को ईंधन टैंकर में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 76 से अधिक घायल हो गए। सरकारी लीबिया न्यूज एजेंसी की खबर के मुताबिक यह घटना मध्य लीबिया के बेंत बय्या शहर में हुई, जब आग लगने से पहले टैंकर पलट गया। एजेंसी के अनुसार स्थानीय लोग संभावित आग लगने और धमाके की चेतावनियों को दरकिनार करते और पेट्रोल एकत्रित करने के कारण बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। नजदीकी सभा शहर में सरकारी चिकित्सा केंद्र की प्रवक्ता हलीमा अल-महरी ने बताया कि अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया है। अल-महरी ने बताया कि कम से कम 16 गंभीर रूप से घायलों को राजधानी त्रिपोली और पूर्वी बेंगाजी शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने फुटेज जारी की है जिसमें लोगों को आपातकालीन वार्ड में आग से झुलसने का इलाज कराते हुए देखा गया।

मध्य प्रदेश के अस्पताल में आगः पांच घायलों की हालत स्थिर

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक निजी अस्पताल में सोमवार को लगी भीषण आग में घायल हुए पांच लोगों की हालत स्थिर है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शहर के दमोह नाका के पास न्यू लाइफ स्पेशियलिटी अस्पताल में सोमवार दोपहर को हुए इस हादसे में चार महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी और पांच लोग घायल हो गए थे। जबलपुर के जिलाधिकारी इलैयाराजा टी ने बताया, यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज में उपचार करा रहे दो लोगों सहित पांचों घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने सोमवार को कहा था कि पांच घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें जबलपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में आग लगने से कारण जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें अस्पताल के तीन कर्मचारी हैं। इनकी पहचान महिमा जाटव (23), स्वाति वर्मा (24) और वीर सिंह (30) के रूप में हुई है। चार अन्य मृतकों की पहचान दुर्गेश सिंह (42), तन्मय विश्वकर्मा (19), सोनू यादव (26) और अनुसूया यादव (55) के तौर पर हुई है जबकि एक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के संभागीय आयुक्त को हादसे की जांच करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग की लपटें भूतल से शुरू हुई और फिर उन्होंने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

अमेरिकी ड्रोन हमले में अलकायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी ढेर

वाशिंगटन, एजेंसी

अफगानिस्तान में अमेरिकी हवाई हमले में अल-कायदा का सरगना अयमान अल-जवाहिरी मारा गया। अमेरिका पर 9/11 को हुए हमलों की साजिश अल-जवाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को यूएस नेवी सील्स ने दो मई 2011 को पाकिस्तान के एबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था।

जवाहिरी अमेरिकी कार्रवाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में शनिवार शाम किए गए ड्रोन हमले में जवाहिरी मारा गया। जवाहिरी काबुल स्थित एक मकान में अपने परिवार के साथ छिपा था। राष्ट्रपति ने कहा, न्याय हुआ और यह आतंकवादी मारा गया। मिस्र के 71 वर्षीय सर्जन जवाहिरी पर 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम था। उसने पहले बिन-लादेन की छत्रछाया में काम किया और बाद में उसके उत्तराधिकारी के तौर पर अल कायदा की बागडोर संभाली। 2011 में लादेन के मारे जाने के करीब 11 साल बाद जवाहिरी मारा गया। बाइडन ने व्हाइट हाउस में सोमवार की शाम एक संबोधन में कहा, मैंने ही उस हमले की अनुमति दी थी, ताकि उसे हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, जवाहिरी एक मकान की बालकनी में था, तभी ड्रोन से उस पर दो मिसाइल दागी गईं। उसके परिवार के बाकी सदस्य भी वहां मौजूद थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई है केवल जवाहिरी मारा गया है। बाइडन ने कहा, 9/11 हमलों की साजिश रचने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी..अमेरिकी सरजमीं पर किए सबसे घातक इस हमले में 2,977 लोग मारे गए थे। दशकों तक उसने अमेरिकियों के खिलाफ कई हमलों की साजिश रची। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, अब, न्याय हुआ और यह आतंकवादी सरगना मारा गया है। दुनिया को अब इस दरिंदे हत्यारे से डरने की जरूरत नहीं है। सीएनएन ने बाइडन के हवाले से कहा, अमेरिका उन लोगों से अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। हम आज एक बार फिर यह स्पष्ट करते हैं कि भले ही कितना ही समय लग जाए, भले ही तुम कहीं भी छिपे हों, अगर तुम हमारे लोगों के लिए खतरा हो तो अमेरिका तुम्हें ढूंढेगा और तुम्हारा खात्मा करेगा।

बाइडन ने कहा कि यह हमला अमेरिकी खुफिया समुदाय की असाधारण दृढ़ता और कौशल का ही परिणाम है। उन्होंने कहा, हमारे खुफिया विभाग को इस साल की शुरूआत में जवाहिरी का पता चला था.. वह अपने परिवार से मिलने काबुल गया था। बाइडन ने कहा कि 2001 के हमले का शिकार बने लोगों के परिवार वालों को आखिरकार अब सुकून मिला होगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2000 में अदन में यूएसएस कोल पर आत्मघाती बमबारी सहित जवाहिरी ने कई अन्य हिंसक घटनाओं की भी साजिश रची थी। यूएसएस कोल पर हुए हमले में अमेरिका के 17 नौसैनिक मारे गए थे।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के करीब 11 महीने बाद एक महत्वपूर्ण आतंकवाद रोधी अभियान में अमेरिका ने यह सफलता हासिल की है। अफगानिस्तान में युद्ध के बाद करीब दो दशक तक अपने सैनिकों को देश में रखने के बाद अमेरिका ने 11 महीने पहले उन्हें वापस बुला लिया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जवाहिरी मिस्र के एक प्रतिष्ठित परिवार से नाता रखता था। उसके दादा रबिया अल-जवाहिरी काहिरा के प्रतिष्ठित अल-अजहर विश्वविद्यालय में इमाम थे। उसके एक रिश्तेदार अब्देल रहमान आजम अरब लीग के पहले सचिव थे। जवाहिरी ने 1998 में केन्या और तंजानिया में अमेरिकी दूतावासों पर हुए हमलों को अंजाम देने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। सितंबर 2014 में, जवाहिरी ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में पनाहगाहों का फायदा उठाते हुए भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के गठन की घोषणा की थी। जवाहिरी ने तब कहा था, अल-कायदा की एक नई शाखा भारतीय उपमहाद्वीप में कायदा अल-जिहाद का गठन, जिहाद का झंडा ऊंचा करने और भारतीय उपमहाद्वीप में इस्लामी शासन वापस लाने के लिए किया गया है। इस बीच, तालिबान के एक प्रवक्ता ने जवाहिरी की हत्या करने के लिए चलाए गए अमेरिकी अभियान को अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया। बीबीसी ने प्रवक्ता के हवाले से कहा, इस तरह की कार्रवाइयां पिछले 20 साल के असफल अनुभवों को दोहराती हैं और अमेरिका, अफगानिस्तान तथा क्षेत्र के हितों के खिलाफ हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, काबुल शहर के शेरपुर इलाके में एक मकान पर 31 जुलाई को हवाई हमला किया गया। उन्होंने कहा, घटना के बारे में पहले स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई थी। बाद में इस्लामिक अमीरात के सुरक्षा एवं खुफिया विभागों ने घटना की जांच की और प्राथमिक जांच में पता चला है कि एक अमेरिकी ड्रोन ने यह हवाई हमला किया। जवाहिरी की 1997 में मिस्र के शहर लक्सर में विदेशी पर्यटकों पर हुए हमलों में भी संलिप्तता थी, जिसमें 62 लोग मारे गए थे। मिस्र की एक सैन्य अदालत ने 1999 में उसे मौत की सजा सुनाई थी। सुनवाई के दौरान जवाहिरी मौजूद नहीं था।

सिंगापुर सरकार ने राजपक्षे को कोई विशेष लाभ व छूट नहीं दीः मंत्री

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने कहा कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को उनकी सरकार ने कोई विशेष लाभ, छूट या आतिथ्य-सत्कार नहीं दिया है। गोटबाया उनकी सरकार के खिलाफ श्रीलंका में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बीच पिछले महीने देश छोड़कर सिंगापुर आए थे। वह 13 जुलाई को मालदीव पहुंचे और वहां से अगले दिन सिंगापुर आए। सिंगापुर में निजी यात्रा पर प्रवेश की अनुमति दिए जाने के बाद 73 वर्षीय गोटबाया ने संसद के अध्यक्ष को 14 जुलाई को अपना इस्तीफा ई-मेल कर दिया था।

बालाकृष्णन ने विपक्षी ह्यवर्कर्स पार्टीह्न के सदस्य एवं सांसद गेराल्ड गियाम के एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, सिंगापुर सरकार किसी पूर्व राष्ट्राध्यक्ष या किसी सरकार के पूर्व प्रमुख को कोई विशेष लाभ, छूट और आतिथ्य-सत्कार नहीं देती है। उन्होंने कहा, इसी तरह, पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को भी कोई विशेष लाभ, छूट या आथित्य-सत्कार नहीं दिया गया।

सत्तारूढ़ पीपल्स एक्शन पार्टी के सदस्य एवं सांसद यिप योन वेंग ने चिंता जताई कि सिंगापुर राजनीतिक भगोड़ों के लिए पनाहगाह न बन जाए, इसके जवाब में गृह एवं विधि मंत्री के. षण्मगुगम ने कहा, जिन विदेशी नागरिकों के पास वैध दस्तावेज हैं और जो देश में प्रवेश संबंधी अनिवार्यताओं को पूरा करते हैं, उन्हें ही सिंगापुर में आने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, हमारे पास हमारे राष्ट्रहित के मद्देनजर किसी भी विदेशी को प्रवेश न देने का अधिकार है।

उन्होंने कहा, यदि सिंगापुर आने वाला कोई विदेशी नागरिक अपने देश की सरकार के लिए वांछित है और उसकी सरकार उसे प्रत्यर्पित करने का आग्रह करती है, तो सिंगापुर सरकार अपने कानून के अनुसार उस सरकार की मदद करेगी। राजपक्षे को सिंगापुर द्वारा एक नया वीजा जारी किया गया है, जिससे देश में उनका प्रवास 11 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।

लाल किले से संसद तक सांसद निकालेंगे तिरंगा बाइक रैली

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने बुधवार को सांसदों के लिए तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के सांसदों से इस रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है ना कि भाजपा की ओर से। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया और उन्हें सुबह साढ़े आठ बजे लाल किला पहुंचने को कहा। संसदीय दल की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर नौ अगस्त से 15 अगस्त के बीच आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान पर खासा जोर दिया और भाजपा सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया। नड्डा ने हर घर तिरंगा अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए पार्टी नेताओं से सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच प्रभात फेरी निकालने और पार्टी की युवा शाखा के नेताओं से बाइक के जरिए तिरंगा यात्रा निकालने को कहा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से अपने घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच तिरंगा लगाने का आग्रह किया है।जोशी ने कहा कि पार्टी के नेता 11 से 13 अगस्त तक बूथ स्तर तक प्रभात फेरी निकालेंगे और इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन रघुपति राघव राजा राम और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन करेंगे। नड्डा ने अपने संबोधन में सांसदों से कहा कि इन कार्यक्रमों के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और उन बूथों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने का कहा, जहां पिछले चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन-अमेरिका आमने-सामने

वाशिंगटन/बीजिंग, एजेंसी

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर चीन और अमेरिका आमने-सामने आ गये हैं। चीन ने अमेरिका को अप्रत्याशित अंजाम की धमकी दी है तो अमेरिका ने चीन को चेतावनी देते हुए कहा है कि नैंसी को ताइवान जाने का पूरा अधिकार है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी एशियाई देशों की यात्रा पर हैं और सिंगापुर पहुंच चुकी हैं। वाशिंगटन से सैन्य विमान सी-40सी से रवाना हुए पेलोसी के सिंगापुर से ताइवान पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। वे मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान भी जाएंगी। माना जा रहा है कि वे ताइवान में एक दिन रुक कर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। ताइवान के जिन लोगों से पेलोसी को मिलना है, उन्हें इसकी सूचना दे दी गयी है। ताइवान में उनकी सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किये गए हैं। ताइवान के पास तैनात एक अमेरिकी रक्षा पोत ने पेलोसी के विमान को ताइवान में सुरक्षित उतारने की तैयारी की है। पेलोसी की ताइवान यात्रा का चीन विरोध कर रहा है। दरअसल, चीन ताइवान को अपना स्वशासित क्षेत्र मानता है और वह नहीं चाहता है कि पेलोसी वहां जाएं। पेलोसी पिछले 25 सालों में ताइवान जाने वाली पहली शीर्ष अमेरिकी अधिकारी होंगी। इस पर चीन के राष्ट्रपति पिछले सप्ताह स्वयं ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को फोन कर आपत्ति जता चुके हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा है कि वह अमेरिका को फिर चेतावनी देते हैं कि यदि पेलोसी ताइवान पहुंचीं तो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) चुपचाप नहीं बैठेगी।

चीन ने इस संबंध में अमेरिका को कड़ा विरोध पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका गलत रास्ते पर अडिग रहा तो हम अपनी संप्रभुता और सुरक्षा की खातिर कड़े कदम उठाएंगे। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक जॉन किर्बी ने भी चीन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ताइवान यात्रा पर जाने का फैसला प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष का है। अमेरिका इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं बर्दाश्त करेगा।

पीटीआई विदेशी फंडिंग मामले में दोषी

पाकिस्तान चुनाव आयोग का फैसला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने निषिद्ध फंडिंग मामले में मंगलवार को अपने सर्वसम्मत फैसले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को विदेश से प्रतिबंधित धन प्राप्त करने का दोषी ठहराया।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आज अपने फैसले में यह घोषणा की। ईसीपी के फैसला सुनाए जाने की घोषणा से पहले फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि पीटीआई को अबराज के संस्थापक आरिफ नकवी से संबंधित वूटन क्रिकेट क्लब से धन प्राप्त हुआ था और यह धन एक चैरिटी मैच के माध्यम से अर्जित किया गया था।

एफटी रिपोर्ट ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) को राजनीतिक सज्जा प्रदान किया और उन्होंने पीटीआई के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर द्वारा 2014 में दायर किए गए मामले में फैसले की जल्द घोषणा की मांग की। रिपोर्ट के मुताबिक बाबर ने खान को बार-बार समझाया कि पीटीआई के कुछ शीर्ष नेता वित्तीय गड़बड़ी में शामिल थे। इसके बावजूद पीटीआई अध्यक्ष ने उनकी तरफ से आंखें मूंद लीं और अंततः पूर्व-पीटीआई नेता ने पाकिस्तान चुनाव आयोग के समक्ष यह मामला उठाया। सूत्रों ने यह भी कहा कि यदि पीटीआई सीईसी के खिलाफ जाएगी तो वह केवल खुद को ही नुकसान पहुंचाएगी।

क्योंकि कुछ मामले जो पहले जनता की नजरों के सामने नहीं आए थे वे भी सुनवाई के दौरान सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि ईसीपी एक संवैधानिक संस्था है और हर हालत में संवैधानिक रास्ते पर चलती रहेगी।

हक्कानी नेटवर्क ने काबुल में एक सुरक्षित मकान में जवाहिरी के होने की बात छिपाई : खबर

न्यूयॉर्क, प्रात : किरण संवाददाता

आतंकवादी संगठन हक्कानी नेटवर्क ने इस बात को छिपाने की कोशिश की कि अल-कायदा सरगना अयमान अल-जवाहिरी काबुल में एक सुरक्षित मकान में है। मीडिया की कुछ खबरों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। काबुल के इसी मकान पर अमेरिकी ड्रोन हमले में जवाहिरी (71) मारा गया।

अमेरिका पर 9/11 को हुए हमलों की साजिश अल-जवाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को अमेरिका ने 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था। जवाहिरी अमेरिकी कार्रवाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को घोषणा की कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में शनिवार शाम किए गए ड्रोन हमले में जवाहिरी मारा गया। जवाहिरी काबुल स्थित एक मकान में अपने परिवार के साथ छिपा था। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, अमेरिकी ड्रोन हमले के बाद, आतंकवादी संगठन हक्कानी नेटवर्क के सदस्यों ने यह बात छिपाने की कोशिश की कि अल-कायदा सरगना अयमान अल-जवाहिरी काबुल के उसी मकान में था और उसने इस जगह तक लोगों की पहुंच भी प्रतिबंधित कर दी थी। यह मकान कथित तौर पर तालिबान के शीर्ष सरगना सिराजुद्दीन हक्कानी के एक शीर्ष सहयोगी का है।

खबर में प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया कि एक अमेरिकी विश्लेषक के अनुसार, जिस मकान पर हमला किया गया, उसका मालिक सिराजुद्दीन हक्कानी का एक शीर्ष सहयोगी है, सिराजुद्दीन हक्कानी अफगानिस्तान की तालिबान सरकार में गृह मंत्री है। हक्कानी नेटवर्क का गठन जलालुद्दीन हक्कानी ने किया था, यह एक आतंकवादी संगठन है।

सोवियत संघ की सेना के खिलाफ युद्ध के दौरान जलालुद्दीन हक्कानी अफगानिस्तान के एक विद्रोही कमांडर के रूप में उभरा था। खबर के अनुसार, अमेरिका के पास कई खुफिया जानकारियां हैं जिनसे इस बात की पुष्टि होती है कि हवाई हमले में जवाहिरी मारा गया। ऐसा कहा जाता है कि जवाहिरी काफी समय से पाकिस्तान में था। खबर में अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया, वह काबुल में मारा गया, यह न केवल दोनों देशों के बीच सीमा पर लचर व्यवस्था, बल्कि अल-कायदा द्वारा दशकों से किए जा रहे दोनों देशों की मकानों, इमारतों और परिसरों के इस्तेमाल को दशार्ता है। खबर के अनुसार, अमेरिकी खुफिया सूत्रों को इस साल की शुरूआत में अल-जवाहिरी की पत्नी, बेटी और नाती-पोते के काबुल के एक मकान में पहुंचने की जानकारी मिली थी। खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को धीरे-धीरे अल-जवाहिरी के भी उसी मकान में होने की पुष्टि होती गई।

जैसा कि उन्होंने लादेन के खिलाफ कार्रवाई में भी किया था, खुफिया अधिकारियों ने विभिन्न तरीकों और स्त्रोतों के जरिए उसके वहां मौजूद होने की पुष्टि की। जवाहिरी की मौत के साथ ही अब 11 सितंबर 2001 को अमेरिका पर हुए हमलों के सभी प्रमुख साजिशकर्ता या तो मारे गए हैं या कैद में हैं।

अमेरिका का दावा है कि तालिबान ने अल-जवाहिरी को देश में पनाह देकर शांति समझौते का उल्लंघन किया है। वहीं, तालिबान का कहना है कि अमेरिका ने हवाई हमला कर शांति समझौते का उल्लंघन किया।

आयोजन | तिरंगा यात्रा में जवानों, स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं आदि ने हिस्सा लिया।

आईटीबीपी ने अरुणाचल के सुदूर सीमावर्ती इलाके में तिरंगा यात्रा का किया आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत तिब्बत सीमा पुलिस ने अरुणाचल प्रदेश के दिरांग के सुदूर क्षेत्र पश्चिम कामेंग जिला में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस तिरंगा यात्रा में जवानों, स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं और बड़ी संख्या में महिलाओं और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। दिरांग क्षेत्र की जनता का देश प्रेम और तिरंगा के प्रति समर्पण अप्रतिम रहा है। राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लिए और नारों के साथ ये लोग शहर के सभी प्रमुख स्थानों और रास्तों पर गये। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडेय ने बताया कि दिरांग बस्ती और बाजार क्षेत्र से गुजरते हुए बड़ी संख्या में लोग भी रैली में शामिल हुए और अपने घरों से हाथ हिलाकर और नारे लगाकर एक मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आईटीबीपी की चौथी बटालियन को अरुणाचल प्रदेश के तवांग और पश्चिम कामेंग जिलों के सुदूर, ऊंचाई वाले, उबड़-खाबड़ और अति दुर्गम इलाकों में सीमा सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। इसके तैनाती वाले इलाकों में सर्दियों में भारी बर्फबारी और बारिश के मौसम में लगातार बारिश और भूस्खलन की स्थिति होती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में हर मौसम में सड़क संपर्क और संचार सुविधाओं का अभाव हिमवीर की कठिनाइयों को कई गुना बढ़ा देता है। इसके बावजूद जवान अपनी ड्यूटी के अलावा चौथी बटालियन आईटीबीपी के हिमवीर हमेशा विभिन्न नागरिक कार्रवाई कार्यक्रम, सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम, बचाव कार्यों के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया, अग्निशमन अभियान, स्वच्छता अभियान आदि आयोजित करके क्षेत्र की स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उल्लेखनिय है कि 13 से 15 अगस्त तक क्षेत्र के नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने का आज का अभियान आईटीबीपी के इस प्रकार के जागरूकता अभियानों की दिशा में एक और कदम था। इस तिरंगा यात्रा की पहल का उद्देश्य देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

केरल में मंकीपॉक्स का पांचवां मामला सामने आया

तिरुवनंतपुरम। केरल में पिछले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा 30 वर्षीय एक व्यक्ति मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया है, जिसके साथ ही राज्य में इस वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि व्यक्ति 27 जुलाई को कालीकट हवाई अड्डे पर विमान से उतरा था और मलप्पुरम जिले में एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मंत्री ने कहा कि उसकी हालत स्थिर है। व्यक्ति के माता-पिता और उसके संपर्क में आए अन्य लोगों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह राज्य में मंकीपॉक्स का पांचवां मामला है। मंत्री ने कहा कि मंकीपॉक्स के पहले रोगी को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है और अन्य की हालत स्थिर है।

बंगाल के मंत्री केन्द्रीय मंत्री के फोन नहीं उठाते, बात नहीं करते

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में आज केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक के साथ सदन में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के मंत्री जरूरी फोन नहीं उठाते और बात तक नहीं करते हैं।

प्रश्नकाल में प्रधानमंत्री दक्ष योजना के बारे में एक सवाल में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य एस के आहलूवालिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार विलासिता में डूबी हुई है और विकास योजनाओं को लेकर हमारा (केन्द्र सरकार का) सहयोग नहीं कर रही है। इस कारण उनका जिला दक्ष योजना में शून्य पर है।

सवाल के जवाब में सुश्री भौमिक ने कहा, जिलाधिकारी क्या, मंत्री को दस दस बार फोन करें तो वे फोन नहीं उठाते हैं और उनके सहायक लोग मंत्री का फोन नंबर देने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि स्वरोजगार के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जाये। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस योजना में 32 प्रकार की विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सरकार आदिवासियों, दलितों, घूमंतू जातियों आदि सभी पिछड़े एवं वंचित वर्गों को प्रशिक्षित करके रोजगार से जोड़ना चाहती है। सरकार इसके लिए प्रचार माध्यम से जागरूकता अभियान चलाती है।

सुश्री भौमिक के जवाब का तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने विरोध करते हुए आरोप को गलत बताया और केन्द्रीय मंत्री के रवैये पर सवाल उठाये।

इसके बाद श्री अधीर रंजन चौधरी ने भी कहा कि उनके मुर्शिदाबाद में भी दक्ष योजना में एनरोलमेंट शून्य है जबकि जिले की आबादी 80 लाख के करीब है। लेकिन यह सही बात है कि कोई अधिकारी कोई मंत्री फोन नहीं उठाते हैं और बात नहीं करते हैं। ये उनकी आदत बन गयी है। इस पर सुश्री भौमिक ने कहा कि मुर्शिदाबाद से इच्छुक लोगों का ऑनलाइन आवेदन कराया जा सकता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555